



# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित


www.jagruktimes.co.in

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-245 ▶ मुंबई, गुरुवार, 3 अप्रैल 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य ₹4








# 'वक्फ बिल' लोकसभा में पास

## आज राज्यसभा में पेश होगा बिल

▶▶ कांग्रेस पर खूब बरसे सत्ता पक्ष के सांसद



**नई दिल्ली।** लोकसभा में वक्फ (संधोधन) विधेयक बुधवार को ध्वनिमत से पारित हो गया। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने आज लोकसभा में बिल पेश किया। दोपहर करीब सवा बारह बजे ससंद में इस बिल पर बहस शुरू हुई। जिस पर मैराथन चर्चा चली। विपक्ष ने इस बिल का पुरजोर विरोध किया। जबकि सत्ता पक्ष की ओर से बिल के फायदे गिनाए गए। बहस के दौरान कई बार सांसदों में तीखी नोंकझोक भी हुई तो कई मर्तबा सदन ठहाकों से गूंज उठा।

### फायदा चार साल में दिखने लगेगा : शाह

गृह मंत्री ने कहा कि वक्फ बिल वक्फ की जमीन के रखरखाव के लिए है। अगले चार साल सभी मुस्लिम समझ जाएंगे इस बिल का क्या फायदा होगा। लेकिन विपक्ष इस बिल को लेकर अफवाह फैला रहा है। इस बिल को लेकर मुस्लिम भाइयों डराया जा रहा है। इस दौरान फिर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अपनी संपत्ति का दान किया जाता है, सरकारी जमीन का नहीं, मंदिर या मस्जिद और चर्च सरकारी जमीन पर नहीं बन सकते हैं।

### लोकसभा में मैराथन बहस

## वक्फ में कोई गैर मुस्लिम नहीं होगा : शाह



▶▶ सदन में शाह की तगड़ी दलीलें
▶▶ विपक्ष ने किया बिल का विरोध

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन बिल बुधवार को लोकसभा में पेश हो गया। सदन में पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने जमकर दलीलें दीं। सरकार की ओर पक्ष रखते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मुझे लगता है कि या तो निर्दोष भाव से या राजनीतिक कारणों से ढेर सारी भ्रांतियां सदस्यों के मन में भी हैं और इन्हें फैलाने का प्रयास भी हो रहा है। गृह मंत्री ने कहा कि वक्फ में धार्मिक क्रियाकलाप चलाने के लिए गैर मुस्लिम को नहीं रखा जा रहा है। लेकिन विपक्ष इसके जरिए डराकर अपना वोट बैंक सुरक्षित करने का काम कर रहा है। वक्फ बोर्ड और वक्फ परिषद में गैर मुस्लिम रखने की बात है, जिसका काम ये देखना है कि काम ठीक से हो रहा है या नहीं। सदन के माध्यम से पूरे देश के मुस्लिम भाइयों को कहना चाहता हूं कि आपके वक्फ में एक भी गैर मुस्लिम नहीं शामिल होगा। अमित शाह ने कहा कि वक्फ बोर्ड में जो संपत्तियां बेच खाने वाले, सौ-सौ साल के लिए औने-पौने दाम पर किराए पर देने वाले लोग है, वक्फ बोर्ड और वक्फ परिषद उन्हें पकड़ने का काम करेगा। ये चाहते हैं कि इनके राज में जो मिलीभगत चलती रहे। अब ये नहीं चलेगा। अमित शाह ने कहा कि 2013 का जो संशोधन आया, वो नहीं आया होता तो आज ये संशोधन लाने की नौबत नहीं आती। कांग्रेस सरकार ने दिल्ली लूटियंस की 125 संपत्तियां वक्फ को दे दीं। उत्तर रेलवे की जमीन वक्फ को दे दी।

### और तीन टर्म भाजपा सरकार : शाह

संबोधन के आखिरी में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इनको न पिछड़ों की चिंता है, न मुसलमानों की, ये सालों से जातिवादी और तुष्टिकरण के आधार पर काम करते हैं। इसी आधार पर काम करके अपने परिवार की राजनीति बढ़ाई है। मोदी जी की सरकार ने इसे खत्म करने का काम किया है। जनता ने तीन टर्म मोदी जी को चुना और आगे भी तीन टर्म भारतीय जनता पार्टी की रहने वाली है।

### भारत को वक्फ के डर से मुक्ति चाहिए : ठाकुर

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह विधेयक नहीं बल्कि उम्मीद (एकीकृत वक्फ प्रबंधन सशक्तिकरण, दक्षता और विकास) है। इस उम्मीद में सशक्तिकरण, दक्षता और विकास है। इसे देखते हुए देश की जनता इसका समर्थन कर रही है। कैथोलिक बिशप कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया, चर्च ऑफ भारत, केरल काउंसिल ऑफ चर्चेज और केरल कैथोलिक बिशप काउंसिल, ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीन काउंसिल और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच जैसे कई संगठनों ने इसका समर्थन किया है। वक्फ में संशोधन का समय आ गया है क्योंकि यह अत्याचार और भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। इसे खत्म करने और इसमें संशोधन करने का समय आ गया है। भारत को वक्फ के डर से मुक्ति चाहिए क्योंकि कांग्रेस के शासन में बने वक्फ कानून का मतलब था 'खाता न बही, जो वक्फ कहे वही सही'।

### बिल नहीं लाते तो 'लुट' जाती दिल्ली

- गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, सब कुछ ठीक चल रहा था। 2014 का चुनाव होने वाला था। चुनाव बस 25 दिन दूर थे। उससे पहले 2013 में रातों रात तुष्टिकरण करने के लिए वक्फ कानून को एक्सट्रीम बना दिया गया और इसके कारण क्या हुआ? इसके कारण लुटियन दिल्ली की 123 वीवीआईपी संपत्ति कांग्रेस सरकार ने वक्फ को देने का काम कर दिया। दिल्ली वक्फ बोर्ड ने उत्तरी रेलवे की भूमि वक्फ के नाम घोषित कर दी। हिमाचल में वक्फ की संपत्ति बताकर उस पर अवैध मस्जिद बना दी गई। 250 हेक्टेयर क्षेत्रफल वाले 12 गांवों को वक्फ की प्रॉपर्टी बना दी गई।

### सांसद ने सुनाई दिल्ली की कहानी

दिल्ली से सांसद कमलजीत सहरावत ने भी दिल्ली की कहानी बताई। उन्होंने कहा, मैं जिस गांव से हूं, वह द्वारका के बीच में आता है। आपको जानकर हैरानी होगी कि पिछले साल कुछ लोग वहां पर आ गए। और उन्होंने हमारे पूजा के स्थान को वक्फ प्रॉपर्टी बता दिया। जहां हम सैकड़ों साल से पूजा करते आ रहे हैं, उसे वक्फ प्रॉपर्टी बताया गया। ऐसा सिर्फ मेरे अंबरहाई गांव में नहीं हुआ। भजनपुर गांव में, गोयला गांव में ऐसी जमीनें बताई गई हैं। दिल्ली में 1047 वक्फ प्रॉपर्टी बताई गई है। दिल्ली वक्फ बोर्ड के पोर्टल पर उसका नाम है। उसका किराया सिर्फ 1 रुपए से लेकर 11 रुपए है।

### विपक्ष कर रहा सिर्फ तुष्टीकरण की बहस : जगदंबिका पाल


वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर गठित संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष और भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने कहा, 'उन्होंने विधेयक के पीछे की सोच और इससे होने वाले लाभ को स्पष्ट कर दिया है। अभी तक वक्फ संपत्तियों का डिजिटलीकरण और पंजीकरण नहीं था। वक्फ संपत्तियों से होने वाली आय लगातार कम होती जा रही है और इससे किसी को कोई लाभ नहीं हो रहा था। हमने वक्फ बोर्ड में महिलाओं को मौका दिया है... विपक्ष यहां सिर्फ तुष्टीकरण के लिए भाषण दे रहा है और मुसलमानों को सिर्फ अपना वोट बैंक समझता है'।

### शिवसेना ने वक्फ बिल का किया समर्थन

सदन में शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे ने कहा, 'शिवसेना और मेरे नेता एकनाथ शिंदे की ओर से मैं इस विधेयक का पूर्ण समर्थन करता हूं। यह एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण दिन है... पहले अनुच्छेद 370, फिर ट्रिपल तलाक और CAA, और अब यह विधेयक गरीबों के कल्याण के लिए इस सदन में लाया गया है...उनका (UBT के अरविंद सावंत) भाषण सुनकर मुझे बहुत दुख हुआ। यह बहुत चौंकाने वाला था। मैं एक सवाल पूछना चाहता हूं, उन्हें अपनी अंतरात्मा से पूछना चाहिए कि क्या वे आज बालासाहेब जीवित होते तो भी यही बोलते? स्पष्ट है कि UBT किसकी विचारधारा को अपना रही है।

### भारतीय नौसेना का बड़ा एक्शन

## ढाई हजार किलो ड्रग्स जब्त



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस तरकश ने पश्चिमी हिंद महासागर में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 2500 किलो से ज्यादा नशे का सामान जब्त किया है। यह ऑपरेशन समुद्री अपराधों पर लगाम लगाने और क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के किया गया है। गश्त के दौरान आईएनएस तरकश को भारतीय नौसेना के पी8आई विमान से कई खुफिया अलर्ट मिले, जिसमें क्षेत्र में संचालित संदिग्ध जहाजों के बारे में बताया गया था। ये जहाज मादक पदार्थों की तस्करी सहित अवैध गतिविधियों में शामिल थे। अलर्ट का जवाब देते हुए आईएनएस तरकश ने जहाजों को रोकने के लिए अपना रास्ता बदल दिया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सभी संदिग्ध जहाजों से व्यवस्थित रूप से पूछताछ करने के बाद आईएनएस तरकश ने पी8आई और मुंबई में समुद्री संचालन केंद्र के साथ समन्वित प्रयासों के कारण रोका और उसमें सवार हो गया। जहाज ने संदिग्ध जहाज की गतिविधियों की निगरानी करने और अन्य ऐसे जहाजों की पहचान करने अपने अभिन्न हेलीकॉप्टर को लॉन्च किया। एक विशेषज्ञ बोर्डिंग टीम तलाशी लेने के लिए संदिग्ध जहाज पर चढ़ी।

## लालू यादव की तबीयत बिगड़ी



**पटना।** आरजेडी प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की ब्लड शुगर बढ़ने की वजह से तबीयत बिगड़ गई है। वो पटना में राबड़ी आवास में डाक्टरों की निगरानी में थे। डाक्टरों की सलाह पर यहां से उन्हें एयर इंडिया की फ्लाइट से दिल्ली ले जाना था। लेकिन ज्यादा तबीयत बिगड़ने के कारण उन्हें पटना के पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### तेलंगाना विधानसभा ▶▶ विधायकों की अयोग्यता का मामला

## विधानसभा के बयानों में पवित्रता : सुप्रीम कोर्ट

- शीर्ष अदालत ने सीएम के बयान पर जताई आपत्ति
- बीआरएस के 7 विधायक कांग्रेस में हुए थे शामिल



**हैदराबाद।** तेलंगाना में भारतीय राष्ट्र समिति (बीआरएस) से कांग्रेस में शामिल होने वाले सात विधायकों के खिलाफ अयोग्यता का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। बीआरएस ने इन विधायकों की अयोग्यता पर जल्द फैसला लेने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इस मामले की सुनवाई गुरुवार तीन अप्रेल को भी जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के एक बयान पर कड़ी आपत्ति जताई गई। मुख्यमंत्री ने कहा था कि यदि बीआरएस के विधायक कांग्रेस में शामिल हो जाते हैं, तो भी उपचुनाव नहीं होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। जस्टिस बी. आर. गवई ने कहा कि यदि यह बयान सदन में दिया गया होता तो मुख्यमंत्री 10वीं अनुसूची का मजाक उड़ा रहे हैं? रामलीला मैदान में दिए गए बयान और विधानसभा में दिए गए बयान में अंतर है। सदन में दिए गए बयान को अधिक गंभीरता से लिया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री इस तरह के बयानों से बचें। यह मामला भारतीय राजनीति और संविधान के तहत विधायकों की अयोग्यता और पार्टी बदलने के मुद्दे पर एक अहम मोड़ पर है और सुप्रीम कोर्ट के फैसले का असर आने वाले समय में इस तरह के मामलों पर हो सकता है। सीएम ने कहा था कि अगर बीआरएस विधायक कांग्रेस पार्टी में चले जाते हैं तो भी उपचुनाव नहीं होंगे।

### भरतपुर : सेवर सब्जी मंडी में हादसा

## तीन सिलेंडर फटे, 10 दुकानें खाक

**भरतपुर।** भरतपुर जिले के सेवर कस्बे की सब्जी मंडी में एक अप्रेल की देर रात अचानक भीषण आग लग गई। इस आगजनी में लगभग लकड़ी की 10 दुकानें जलकर खाक हो गईं। आग लगने के दौरान तीन गैस सिलेंडरों के विस्फोट होने से जबरदस्त धमाके हुए, जिससे आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। आग इतनी तेज थी कि स्थानीय लोगों द्वारा किए गए प्रयासों के बावजूद उस पर काबू नहीं पाया जा सका। जिसके बाद दमकल विभाग को सूचना दी गई। स्थानीय लोगों के अनुसार रात करीब 10:30 बजे सब्जी मंडी में स्थित एक दुकान में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही भरतपुर, उच्चैन, नदबई और सिविल डिफेंस की दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। फायर ब्रिगेड कर्मियों के अनुसार आग लगने के कारणों का फिलहाल कोई पता नहीं चल सका है।

### जापान में 'मेगा भूकंप' की चेतावनी

## तीन लाख से ज्यादा मौतों की आशंका



▶▶ थाईलैंड-म्यांमार के बाद दहशत में जापानी
▶▶ चेतावनी ने पूरी दुनिया में मचा दी खलबली

**टोक्यो।** थाईलैंड और म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद अब जापान में सबसे भयानक महाभूकंप की चेतावनी जारी की गई है। इससे सिर्फ जापान ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में हड़कंप मच गया है। म्यांमार और थाईलैंड के भूकंप में अब तक 2000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। धरती के सबसे मेगा भूकंप में तीन लाख से ज्यादा लोगों की मौत की आशंका जाहिर की गई है। इससे आप भूकंप की भयावहता का अंदाजा लगा सकते हैं। जापान में आने वाले इस महाभूकंप से दो ट्रिलियन डॉलर से अधिक की आर्थिक क्षति होने के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। जापान प्रशांत महासागर के बाहरी किनारों पर स्थित है, जिसे "रिंग ऑफ फायर" के रूप में जाना जाता है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार दुनिया के सबसे बड़े भूकंपों में से लगभग 81 प्रतिशत यहीं आते हैं।

### क्या है नानकाई ट्रफ

नानकाई ट्रफ जापान में मुख्य भूमि के दक्षिणी तट पर स्थित एक समुद्री खाई है। यह अमूर, ओखोटस्क और फिलीपीन सागर प्लेटों के बीच ट्रिपल सीमा पर स्थित है। 2011 का भूकंप इसी पास के जापान ट्रेंच में हुआ था। जापान में हर 100 से 150 साल में नानकाई गर्त भूकंप आता है और विशेषज्ञों को लंबे समय से डर है कि निकट भविष्य में वहां एक और भूकंप आ सकता है।

### झारखंड के साहेबगंज जिले में रेल हादसा

## रिटायरमेंट के दिन ही लोको पायलट की मौत

- एक अप्रेल को तड़के दो मालगाड़ियों की टक्कर



**साहेबगंज।** झारखंड के साहेबगंज में दो मालगाड़ियों के बीच टक्कर में लोको पायलट गंगेश्वर मल की मौत हो गई। वह एक अप्रेल को ही नौकरी से रिटायर होने वाले थे और सेवा में रहने के दौरान उनकी अंतिम यात्रा थी। जानकारी के मुताबिक लोको पायलट के पूरे परिवार ने रिटायरमेंट के दिन रात्रि भोज करने की प्लानिंग की थी। हालांकि अब उनके पास केवल यादें और आंसू हैं। मृतक लोको पायलट का परिवार पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के जियागंज में रहता है। परिवार के मुताबिक लोको पायलट ने काम से लौटने के बाद रात का खाना साथ में खाने का वादा किया था। लोको पायलट की बेटी ने बताया कि एक अप्रैल को उनके पिता का आखिरी कार्य दिवस था। उन्होंने अपनी पत्नी, बेटे और बेटी के साथ अच्छा समय बिताने की योजना बनाई थी। 'हमने सुना कि बाबा (पिता) वापसी में सिंग्नल प्वाइंट पर इंतजार कर रहे थे तभी विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य मालगाड़ी के इंजन ने उनके इंजन को सामने से टक्कर मार दी।'

### न्यूज BRIEF

## चंडीगढ़ के डीजीपी का ट्रांसफर

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में डीजीपी सुरेंद्र यादव का ट्रांसफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि उनके और अन्य अधिकारियों के बीच लंबे समय से खींचतान चल रही था। इस कारण गृह मंत्रालय ने उनका ट्रांसफर कर दिया। यादव को बीएसएफ में डेप्युटेशन पर डीआईजी के पद पर नियुक्त किया गया है। नए आदेश आने तक चंडीगढ़ के आईजी राजकुमार सिंह ही डीजीपी का कार्यभार संभालेंगे।

## 15 महीने में सोना 45% महंगा

**मुंबई।** साल 2024 से लेकर इस साल अब तक सोने की कीमत में जबरदस्त तेजी रही है। घरेलू बाजार में 2024 में सोना 27.24% महंगा हुआ था। वहीं 2025 में अभी तक सोना करीब 18% महंगा हो चुका है। इस तरह पिछले 15 महीने में सोना 45% महंगा हो चुका है। सोने में पिछले 15 महीने से लगातार तेजी है।

## आजम को हाईकोर्ट से राहत

**इलाहाबाद।** इलाहाबाद हाईकोर्ट से समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व सांसद आजम खान को फौरी राहत मिली है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने साल 2007 के रामपुर के गंज थाने में दर्ज मुकदमे में सपा नेता की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। हालांकि आजम के खिलाफ अग्रिम विवेचना जारी रहेगी। जस्टिस राजीव गुप्ता और जस्टिस राममनोहर नारायण मिश्रा की डिविजन बेंच ने यह आदेश दिया है।

### भारतीय विदेश मंत्रालय ने दी जानकारी

## 86 देशों की जेल में कैद हजारों भारतीय



- सऊदी अरब और यूएई में सबसे ज्यादा भारतीय कैद
- सबसे ज्यादा भारतीय मुस्लिम देशों की जेलों में बंद

**नई दिल्ली।** विदेशों में कई भारतीय कैदी जेल में बंद हैं, जो किसी छोटे या बड़े जुर्म की सजा काट रहे हैं। सबसे ज्यादा भारतीय मुस्लिम देशों की जेलों में बंद हैं। इन कैदियों के बारे में विदेश मंत्रालय की तरफ से जानकारी दी गई है। विदेश मंत्रालय के एक पैनल ने बताया कि 86 देशों में लगभग 10152 भारतीय कैदी बंद हैं। इनमें से चीन, कुवैत, नेपाल, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात सहित 12 देश ऐसे हैं, जहां यह संख्या 100 से अधिक है। यह जानकारी विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति की छठी रिपोर्ट में दी गई है। संसदीय स्थायी समिति की रिपोर्ट की मानें तो विचाराधीन कैदियों की सबसे ज्यादा संख्या सऊदी अरब और यूएई की जेलों में है।

### तीन साल में आठ कैदी लाए गए वापस

रिपोर्ट के अनुसार जिन 12 देशों में से नौ देशों के साथ पहले से ही कैदियों को ट्रांसफर करने की संधि है। ऐसे कैदियों को अपने देश में आकर सजा पूरी करनी होती है। इसके बावजूद पिछले 3 वर्षों (2023 से मार्च 2025 तक) में केवल 8 भारतीय कैदियों को वापस लाया जा सका है। इनमें ईरान और यूनाइटेड किंगडम से 3-3 और कंबोडिया और रूस से 2-2 कैदी लाए गए हैं।

### इन देशों के साथ प्रत्यर्पण संधि

भारत पहले ही ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, बांग्लादेश, ब्राजील, कंबोडिया, फ्रांस, हांगकांग, ईरान, इज़राइल, इटली, कजाकिस्तान, कुवैत, रूस, सऊदी अरब, श्रीलंका, यूएई और यूके सहित कई देशों के साथ स्थानांतरण संधियों है, लेकिन इसमें अब तक सीमित सफलता मिली है क्योंकि यह प्रक्रिया लंबी और ज्यादा टाइम टेकिंग है। टीएसपी समझौते के तहत प्रत्यर्पण के लिए कैदी, मेज़बान देश और प्रत्यर्पित करने वाले देश की सहमति आवश्यक होती है। गृह मंत्रालय टीएसपी समझौते के तहत कैदियों के प्रत्यर्पण की देखरेख करने वाला नोडल प्राधिकरण है और वर्तमान में कई मामलों की प्रक्रिया में है। गृह मंत्रालय विभिन्न अन्य देशों के साथ ऐसे समझौते करने के लिए बातचीत कर रहा है।

### म्यांमार में भूकंप

## पांच दिन बाद जिंदा निकला शख्स

- चार दिन, 23 घंटे और 34 मिनट तक खुदा मेहरबान

**नेपीडॉ।** म्यांमार की राजधानी नेपीडॉ में बुधवार को एक ढही हुई होटल की इमारत के मलबे से 26 साल के एक होटल कर्मचारी को बचा लिया गया। राज्य प्रशासन परिषद की सूचना टीम के मुताबिक देश में आए 7.7 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप के पांच दिन बाद व्यक्ति को बचाया गया है। सूचना टीम ने बताया कि मलबे में दो लोग फंसे हुए थे। म्यांमार अग्निशमन सेवा विभाग और तुर्की की बचाव टीमों ने एक व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। होटल में अभियान मंगलवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 3 बजे शुरू हुआ और बुधवार को स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 00:30 बजे व्यक्ति को बचा लिया गया। फंसे हुए बाकी लोगों को खोजने और बचाने के प्रयास जारी हैं।

### भारतीय रेलवे में मध्य रेलवे प्रथम

# रिकॉर्ड-तोड़ गैर-किराया राजस्व आय


- टिकट जांच में बेजोड़ प्रदर्शन
- रेलवे बोर्ड ने 137.30 करोड़ का लक्ष्य किया निर्धारित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मध्य रेल ने गैर-किराया राजस्व (एनएफआर) आय में सभी क्षेत्रीय रेलवे को पीछे छोड़ दिया है, जिसने वित्त वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड-तोड़ 131.86 करोड़ रुपए हासिल किए हैं, जो पिछले वर्ष की 122.35 करोड़ रुपये की आय से 7.77% अधिक है। रेलवे बोर्ड ने 137.30 करोड़ रुपए का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है, जो किसी भी ज़ोन के लिए सबसे अधिक है, जिसमें अभिनव राजस्व सृजन में मध्य रेल के नेतृत्व को मान्यता दी गई है। मध्य रेल के मुंबई मंडल को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सौ करोड़ की गैर-किराया राजस्व आय हासिल करने वाला भारतीय रेलवे का पहला मंडल होने का गौरव भी प्राप्त है। इसे भारतीय रेलवे के सभी 68 मंडलों में से प्रथम होने का गौरव भी प्राप्त है, जिसने पिछले तीन वर्षों से यह स्थान बरकरार रखा है।

## विकास को बढ़ावा देने वाली प्रमुख एनएफआर पहलों में शामिल

**विज्ञापन और ब्रांडिंग:** मेमू ट्रेनों में ऑडियो विज्ञापन, ग्लो साइन बोर्ड, पब्लिक एड्रेस सिस्टम और स्विंग डोर ग्लास पैनल विज्ञापन। बैटरी से चलने वाली गाड़ियां, आराम कुर्सियां, पेय वेंडिंग मशीन, आधुनिक प्रतीक्षा कक्ष जैसी यात्री सुविधाओं पर विज्ञापन। पर्यटक सूचना केंद्र, एटीएम, स्लीपिंग पॉड, डिजिटल स्क्रीन (61 एलईडी/एलसीडी/प्लाज्मा टीवी) जैसी स्टेशन सुविधाओं पर विज्ञापन।
**परिचालन आउटसोर्सिंग:** सार्वजनिक घोषणा प्रणाली संचालन, दरवाजा बंद करने और वैगन-सफाई अनुबंध।
**अभिनव उद्यम:** दोपहिया और अन्य पार्सल के लिए पैकिंग सेवाएं, ऐप-आधारित इलेक्ट्रिक वाहन सेवाएं और पार्सल स्कैनर। इन पहलों से न केवल राजस्व में वृद्धि हुई है, बल्कि परिचालन लागत भी कम हुई है, जिससे मंडलों में 630.90 लाख रुपये की पूंजी और जनशक्ति की बचत हुई है ।



## वाणिज्यिक उपक्रमों का विस्तार

रेस्टोरेंट ऑन व्हील्स: अकोला, पुणे, नासिक, शेगाँव, जलगाँव, दादर, एलटीटी, अकुर्दी और चिंचवड़ में नौ अनुबंध दिए गए। शेगाँव, जलगाँव और सोलापुर में आगामी लॉन्च। स्लीपिंग पॉड्स: सीएसएमटी, एलटीटी और नासिक में पूरी तरह से चालू। सस्ती दवाइयाँ: एलटीटी, मनमाड, पिंपरी, सोलापुर, दादर, कलबुरगि और नागपुर में सात प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र चालू हैं, जो 16,961 वस्तुओं की बिक्री करके 6,19,292/- रुपये का राजस्व उत्पन्न कर रहे हैं।

## स्थानीय कारीगरों को सशक्त बनाना

मध्य रेल 160 वन स्टेशन वन प्रोडक्ट (ओएसओपी) स्टॉल के माध्यम से "वोकल फॉर लोकल" आंदोलन को आगे बढ़ा रहा है, जो समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों के लिए अतिरिक्त आय के अवसर प्रदान करता है। वित्त वर्ष 2024-25 में, ओएसओपी हितधारकों ने 6,03,804 आइटम बेचे, जिससे 4.31 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

## टिकट जाँच में बेजोड़ प्रदर्शन

मध्य रेल ने एक बार फिर टिकट जाँच में एक बेंचमार्क स्थापित किया है, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कुल 38 लाख मामलों का पता लगाया और 203.41 करोड़ रुपये का प्रभावशाली राजस्व अर्जित किया। यह उपलब्धि राजस्व अनुकूलन और यात्री अनुशासन के प्रति मध्य रेल की प्रतिबद्धता को पुष्ट करती है।

## टिकट जाँच में शीर्ष 3 प्रदर्शनकर्ता

मध्य रेल की टिकट-जाँच टीम के अथक प्रयासों ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। शीर्ष तीन प्रदर्शनकर्ता हैं
1. एम.एम. शिंदे (सीटीआई/ मुख्यालय)-15,993 मामले, रु. 1,13,68,380/- 2. मंगेश पाठक (टीटीआई/मुख्यालय)-12,289 मामले, रु. 84,53,610/- 3. सुभाष गलांडे (टीटीआई/ मुख्यालय)-12,820 मामले, रु. 84,10,860/

## जून 2024 से जुर्माना बदलाव लागू

यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और आरक्षित डिब्बों में भीड़भाड़ को रोकने के लिए, जून 2024 से जुर्माना प्रवर्तन में एक रणनीतिक बदलाव लागू किया गया। गंतव्य तक जुर्माना लगाने के बजाय, अब अनियमित यात्रियों से केवल पता लगाने वाले बिंदु तक ही जुर्माना लिया जाता है और उन्हें ट्रेन से उतार दिया जाता है, जिससे आरक्षित यात्रियों के लिए अधिक आरामदायक यात्रा सुनिश्चित होती है। इसे प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सप्ताहांत और त्योहारों के दौरान विशेष अभियान चलाए जाते हैं।

# मध्य रेलवे : 11 कर्मी जीएम संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित

- जीएम धर्मवीर मीना ने दी सभी को बधाई

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मध्य रेल के महाप्रबंधक धर्मवीर मीना ने दो अप्रेल को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई में आयोजित एक समारोह में 11 मध्य रेल कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया, जिनमें मुंबई मंडल के तीन, भुसावल मंडल के चार, नागपुर मंडल के दो तथा पुणे मंडल और सोलापुर मंडल के एक-एक कर्मचारी शामिल हैं। संरक्षा पुरस्कार, संबंधित कर्मचारियों की ड्यूटी के दौरान सतर्कता, अप्रिय घटनाओं को रोकने में उनके योगदान और पिछले महीनों के दौरान ट्रेन परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रदान किए गए। प्रत्येक पुरस्कार में एक पदक, प्रशंसा प्रमाण पत्र, अनुकरणीय संरक्षा कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र और 2000/- का नकद पुरस्कार शामिल है।



### मुंबई मंडल

- 1. प्रीतम कुमार यादव, लोको पायलट, कुर्ला। 2.रोहित यशवंत कोली, ट्रेन मैनेजर, पनवेल। 3. कुणाल पारिसकर, पॉइंट्समैन, लोनावला।

### भुसावल मंडल

- 4. नरेंद्र एस गाँवशिंदे, जूनियर इंजीनियर (सी एंड डब्ल्यू), सतमा। 5. लोकेश रामचंद्र सेजकर, तकनीशियन (सी एंड डब्ल्यू), सतमा। 6. अमरेंद्र कुमार, तकनीशियन (सी एंड डब्ल्यू)। 7. अनिल कुमार वर्मा, पॉइंट्समैन, लासलगांव।

### नागपुर मंडल

- 8. संजीव कुमार, ट्रेन मैनेजर, वर्धा। 9. श्रीमती मनीषा पारधे, तकनीशियन (सी एंड डब्ल्यू), आमला।

### पुणे मंडल

- 10. मुकेश रवींद्र, जूनियर इंजीनियर पीडब्ल्यूआई, मिरज।

### सोलापुर मंडल

- 11. समाधान प्रभु, ईएसएम, कुर्दुवाड़ी।

### जीएम ने की रेलकर्मियों की प्रशंसा

- पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए और कर्तव्यों के प्रति उनकी सतर्कता और समर्पण की सराहना करते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि सतर्कता और समर्पण के ऐसे कार्य दूसरों को यात्रियों की संरक्षा के लिए ईमानदारी से काम करने और जान, माल और रेलवे संपत्ति के नुकसान को रोकने के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर प्रतीक गोस्वामी, अपर महाप्रबंधक, चंद्र किशोर प्रसाद, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी, अन्य प्रधान विभागाध्यक्ष और मध्य रेल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### पश्चिम रेलवे मुंबई सेंट्रल मंडल

# डीआरएम ने अनुकंपा के आधार पर सौंपे नियुक्ति पत्र



▶▶ दिवंगत रेल कर्मचारियों के बच्चों को मिली नौकरी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा सहानुभूति और समर्थन के संकेत के रूप में छह दिवंगत रेल कर्मचारियों के पात्र आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। मुंबई सेंट्रल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक पंकज सिंह द्वारा लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, पश्चिम रेलवे द्वारा अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों की आर्थिक भलाई को सर्वोच्च स्तर की जिम्मेदारी के साथ प्राथमिकता दी गई है और उसकी रक्षा की गई है। पश्चिम रेलवे द्वारा दिवंगत रेल कर्मचारी के पात्र आश्रितों को कम से कम समय में अनुकंपा के आधार पर नियुक्तियां प्रदान करना सुनिश्चित किया गया है। पिछले साल, जरूरतमंद कर्मचारियों की सहायता के लिए अपने समर्पण का प्रदर्शन करते हुए पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल ने 100 से अधिक अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए थे। साथ ही, पिछले वर्ष के दौरान रिकॉर्ड संख्या में कर्मचारियों को उनके करियर की प्रगति और संबंधित भत्तों के साथ-साथ लाभों को ध्यान में रखते हुए पदोन्नति दी गई थी।

# सिकंदराबाद मंडल पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिकंदराबाद।** दक्षिण मध्य रेलवे सिकंदराबाद मंडल के महबूबाबाद स्टेशन पर तीसरी लाइन कार्य के संबंध में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य हेतु ब्लॉक के कारण अहमदाबाद मंडल से चलने/गुजरने वाली कुछ ट्रेन प्रभावित रहेगी। जिसका विवरण निम्नानुसार है।
**निरस्त ट्रेनें :** **1.**25 मई 2025 को गांधीधाम से चलने वाली ट्रेन संख्या 20804 गांधीधाम-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। **2.**22 मई को विशाखापट्टनम से चलने वाली ट्रेन संख्या 20803 विशाखापट्टनम-गांधीधाम एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। **3.**28 मई को ओखा से चलने वाली ट्रेन संख्या 20820 ओखा-पुरी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। **4.** 25 मई को पुरी से चलने वाली ट्रेन संख्या 20819 पुरी-ओखा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।
**महबूबाबाद स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव रद्द**
**1.** 27 और 28 मई की ट्रेन संख्या 12655 अहमदाबाद-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल नवजीवन एक्सप्रेस महबूबाबाद स्टेशन पर नहीं रुकेगी। **2.** 25 मई से 29 मई तक ट्रेन संख्या 12656 एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-अहमदाबाद नवजीवन एक्सप्रेस महबूबाबाद स्टेशन पर नहीं रुकेगी।



# नवी मुंबई : पेपरलेस कार्यप्रणाली की ओर बढ़ते कदम

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नवी मुंबई।** महाराष्ट्र शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, सरकारी निर्णय क्रमांक संकीर्ण 2025 / प्र.क्र.7 / र.व.का. 1, 13 जनवरी 2025 के अनुसार राज्य शासन ने क्षेत्रीय, सरकारी एवं अर्धसरकारी कार्यालयों के लिए 100 दिनों की क्रियान्वयन योजना के अंतर्गत उल्लिखित बिंदुओं पर प्रभावी अमल सुनिश्चित करने हेतु निर्देश/सूचनाएं जारी की हैं। इसी क्रम में नवी मुंबई मनपा परिवहन उपक्रम में ई-ऑफिस तथा अवकाश प्रबंधन प्रणाली लागू की गई है। सरकारी कार्य में सुव्यवस्था आए, दस्तावेज सुरक्षित रहें और निर्णय प्रक्रिया अधिक तेज व सरल हो- इस उद्देश्य से मंत्रालयीन प्रशासनिक विभागों सहित क्षेत्रीय कार्यालयों में प्रशासनिक कार्य ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से किया जा रहा है। इसी संदर्भ में नवी मुंबई मनपा परिवहन उपक्रम द्वारा 13 जनवरी को परिपत्रक जारी कर समस्त कार्यालयीन कार्यों के लिए ई-ऑफिस का उपयोग आरंभ किया गया है। वर्तमान में परिवहन उपक्रम में जनवरी से मार्च 2025 तक ई-ऑफिस के माध्यम से कुल 791 फाइलें (नस्तियाँ) तैयार की गई हैं। ई-ऑफिस प्रणाली के अमल से कार्य में गति और कार्यकुशलता में वृद्धि हुई है तथा समय की बड़ी बचत हो रही है। साथ ही ई-ऑफिस के कारण उपक्रम के कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता भी बढ़ी है। ई-ऑफिस के कारण समस्त दस्तावेज डिजिटल रूप से संग्रहित किए जाते हैं, जिससे रिकॉर्ड सुव्यवस्थित रखने में सहायता मिल रही है। साथ ही कागज व स्टेशनरी पर होने वाला खर्च भी कम हुआ है। इसके अतिरिक्त, दस्तावेजों को सुरक्षित रखना और भी अधिक सुविधाजनक हो गया है। पासवर्ड और अन्य सुरक्षा विशेषताओं के प्रयोग से सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत हुई है। साथ ही फाइलें या दस्तावेज खोजना भी आसान हो गया है। ई-ऑफिस के कारण अधिकारी व कर्मचारी 24 घंटे कार्य के प्रति सक्रिय रहकर अन्य स्थानों से भी कार्य कर पा रहे हैं, जिससे कार्य में गति आई है।
ई-ऑफिस प्रणाली के कारण परिवहन उपक्रम के कार्यों में पारदर्शिता आई है और कार्यों का निपटारा तेज गति से हो रहा है, ऐसा नवी मुंबई मनपा परिवहन उपक्रम प्रशासन की ओर से बताया गया है।

# नवी मुंबई में क्षयरोग जनजागृति रैली का आयोजन

▶▶ रोटरी क्लब ने वितरित किए पोषण आहार किट

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**नवी मुंबई।** विश्व स्तर पर हर वर्ष 24 मार्च को क्षयरोग के प्रति जनजागरूकता फैलाने हेतु 'विश्व क्षयरोग दिवस' के अवसर पर विभिन्न उपक्रमों का आयोजन किया जाता है। इस दिन के माध्यम से वैश्विक स्तर पर मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक क्षयरोग की ओर सभी का एकत्रित सहयोग लेकर ध्यान आकर्षित किया जाता है। इस अवसर पर नवी मुंबई महानगरपालिका कार्यक्षेत्र में आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में क्षयरोग के प्रति व्यापक जनजागरूकता हेतु विविध कार्यक्रम संपन्न हुए। विश्व क्षयरोग दिवस के उपलक्ष्य में रोटरी क्लब नवी मुंबई एयरपोर्ट सिटी की ओर से नेरुल बस स्टेशन से नेरुल रेलवे स्टेशन तक क्षयरोग जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में नवी मुंबई मनपा की ओर से शहर क्षयरोग अधिकारी डॉ. प्रवीन कटके, चिकित्सा अधिकारी डॉ. निनाद काकडे, डॉ. प्रदीप परदेशी, राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारी तथा रोटरी क्लब की ओर से अध्यक्ष डॉ. चंद्रकांत सैद, वरिष्ठ रोटरी सदस्य डॉ. जयदीप सेनशर्मा, प्रकल्प अधिकारी डॉ. मुकुल थोरात और साधु वासवानी महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे। इस रैली में क्षयरोग से संबंधित नारे लगाते हुए जनजागरूकता फैलाई गई। रैली का समापन नेरुल रेलवे स्टेशन पर किया गया, जहां महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने क्षयरोग विषयक पथनाटक प्रस्तुत किया। इसी प्रकार, विश्व क्षयरोग दिवस के उपलक्ष्य में रोटरी क्लब नवी मुंबई एयरपोर्ट सिटी की ओर से 'प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत 'निक्षय मित्र' बनकर 20 जरूरतमंद क्षयरोगियों को पोषण आहार किट का वितरण किया गया। क्षयरोगी यदि उपचार के दौरान उचित पोषण आहार लें तो उनके स्वस्थ होने की अवधि में कमी आती है और स्वस्थ होने की दर में वृद्धि होती है।
इस कार्यक्रम में वैद्यकीय आरोग्य अधिकारी डॉ. प्रशांत जवादे, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी तथा रोटरी क्लब के सदस्य उपस्थित थे। नवी मुंबई मनपा, निजी संस्थाएं और नागरिक यदि एकजुट होकर प्रयास करें तो नवी मुंबई से क्षयरोग का समूल नाश किया जा सकता है। अतः नवी मुंबई को क्षयरोग मुक्त करने हेतु निजी संस्थाओं एवं नागरिकों से अधिक से अधिक सहयोग करने तथा निक्षय मित्र बनकर क्षयरोगियों की सहायता करने का आह्वान मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे ने किया है।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
**सेक्शन:** दल्ली राजहरा सेक्शन अंतर्गत कार्य:
**1. निविदा सूचना सं.:** ई-आर-टी-13-25-26 दिनांक: 27.03.2025
**कार्य का नाम:** कि.मी. 947/1-2 पर मानव-युक्त लेवल क्रॉसिंग संख्या डीडी-59 को बंद करने के लिए रोड अंडर ब्रिज का प्रावधान (कट एंड कवर विधि द्वारा)। | **निविदा मूल्य:** ₹4,40,43,206/- | **ईएमडी:** ₹3,70,200/-
**2. निविदा सूचना सं.:** ई-आर-टी-14-25-26 दिनांक: 27.03.2025
**कार्य का नाम:** कि.मी. 889/7-8 पर मानव-युक्त लेवल क्रॉसिंग संख्या डीडी-19 को बंद करने के लिए रोड अंडर ब्रिज का प्रावधान (कट एंड कवर विधि द्वारा)। | **निविदा मूल्य:** ₹5,68,35,642/- | **ईएमडी:** ₹4,34,200/-
**3. निविदा सूचना सं.:** ई-आर-टी-15-25-26 दिनांक: 27.03.2025
**कार्य का नाम:** कि.मी. 874/2-3 पर मानव-युक्त लेवल क्रॉसिंग संख्या डीडी-08 को बंद करने के लिए रोड अंडर ब्रिज का प्रावधान (कट एंड कवर विधि द्वारा)। | **निविदा मूल्य:** ₹4,39,49,276/- | **ईएमडी:** ₹3,69,800/-
**निविदा प्रस्तुति:** दिनांक **24.04.2025** के **11:00** बजे तक। | **निविदा खोला जाना:** दिनांक **24.04.2025** को **11:00** बजे।
विस्तृत विवरण/निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता मानदंड एवं कार्य के पूर्ण विवरण हेतु वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय), एस.ई.सी रेलवे, रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें अथवा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन / डाउनलोड करें।
**वरिष्ठ मंडल अभियंता (II),**
PR/R/ENGG/PC/286 द.पू.म. रेलवे, रायपुर
South East Central Railway | @secrail



**एलएचबी कोचों का सुधार कार्य एवं विद्युत परिसंपत्ति की वृद्धि और प्रतिस्थापन**
**ई-निविदा सूचना सं.: Sr. DEE/LMG/43 of 2024-25, दिनांक: 28-03-2025।** निम्नलिखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्र.सं.1; निविदा सं.:** EL/LM/24-25/52; **कार्य का नाम:**- लामडिंग मंडल में कोचिंग डिपो में एलएचबी पावर कार एसी कोच एवं नन-एसी कोचों में विभिन्न सुधार कार्य। निविदा मूल्य: ₹49,99,939.84; धरोहर राशि: ₹1,00,000.00। **ई-निविदा** 21-04-2025 को 11:00 बजे **बंद होगी** और 21-04-2025 को 11:30 बजे **खुलेगी। क्र.सं.2; निविदा सं.:** EL/LM/24-25/53; **कार्य का नाम:**- एसएसई/पी/सिलचर एवं एसएसई/पी/लामडिंग के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत सब स्टेशन, रेलवे कॉलोनी, कोचिंग डिपो, पावर हाउस की रेलवे परिसंपत्ति की वृद्धि और प्रतिस्थापन। निविदा मूल्य: ₹1,99,36,198.86; धरोहर राशि: ₹2,49,700.00। **ई-निविदा** 21-04-2025 को 11:00 बजे **बंद होगी** और 21-04-2025 को 11:30 बजे **खुलेगी। क्र.सं.3; निविदा सं.:** EL/LM/24-25/55; **कार्य का नाम:**- लामडिंग मंडल के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए क्वार्टर्स टाइप-I (2आर)=200, टाइप-II=260, टाइप-III=20, टाइप-IV=11 यूनिट (कुल =491 यूनिट्स ) की रिवायरिंग का प्रावधान। निविदा मूल्य: ₹1,19,59,774.34; धरोहर राशि: ₹2,09,800.00। **ई-निविदा** 21-04-2025 को 11:30 बजे **बंद होगी** और 21-04-2025 को 11:30 बजे **खुलेगी।** उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर 21-04-2025 को 11:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगी।
सीनि. डीईई/जीएंडसीएचजी, लामडिंग
**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**मध्य रेल**
Proforma 10-01
**सार्वजनिक अधिसूचना**
मध्य रेल के नीचे उल्लेखित खंड के पूर्ण हो चुके खंड पर स्थित रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपयोगकर्ताओं को यह सूचित किया जाता है कि सबस्टेशन के स्विचयार्ड को खंड के सामने निर्दिष्ट तिथि को या उसके बाद 132/110 केवी एसी आपूर्ति से चार्ज किया जाएगा। उसी तिथि से स्विचयार्ड लाइन को हर समय चालू माना जाएगा और कोई भी अनधिकृत व्यक्ति उक्त ओवरहेड लाइन के निकट नहीं जाएगा या काम नहीं करेगा।

| अनुभाग | चार्जिंग की तारीख |
| --- | --- |
| मध्य रेल के मुंबई मंडल के कसारा-इगतपुरी सेक्शन में **इगतपुरी किमी 136.44 (इंजीनियरिंग चैनेज 136/11.21 के पास) पर 132 केवी, 3 फेज एसी आपूर्ति के साथ इगतपुरी में 132 केवी/110 केवी, 50 एमवीए ग्रिड सबस्टेशन का विद्युतीकरण।** | 30/04/2025 |

अनाधिकृत रुप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है Sai/007



MAHAGENCO Maharashtra State Power Generation Co. Ltd.
**TENDER NOTICE : CPA-10-2025**
Digitally signed tenders under Two Bid System are invited for the following
**Tender / RFx No. :** SP/T-0405/0325 (RFx No: 3000056305)
**Description of Tender:** Upgradation of reciprocating compressor into screw compressor at Unit-6 Parli TPS.
**Due Date & Time of Submission of Tender Bids:** Up to 15:00 Hrs of 21/04/2025
**Contact Person:** Office of Chief Engineer (CPA), Tel No.: 022-6985 3618
For further details visit our website https://eprocurement.mahagenco.in/
CHIEF ENGINEER (CPA)



**मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल** म्हाडा MHADA
**(महाराष्ट्र गृह निर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण) की क्षेत्रिय इकाई**
**फोन नं. 022-66405250, ई-मेल: eee.east1@gmail.com**
निविदा सूचना क्र. ईई/पूर्व/एमएसआईबी/ई-निविदा/श्रमिक समिती/02/2025-26
कार्यपालन अभियंता (पूर्व) डिविजन, मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल (म्हाडा की इकाई), कमरा नं. 536, 4 था तल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व) मुंबई 400051, फोन नं. (022) 66405251 द्वारा ई-निविदा प्रक्रिया माध्यम से किसी शासकीय/अर्द्ध शासकीय संस्था या उपयुक्त वर्ग में पंजीकृत ठेकेदारों से 02 नग कार्यों हेतु बी-1 (प्रतिशत दर) प्रपत्र में खुली निविदा/नियमित निविदा आमंत्रित है। विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र शासन के पोर्टल **https://mahatenders.gov.in** पर उपलब्ध है एवं इसे डाउनलोड कर सकते है। बोली दस्तावेज वेबसाइट पर अपलोड कर सकते है। निविदा दस्तावेज का विक्रय दिनांक 04.04.2025 को दोपहर 10.05 बजे से प्रारंभ होगा एवं दस्तावेज विक्रय की अंतिम दिनांक 11.04.2025 को शाम 6.15 बजे तक है। शुद्धि पत्र/संशोधन यदि कोई हो, वेबसाइट **https://mahatenders.gov.in** पर प्रकाशित है। सक्षम अधिकारी के पास किसी भी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं होंगे।
**म्हाडा- राष्ट्र का एक अग्रणी गृह निर्माण प्राधिकरण**
**सीपीआरओ/ए/239** **कार्यकारी अभियंता (पूर्व)**
Follow us: @mhadaofficial **मुं. झो. सु. मंडल, मुंबई**



**अंबरनाथ नगरपरिषद, अंबरनाथ**
जा.क्र.अंनप/बांधकाम विभाग /2024-25/1965 दि. 28/03/ 2025
**कोटेशन नोटीस**
अंबरनाथ नगरपरिषदेस खालील काम करावयाचे असुन, नोंदणीकृत ठेकेदार यांचेकडुन त्याबाबत सिलबंद कोटेशन्स मागविण्यात येत आहेत. ज्या कोणास सदर काम करावयाचे असेल त्यांनी सदर कामांचे दर सर्व करांसह बंद पाकीटात खाली सही करणार यांचेकडे दि. 09/04/2025 रोजी सायं. 5.00 वाजे पर्यंत आणून द्यावेत. तसेच आलेली कोटेशन त्याच दिवशी किंवा प्रशासनाच्या सोयीनूसार हजर कोटेशन धारकांसमक्ष उघडण्यात येतील. कोणतेही एक कोटेशन स्विकारणे अथवा नाकारणेचा अधिकार निम्न स्वाक्षरीकार यांनी राखून ठेवला आहे. तसेच खालील पैकी कोणतेही एक कागदपत्र सादर न केल्यास किंवा सादर केलेल्या कोणत्याही कागदपत्रात खरेपणा न आढळल्यास कोटेशन फेटाळण्यात येतील याची नोंद घ्यावी.

| अ. क्र. | कामाचे नाव | अंदाजित रक्कम रू. (GST वगळून) | इसारा रक्कम रू. |
| --- | --- | --- | --- |
| 1 | मोहनपुरम मागील नाल्यामधे टाकलेला भराव व कानसाई पासुन सुभाष टेकडी उल्हासनगरकडे जाणार्या पुलाचे दुर्तफा टाकलेले डेब्रीज वाहुन नेणेकरीता जे.सी.बी. डंपर चा पुरवठा करणे | र.रु. 7,62,781/- | र.रु. 7627/- |

1) तांत्रिक बोलीचा लिफाफाक्र. 01
अ) पॅनकार्ड
क) कॉन्ट्रॅक्टर परवाना.
ड) जी. एस. टी. नोंदणी प्रमाणपत्र.
इ) इसारा रक्कमेचा डी.डी
2) वित्तीय बोलीचा लिफाफाक्र. 02
अ) मूळ प्रतितील दरपत्रक.
टिप :- सदर कोटेशन नगरपरिषदेच्या www.ambarnathcouncil.net या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.
प्रत :- सुरक्षा विभाग नगरपरिषद नोटीस बोर्डावर प्रसिध्दीकरिता.
सही/-
(उमाकांत गायकवाड)
मुख्याधिकारी,
अंबरनाथ नगरपरिषद, अंबरनाथ


### गंगापुर बांध से बारा बंगला पाइपलाइन

# नासिक मनपा आयुक्त मनीषा खत्री ने किया निरीक्षण

- 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत शुरू किया गया कार्य

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**नासिक।** नासिक मनपा की आयुक्त तथा प्रशासक मनीषा खत्री ने 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत शुरू किए गए गंगापुर बांध से बारा बंगला पाइपलाइन परियोजना के कार्य का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। इस दौरे में उन्होंने विभिन्न प्रगति पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। हेडवर्क परिसर में प्रगति पर चल रहे 2.0 मि.ली. क्षमता वाले बैक प्रेशर टैंक की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही मौजूदा हेडवर्क का निरीक्षण करने के बाद मृत भंडारण से पानी निकालने के लिए आवश्यक कार्य शीघ्र आरंभ करने के निर्देश दिए गए। लोहे की पाइपलाइन की अलाइनमेंट की जांच कर बांध के समांतर पाइपलाइन बिछाने हेतु जलसंपदा विभाग से आवश्यक अनापत्ति प्रमाणपत्र व अनुमति प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। शंकर पाटील चौक से बलवंत चौक (शनि चौक) तक पुराने पाइपलाइन पर आधारित नई पाइपलाइन डालने का कार्य उपयुक्त बताया गया। साथ ही डी.पी. रोड के क्रॉसिंग के लिए नई पाइपलाइन जमीन में बिछाने के निर्देश भी दिए गए। पर्यावरणीय दृष्टिकोण से प्रस्तावित अलाइनमेंट के अनुसार कम से कम पेड़ों की कटाई हो या पुनः रोपण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। कृषि नगर जॉगिंग और सायकल ट्रैक से पाइपलाइन बिछाने की योजना को उपयुक्त बताया गया, जिससे वृक्षों की कटाई टलेगी और पुनःनिर्माण कार्य संभव हो सकेगा।

**महत्वपूर्ण स्थानों का निरीक्षण :** इस अवसर पर गंगापुर स्थित 11.5 मि.ली. क्षमता वाले मलशोधन केंद्र का निरीक्षण किया गया। साथ ही सिंहस्थ कुंभमेला 2027-28 के लिए प्रस्तावित वाहन पार्किंग स्थल, वसंत कानेटकर उद्यान, शिवाजीनगर जलशुद्धिकरण केंद्र और बारा बंगला जलशुद्धिकरण केंद्र का भी दौरे के दौरान निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त प्रदीप चौधरी, अतिरिक्त आयुक्त करिश्मा नायर, शहर अभियंता संजय अग्रवाल, अधीक्षक अभियंता रविंद्र धारणकर, अधीक्षक अभियंता अविनाश धनाईत, कार्यकारी अभियंता संजय आडेसरा, कार्यकारी अभियंता शैलेंद्र जाधव, कार्यकारी अभियंता संदेश शिंदे तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

सिद्धिविनायक मंदिर ने कमाई का तोड़ा रिकार्ड

# मंदिर की सालाना आय 133 करोड़

▶▶ पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 16% अधिक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई का प्रसिद्ध श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर एक बार फिर अपनी ऐतिहासिक कमाई को लेकर चर्चा में है। मंदिर ट्रस्ट ने बताया कि हाल ही में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में मंदिर की कुल आय 133 करोड़ तक पहुंच गई, जो पिछले वित्तीय वर्ष (2023-24) की तुलना में 16% अधिक है। मंदिर की कमाई में सबसे बड़ा योगदान श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए दान और चढ़ावे का रहा। इसके अलावा, पूजा और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों से 20 करोड़ की आय हुई। मंदिर को विभिन्न स्रोतों से आय प्राप्त होती है, जिनमें दान पेटियां, ऑनलाइन भुगतान, धार्मिक अनुष्ठान, प्रसाद बिक्री और सोना-चांदी की नीलामी शामिल हैं। ट्रस्ट के एक अधिकारी के अनुसार, पिछले वर्ष की तुलना में प्रसाद में इस्तेमाल होने वाले लड्डू और नारियल वड़ी की बिक्री में 32% की वृद्धि दर्ज की गई। मंदिर प्रशासन रोजाना करीब 10,000 लड्डू भक्तों को वितरित करता है।

**दान का समाज कल्याण में उपयोग**

मंदिर ट्रस्ट अपनी आय का 20% सामाजिक कल्याण कार्यों पर खर्च करता है। इसमें मेडिकल सहायता, डायलिसिस सेंटर का संचालन, 18 प्रकार की गंभीर बीमारियों से ग्रस्त मरीजों की आर्थिक सहायता जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा, ट्रस्ट कॉलेज के छात्रों के लिए बुक बैंक सुविधा प्रदान करता है और मंदिर परिसर के पास एक अध्ययन कक्ष भी संचालित करता है।

**गुड़ी पड़वा पर सोना-चांदी से रिकॉर्ड कमाई**

ट्रस्ट के अनुसार, इस वर्ष गुड़ी पड़वा के अवसर पर सोना-चांदी की नीलामी से रिकॉर्ड 1.33 करोड़ की कमाई हुई, जो पिछले वर्ष के 75 लाख की तुलना में लगभग दोगुनी है। श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर ट्रस्ट की मुख्य कार्यकारी अधिकारी वीणा पाटिल ने बताया कि मंदिर में भक्तों की बढ़ती संख्या और प्रशासनिक सुधारों के कारण आय में यह उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने यह भी अनुमान लगाया कि चालू वित्तीय वर्ष (2025-26) में मंदिर की कुल आय 154 करोड़ तक पहुंच सकती है

**भविष्य में और बढ़ेगी कमाई**

मंदिर ट्रस्ट को उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में भक्तों की संख्या में और अधिक वृद्धि होगी, जिससे आय में और भी इजाफा होगा। इसके साथ ही, प्रशासनिक सुधारों और तकनीकी सुविधाओं के विस्तार से मंदिर की सेवाओं को अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाया जा रहा है।



**दान का समाज कल्याण में उपयोग**

मंदिर ट्रस्ट अपनी आय का 20% सामाजिक कल्याण कार्यों पर खर्च करता है। इसमें मेडिकल सहायता, डायलिसिस सेंटर का संचालन, 18 प्रकार की गंभीर बीमारियों से ग्रस्त मरीजों की आर्थिक सहायता जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा, ट्रस्ट कॉलेज के छात्रों के लिए बुक बैंक सुविधा प्रदान करता है और मंदिर परिसर के पास एक अध्ययन कक्ष भी संचालित करता है। ट्रस्ट उन किसानों के बच्चों की शिक्षा का खर्च भी उठाता है, जिनके परिवार के सदस्य आत्महत्या कर चुके हैं। वीणा पाटिल ने कहा, "हम यह सुनिश्चित करते हैं कि भक्तों द्वारा दिया गया दान और चढ़ावा समाज के कल्याण के लिए उपयोग किया जाए।"

## कुणाल कामरा को तीसरा नोटिस जारी

**मुंबई।** स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा को पुलिस ने पूछताछ के लिए पांच अप्रैल को पेश होने और अपना बयान दर्ज करवाने के लिए कहा गया है। हालांकि, मुंबई पुलिस ने कहा कि इससे पहले भी कुणाल कामरा को दो बार पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन वो दोनों ही बार पेश नहीं हुए। कुणाल कामरा ने हाल ही में अपने एक शो का सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में दावा किया गया है कि उन्होंने महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की। इसी के चलते उन पर एकनाथ शिंदे के समर्थकों ने एफआईआर दर्ज कराई। उन्हें अब पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा है, लेकिन अब तक जारी किए गए 2 नोटिस पर वो पेश नहीं हुए थे।



बुलढाणा में सड़क हादसा

## पांच की मौत, 24 घायल

▶▶ बस-एसयूवी की भीषण टक्कर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बुलढाणा।** महाराष्ट्र के बुलढाणा में बुधवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह पूर्वी महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में एक बस और स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि 24 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। घायलों का इलाज खामगांव के सरकारी अस्पताल में चल रहा है। इस दुर्घटना ने इलाके में हड़कंप मचा दिया है। खामगांव-शेगांव राजमार्ग पर सुबह करीब साढ़े पांच बजे एक तेज रफ्तार बोलेरो कार महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की बस से टकरा गई। इसके तुरंत बाद एक प्राइवेट बस ने दोनों वाहनों को टक्कर मार दी। प्राइवेट बस के आगे के केबिन को भारी नुकसान हुआ है। क्षतिग्रस्त हिस्से से चालक को निकालने के प्रयास जारी हैं। हादसा इतना भीषण था कि तीनों वाहन चकनाचूर हो गए। फिलहाल बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।



## मानसून के पहले पूरे करें सभी विकास कार्य: सरनाईक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भायंदर।** मीरा भायंदर मनपा परिसर में किए जा रहे विकास कार्यों का जायजा लेते हुए परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने सभी कार्यों को मानसून के पहले पूर्ण कर लिए जाने के निर्देश दिए। मनपा परिसर के वर्सोवा ब्रिज से घोड़बंदर गांव खाड़ी के किनारे को समय रहते विकसित करने के साथ ही वॉक वे ,साइकिल ट्रैक के कार्यों को प्रधानता से किए जाने के निर्देश सरनाईक ने दिए। उन्होंने कहा कि मानसून के पहले सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएं ताकि जनता को परेशानियों का सामना ना करना पड़े। सरनाईक के साथ मनपा आयुक्त राधाबिनोद शर्मा सहित अन्य मनपा अधिकारी मौजूद रहे। परिवहन मंत्री ने हिंदू श्मशान में लगाए जाने वाले इलेक्ट्रिक शव दाहिनी का की जानकारी ली। विभिन्न समाज के लिए बनाए जाने वाले समाज भवन के कार्यों की जानकारी मनपा अधिकारियों ने दी। मंत्री सरनाईक ने पालिका क्षेत्र के जलतरण तलाव, जिमनॅस्टिक सेंटर, ट्रैफिक पार्क, स्वर्गीय लता दीनानाथ मंगेशकर संगीत विद्यालय, सिंधुताई संकपाल तिरंदाजी केंद्र, सायकल व जॉगिंग ट्रैक, घोडबंदर किले के कामों को समय रहते पूर्ण करने के दिशा निर्देश दिए।



मीरा भायंदर के विकास कार्यों का परिवहन मंत्री ने लिया जायजा

## सीवरेज लाइन शुल्क जनता पर आर्थिक बोझ : रवि व्यास

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भायंदर।** मीरा भायंदर महानगरपालिका क्षेत्र में इन दिनों प्राइवेट सोसाइटी के सीवरेज सिस्टम को पाइपलाइन के जरिए नजदीकी एसटीपी प्लांट से जोड़ने का काम ठेकेदार के जरिए किया जा रहा है। जिसके लिए मनपा ने पहले सोसाइटी पर इस सुविधा का लाभ लेने के लिए कुल 25 हजार रुपए का शुल्क लगाया था। लेकिन अब मनपा इसके साथ ही सोसाइटी से पाइप लाइन, उसे बिछाने और जोड़ने का खर्च भी सोसाइटी से वसूल रही है। भाजपा नेता एड. रवि व्यास ने मनपा की इस नीति का विरोध किया है। उनका कहना है की पालिका इसके जरिए सोसाइटी और आम जनता पर अतिरिक्त बोझ लाद रही है। साथ ही शहर में 50 प्रतिशत सोसाइटी में ये काम पहले ही किया जा चुका है और अब बची हुई सोसाइटी से इस खर्च की भरपाई अन्यायपूर्ण है। रवि व्यास का कहना है की नगरपालिका और ठेकेदारों की देरी की वजह से आम जनता पर इस तरह से नुकसान वसूले जाने की नीति असंगत है। उन्होंने मनपा आयुक्त को पत्र लिखकर इस विषय की तरफ उनका ध्यान आकर्षित करवाया है और इस नये नियम को वापस लेने की मांग की है। गौरतलब है कि कई सोसाइटी और आम जनता में भी मनपा की इस नीति को लेकर असंतोष देखने को मिल रहा है।





■ **मुंबई।** गुजरात के मेहसाणा जिले के भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीश राजगौर के मुंबई आगमन पर गौसेवक समाजसेवी चतराराम पुरोहित वाली के निवास पर पुष्पगुच्छ देकर सत्कार करते दिलीप लूंभावास,मासमा उपाध्यक्ष गणपत खिरोडी, मश्रसिंह खिरोडी, पुखराज रतनपुरा, भेराराम वाली, भावाराम चौधरी आदि सदस्यगण मौजूद थे।

## छत्रपति संभाजीनगर के राजू शिंदे का उद्धव गुट से इस्तीफा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** शिवसेना के गढ़ छत्रपति संभाजीनगर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में ठाकरे गुट को बड़ा झटका लगा है। छत्रपति संभाजीनगर के पश्चिम विधानसभा अध्यक्ष राजू शिंदे ने अपने पद और पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे को पत्र लिखकर अपना इस्तीफा सौंप दिया है। राजू शिंदे ने अपने इस्तीफे में पूर्व सांसद चंद्रकांत खैरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। राजू शिंदे ने अपने इस्तीफे में पूर्व सांसद चंद्रकांत खैरे के प्रति अपनी कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि वह चंद्रकांत खैरे के लगातार हस्तक्षेप और व्यवहार के कारण इस्तीफा दे रहे हैं। राजू शिंदे के साथ कुछ सहकर्मियों ने भी इस्तीफा दे दिया है। बीएमसी चुनाव से पहले ठाकरे गुट के लिए यह बड़ा झटका है। राजू शिंदे ने पत्र में लिखा है कि मैं उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे के साथ शिवसेना के अंबादास दानवे पर विश्वास रखते हुए पार्टी में शामिल हुआ। आपने मुझ पर भरोसा किया और मुझे विधान सभा के लिए नामांकित किया। मैं और मेरे सहकर्मी इसके लिए आभारी हैं, लेकिन किसी कारणवश तथा पूर्व सांसद चंद्रकांत खैरे से मेरी नाराजगी के कारण मैंने अपने सभी समर्थकों व साथियों के साथ शिवसेना पार्टी व विधानसभा अध्यक्ष के पद से इस्तीफा देने का निर्णय लिया है। राजू शिंदे ने पत्र में कहा है कि इसे स्वीकार किया जाना चाहिए।



## महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव 10 को

**मुंबई।** श्रमण भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव 10 अप्रैल को सुबह 9:30 बजे दादर (पूर्व) में स्थित स्वामी नारायण मंदिर के योगी सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन, कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, गजेंद्र शेखावत और महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर जैसे प्रमुख अतिथि एवं मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके अलावा, महाराष्ट्र सरकार में कैबिनेट गिरीश महाजन, मंगलप्रभात लोढ़ा, राज्यसभा सांसद मिलिंद देवड़ा, पूर्व कैबिनेट मंत्री राज पुरोहित और जैन माइनॉरिटी फेडरेशन के अध्यक्ष ललित गांधी विशेष अतिथि भी मौजूद रहेंगे। यह जानकारी भारत जैन महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीसी डांगी ने दी।

## जालोर भाजपा जिलाध्यक्ष कल मुंबई में

▶▶ जसराज राजपुरोहित का अभिनंदन समारोह

सुरेश पाडीव/जागरूक टाइम्स

**मुंबई।** जालोर बीजेपी के नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के मुंबई आगमन पर चार अप्रेल की शाम चार बजे लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण के माधवबाग स्थित एसी हॉल में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष बनने के बाद यह उनका पहला मुंबई दौरा होगा, जिसे लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं और प्रवासी राजस्थानियों में जबरदस्त उत्साह है। जसराज राजपुरोहित के सम्मान में शॉल,स्मृति चिह्न और पुष्पगुच्छ भेंटकर भव्य अभिनन्दन किया जाएगा। पुराराम चौधरी पूर्व विधायक भीनमाल, नारायण सिंह देवल पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक रानीवाड़ा, मेहसाणा भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीश भाई राजगौर भी इनके साथ आ रहे हैं।



**स्वागत की भव्य तैयारी पूरी**

समारोह में महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष एड. राहुल नार्वेकर,मलबार हिल विधायक व महाराष्ट्र सरकार के केबिनेट मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा, महाराष्ट्र के पूर्व कैबिनेट मंत्री राज के.पुरोहित समेत कई वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी, समाजसेवी,व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि और प्रवासी राजस्थानी समुदाय के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

**राजपुरोहित रखेंगे अपने विचार**

इससे पहले भी, आत्मविश्वास और आत्म-नियंत्रण का मूल मंत्र हैं। सभी युवाओं को समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है।" संभवतः मुंबई के इस अभिनंदन समारोह में भी वे शिक्षा और क्षेत्र के विकास पर अपने विचार साझा करेंगे।

**भाजपा कार्यकर्ताओं और समाज में उत्साह**

मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं और राजस्थानी समाज के छत्तीसकौम के लोगों में इस समारोह को लेकर भारी उत्साह है। अभिनन्दन समारोह में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है, जिससे यह आयोजन एक स्मरणीय क्षण बनने जा रहा है।

## केंद्र सरकार को सौंपी जाएगी मेनन की 14 संपत्तियां

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने साल 1993 में मुंबई में हुए सीरियल बम धमाकों के कथित मास्टरमाइंड टाइगर मेमन की 14 संपत्तियों को केंद्र सरकार को सौंपने का आदेश दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ये संपत्तियां मेमन और उसके परिवार के सदस्यों के नाम पर हैं और टाडा अदालत के आदेश के बाद साल 1994 से बॉम्बे हाईकोर्ट के कब्जे में थीं। केंद्र सरकार को सौंपी जाने वाली 14 संपत्तियों में बांद्रा (पश्चिम) में एक फ्लैट, माहिम में एक दफ्तर परिसर, माहिम में प्लॉट, सांताक्रूज (पूर्व) में एक खाली प्लॉट और एक फ्लैट, कुर्ला में दो फ्लैट, मोहम्मद अली रोड पर एक कार्यालय, डोंगरी में एक दुकान और एक प्लॉट, मनीष मार्केट में तीन दुकानें और मुंबई के शेख मेमन स्ट्रीट पर एक इमारत शामिल है।

■ 1993 के मुंबई धमाकों का आरोपी टाइगर मेमन

महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी पुरस्कार

## सम्मानित साहित्यकारों का 'नगर सत्कार'

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई में आयोजित महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के वर्ष 2024-25 के पुरस्कार समारोह में सम्मानित होने वाले नागपुर के मूर्धन्य साहित्यकारों के नगर सत्कार का गरिमापूर्ण समारोह अकादमी की उपाध्यक्ष और नागपुर प्रतिनिधि प्रियंका शक्ति ठाकुर की अध्यक्षता में विदर्भ हिंदी साहित्य सम्मेलन के साकेत सभागार में संपन्न हुआ। इस समारोह में मीरा जोगलेकर की सरस्वती वंदना के बाद अकादमी की उपाध्यक्ष प्रियंका ठाकुर का स्वागत रूबी दास 'अरु' ने किया। संचालनकर्ता साहित्यकार अविनाश बागड़े ने अकादमी द्वारा पुरस्कृत और जिन्हें इस वर्ष सम्मान नहीं मिल सका, ऐसे व्यक्तियों की प्रतिक्रियाओं को एक सहज मानवीय प्रवृति बताया। मुख्य कार्यक्रम में नागपुर के वरिष्ठ साहित्यकारों इंदिरा किसलय, कृष्ण नागपाल, प्रभा ललित सिंह, सत्येंद्र प्रसाद सिंह, माधुरी मिश्रा और संतोष बादल ने अकादमी द्वारा सम्मानित तीनों सत्कार मूर्तियों का सत्कार किया। इस अवसर पर आभा सिंह, डॉ. मनोज पाण्डे, वरिष्ठ साहित्यकार रामकृष्ण सहस्त्रबुद्ध, अकादमी की उपाध्यक्षा प्रियंका ठाकुर एवं टीकाराम साहू आजाद ने अपने विचार व्यक्त किए। आभार प्रदर्शन एस पी. सिंह ने किया। इस आयोजन में किशन शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार नीरज श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार अजय पांडे, मुकेश कुमार सिंह, पूनम मिश्रा, देवयानी बनर्जी, बनर्जी सर, सिंह साहब, रामदेव सर, रुचिता, डॉ. सुमिता कोंडबत्तुनवार, मंजूषा किंजवडेकर और उमाशंकर नामदेव ने प्रमुख भूमिका निभाई।



## महाराष्ट्र में नई गाड़ी लेने पर मिलेगी टैक्स में छूट

**मुंबई।** महाराष्ट्र में महायुति की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने मंगलवार (1 अप्रैल) को मंत्रिमण्डल की बैठक के बाद तय किया कि जो लोग पुरानी गाड़ी अपनी मर्जी से स्क्रैप में देते हैं, उन्हें वैसी ही नई गाड़ी खरीदते समय टैक्स में 15 परसेंट की छूट दी जाएगी। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से कहा गया है कि रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपेज फेसिलिटी (आरवीएसएफ) में रजिस्टर्ड आठ साल के अंदर की गाड़ियां स्वेच्छा से स्क्रैप में देने पर 10 फीसदी की रियायत दी जाएगी। इसके अलावा, 15 साल के अंदर गैर-परिवहन वाहनों को भी स्क्रैप में दिए जाने पर भी टैक्स में 10 प्रतिशत की रियायत दी जाएगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में तय किया गया है कि परिवहन और गैर-परिवहन वाहनों को एकमुश्त कर के अधीन 15 प्रतिशत टैक्स रियायत दी जाएगी। वहीं, ट्रांसपोर्ट कैटेगरी में आने वाले वाहन, रजिस्ट्रेशन डेट से 8 साल के अंदर के हों, तो उन्हें स्क्रैप में देने पर 15 परसेंट टैक्स रिबेट मिलेगा। इसके अलावा, गैर-परिवहन कैटेगरी में आने वाले वाहन रजिस्ट्रेशन डेट से लेकर 15 साल तक वार्षिक कर के अधीन आते हैं, उनमें 15 प्रतिशत वार्षिक कर में छूट दी जाएगी। आरवीएसएफमें गाड़ियों को स्क्रैप में देने के बाद ओनर को जो सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट दिया जाएगा।

## अनुयायी का हालचाल लेने नानावटी अस्पताल पहुंचे आचार्य

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई आगमन के दौरान पद्मश्री से सम्मानित आचार्य विजय नित्यानंद सूरीश्वर महाराज ने अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। आध्यात्मिक व सामाजिक कार्यों में निरंतर सक्रिय रहते हुए भी वे अपने अनुयायियों के प्रति जिस आत्मीयता का परिचय देते हैं, उसका प्रत्यक्ष प्रमाण तब मिला जब उन्होंने बीच यात्रा में नानावटी अस्पताल पहुंचकर अपने साधारण भक्तों की कुशलक्षेम पूछी। आचार्य श्री के मुंबई प्रवेश पर उनके अनुयायियों में हर्ष की लहर थी। इसी बीच, उन्हें ज्ञात हुआ कि उनके कुछ भक्त अस्वस्थ हैं और अस्पताल में उपचाराधीन हैं। बिना किसी औपचारिकता की चिंता किए, उन्होंने नानावटी अस्पताल जाने का निर्णय लिया। वहां पहुंचकर उन्होंने न केवल भक्तों से आत्मीय संवाद किया, बल्कि उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना भी की। उनकी इस संवेदनशीलता और सरल स्वभाव ने वहां मौजूद सभी लोगों को प्रभावित किया। उच्च आध्यात्मिक स्थान पर विराजमान होते हुए भी उनका अपने



■ पद्मश्री आचार्य विजय नित्यानंद सूरीश्वर ने भक्तों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की
■ सच्चा संत वही जो अनुयायियों के सुख-दुःख में सहभागी हो

अनुयायियों के प्रति यह स्नेहिल व्यवहार उनके महान व्यक्तित्व को दर्शाता है। यह घटना इस बात की पुष्टि करती है कि सच्चा संत वही होता है जो न केवल धर्म और शिक्षा का प्रचार करता है, बल्कि अपने अनुयायियों के सुख-दुःख में भी समान रूप से सहभागी बनता है।

पगारिया जेबीएन महाकुंभ-2025

## व्यापार के महासंगम का शुभारंभ छह जून से

**महाकुंभ का आयोजन जीतो मुंबई जोन के नेतृत्व में**

सुरेश भंसाली/जागरूक टाइम्स

**मुंबई।** व्यापार और नेटवर्किंग की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए जीतो मुंबई जोन द्वारा आयोजित "पगारिया जेबीएन महाकुंभ-2025" का भव्य अनावरण बुधवार को वर्ली, मुंबई के जेड बॉलरूम में संपन्न हुआ। महाकुंभ-2025 का आयोजन छह से आठ जून तक मुंबई में आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश-विदेश के हजारों जैन व्यापारी अपने व्यावसायिक विस्तार और नेटवर्किंग को नई दिशा देने के लिए एक मंच पर जुटेंगे। जीतो मुंबई जोन के नेतृत्व में इस महाकुंभ के आयोजन में जीतो गोवालिया टैंक का विशेष सहयोग रहा है। इस अवसर पर जीतो गोवालिया टैंक चैप्टर मुंबई के संयोजक हार्दिक शाह ने पूरे जैन समाज के इस भव्य आयोजन का हिस्सा बनने का खुला निमंत्रण दिया। कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने में जीतो मुंबई जोन के चेयरमैन विनय जैन, वाइस चेयरमैन अशोक मेहता, चीफ सेक्रेटरी विजय जैन, जेबीएन कन्वीनर हार्दिक शाह सहित जीतो अपेक्स के प्रेसीडेंट विजय भंडारी, चेयरमैन कैलाश गोलेच्छा, डायरेक्टर इंचार्ज महावीर लुणावत, चीफ सेक्रेटरी सीए अजय जैन तथा गोवालिया टैंक चैप्टर के चेयरमैन जयेश भंसाली और चीफ सेक्रेटरी महेंद्र शाह का विशेष योगदान रहा। इस अनावरण समारोह में 'पगारिया जेबीएन महाकुंभ-2025' के आधिकारिक 'लोगो' का भी अनावरण किया गया। जीतो अपेक्स मुंबई के चेयरमैन पृथ्वीराज कोठारी ने अपने संबोधन में इस आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह महाकुंभ न केवल गोवालिया टैंक या मुंबई जोन तक ही सीमित है, बल्कि यह संपूर्ण जैन समाज के वैश्विक व्यापारिक बंधुओं के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है।





**व्यापार और नेटवर्किंग का स्वर्णिम अवसर**

■ इस महाकुंभ का उद्देश्य केवल व्यापारिक लेन-देन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म होगा जहां विचारों का आदान-प्रदान, नई संभावनाओं की खोज और सहयोग की असीमित संभावनाएं विकसित होंगी। व्यापार की दुनिया में आगे बढ़ने के इच्छुक उद्यमियों के लिए यह आयोजन एक मील का पत्थर साबित होगा।

**आयोजन में व्यापरियों से सीधा संवाद**

■ जो व्यापारी अपने व्यवसाय को नए स्तर पर ले जाना चाहते हैं, उनके लिए यह महाकुंभ अनमोल अवसर है। मुंबई में होने वाले इस भव्य आयोजन का हिस्सा बनकर देश-विदेश के दिग्गज व्यापारियों और निवेशकों के साथ सीधा संवाद स्थापित करेंगे। यह सिर्फ एक इवेंट नहीं, बल्कि संभावनाओं का सागर है-इसमें डूबने के लिए तैयार रहें।

**विशेष सूचना**

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दुःख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) निःशुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशनार्थ शोक संदेश
jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर-
9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

# बाड़मेर : रेलवे ऑफिसर बना हनीट्रैप का शिकार

▶▶ आरोपी युवतियों ने अश्लील वीडियो अफसर की पत्नी को भेजा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बाड़मेर में रेलवे ऑफिसर हनीट्रैप का शिकार हो गया। आरोप है कि दो युवतियों ने उसे मिलने के बहाने बुलाकर बंधक बनाया और उसके अश्लील वीडियो बना लिए। आरोपी युवतियों ने वीडियो उसकी पत्नी को भी भेज दिए। पुलिस को दी एफआईआर के अनुसार ऑफिसर से 10 लाख रुपए की डिमांड भी की गई है। मामला बाड़मेर सदन थाना इलाके के शिव नगर का सोमवार शाम है। दरअसल, बाड़मेर रेलवे स्टेशन के अधिकारी ने मंगलवार को सदर थाने में रिपोर्ट दी। उसने बताया कि करीब दो महीने पहले मेरा संपर्क एक लड़की से हुआ था। तब उसने अपना नाम सुमन (बदला नाम) बताया था। उसने अपना मोबाइल नंबर भी शेयर किया था। हर 5-10 दिन में एक-दो बार टिकट से संबंधित जानकारी के लिए फोन पर बात होती रहती थी।



▶▶ दो युवतियों ने मिलने के बहाने बुलाया, की मारपीट

### वॉट्सऐप पर कॉल कर मिलने बुलाया

रिपोर्ट में बताया गया है कि पांच-छह दिन पहले सुमन का फोन आया था। उसने अपनी एक सहेली से मेरा संपर्क करवाया। मुझे उस लड़की का मोबाइल नंबर दिया। सुमन ने बताया कि यह लड़की आपसे संपर्क कर लेगी। सोमवार की शाम के समय सुमन के बताए अनुसार वॉट्सऐप पर कॉल आया। लड़की ने अपना नाम गायत्री (बदला नाम) बताया। उसने कहा कि आप गांधीनगर, चामुंडा सर्किल तक आ जाओ, वहां पर मैं आपको मिलूंगी। चामुंडा सर्किल पर पहुंचने पर गायत्री ने अपनी स्कूटी से पिकअप किया। फिर वो ऑफिसर को लेकर शिवनगर एरिया के एक मकान पर पहुंची। गायत्री के मोबाइल पर लगातार फोन आ रहे थे।

### 10 लाख रुपए मांगे

एफआईआर के अनुसार कमरे में आते ही दोनों युवकों ने मारपीट शुरू कर दी। मकान में बंधक बना दिया। दोनों लड़कों ने पीड़ित के कपड़े उतार कर मारपीट की और अश्लील वीडियो बनाए। उन्होंने 10 लाख रुपए की डिमांड की और जल्द से जल्द व्यवस्था करने को कहा। इस पर पीड़ित रेलवे कर्मचारी ने कहा– बाड़मेर में तो मेरा कोई नहीं है मैं कुछ समय पहले ही बाड़मेर आया हूं। रुपए नहीं देने पर अश्लील वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर करने की धमकियां दी। साथ ही महिला थाने में मामला दर्ज करवाकर जेल भेजने की भी धमकी दी। इसके बाद बदमाशों ने वॉट्सऐप पर अधिकारी की पत्नी को कॉल किया, साथ ही अश्लील फोटो भेज दिए। इसके बाद पीड़ित को वापस हाईवे पर सूनसान जगह पर छोड़ दिया।

# ढाबे की आड़ में डोडा-पोस्त की सप्लाई, एक गिरफ्तार

**बालोतरा।** बालोतरा जिले की सिणधरी पुलिस ने अलग-अलग जगह कार्रवाई करते हुए 13.09 किलो डोडा पोस्त जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी फरार हो गया। चाय के ढाबे की आड़ में डोडा-पोस्त की बिक्री कर रहे थे। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है। सिणधरी थानाधिकारी देव किशन के अनुसार गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि सिणधरी कस्बे में चाय के ढाबे की आड़ में अवैध डोडा-पोस्त बिक्री की जा रही है। इस पर थानाधिकारी देव किशन ने शनिदेव होटल पर घेराबंदी कर दबिश दी। पुलिस ने सांवलाराम पुत्र खेताराम निवासी टाकुबेरी पुलिस थाना सिणधरी बालोतरा को डिटेन किया। उसके कब्जे से 3.840 किलोग्राम डोडा-पोस्त बरामद किया। इसी तरह दूसरी टीम ने दूसरे चाय के ढाबे पर दबिश दी। कार्रवाई की भनक लगने पर आरोपी सोनाराम पुत्र मुकनाराम निवासी सिणधरी सर्किल, जिला बालोतरा फरार हो गया। उसके ढाबे से 9.250 किलोग्राम अवैध बरामद किया गया। फिलहाल पुलिस आरोपी सोनाराम की तलाश की जा रही है। दोनों कार्रवाई पर दो अलग-अलग मामले थाने में दर्ज किए गए। कार्रवाई में पादरू चौकी प्रभारी एसआई लूणाराम, सिणधरी थाने के एएसआई लूणाराम, हेड कांस्टेबल गोमाराम, कांस्टेबल लाभूराम, हनुमानराम, आईदानराम, जोगेंद्र और सुखदेव शामिल रहे।



■ दूसरा आरोपी बच निकला, 13.09 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त

जसोलधाम में नवरात्र का पांचवां दिन

# मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना, छप्पन भोग और कन्या पूजन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बालोतरा।** जसोल धाम स्थित श्री राणी भटियाणी मंदिर में चैत्र नवरात्रा के पांचवें दिन मां दुर्गा के पंचम स्वरूप मां स्कंदमाता की विशेष पूजा-अर्चना की गई। पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायणगिरी महाराज के सानिध्य में यह पूजन संपन्न हुआ। संस्थान अध्यक्ष रावल किशन सिंह जसोल ने भक्तों की मनोकामना पूर्ति के लिए विधिवत पूजा की। श्री दुधेश्वर वेद विधा पीठ, गाजियाबाद के विद्वान आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन करवाया। इस अवसर पर फलौदी निवासी सुशीला देवी फाफट ने अन्नपूर्णा प्रसादम और छप्पन भोग का आयोजन किया। उन्होंने सभी मंदिरों में भोग अर्पित कर भक्तों में प्रसाद का वितरण किया। कार्यक्रम में मालाणी सांस्कृतिक कला केंद्र के कलाकारों ने गेर नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। लाभार्थी परिवार ने जसोल ग्राम की कन्याओं और



बटुकों का पूजन कर उन्हें प्रसाद और दक्षिणा भेंट की। पूरे कार्यक्रम में पारंपरिक रीति-रिवाजों का विशेष ध्यान रखा गया। जसोल धाम के समस्त भक्तों को संबोधित करते हुए महंत श्री नारायणगिरी जी महाराज ने कहा कि चैत्र नवरात्रि की पंचमी तिथि को मां दुर्गा के पंचम स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा का विधान है। मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना करने से नकारात्मक शक्तियां दूर होती है, और कार्यों में हो रही विघ्न-बाधाएं समाप्त होती है।

### ▶▶ मां स्कंदमाता का स्वरूप

मां स्कंदमाता की गोद में भगवान स्कंद (कार्तिकेय) विराजमान है। मां कमल के आसन पर विराजित है, जिसके कारण इन्हें पद्मासना देवी भी कहा जाता है। मां का वाहन सिंह है। मां भगवती के इस पंचम स्वरूप की उपासना करने से संतान संबंधी परेशानियां दूर होती है और भक्तों को सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

# भारत की थिंक टैंक के डीजी पहुंचे बॉर्डर

**जैसलमेर।** मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान (एमपी-आईडीएसए) के डीजी सुजान आर चिनॉय ने सीमा क्षेत्र का दौरा किया। देश के प्रमुख थिंक टैंक मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान के डीजी सुजान आर चिनॉय ने भारत पाक बॉर्डर का दौरा किया। अपनी दो दिवसीय आधिकारिक जैसलमेर दौरे के दौरान क्षेत्रीय मुख्यालय जैसलमेर की सीमा चौकियों का दौरा किया। भारत-पाक सीमा पर सीमा सुरक्षा बल की हथियारों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन कर जानकारी ली। सीमा चौकी पर बीएसएफ डीआईजी नार्थ सेक्टर योगेन्द्र सिंह राठौड़ और कमांडेंट वी पी सिंह ने स्वागत किया। सीमा चौकी पर डीजी सुजान आर चिनॉय ने बॉर्डर पर जवानों और महिला प्रहरी से मुलाकात कर उनकी हौसला अफजाई की। सीमा चौकी पर सीमा सुरक्षा बल में इस्तेमाल किए जा रहे हथियारों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन भी किया। महानिदेशक चिनॉय ने तनोट माता मंदिर में पूजा-अर्चना की और देश में अमन एवं शांति की कामना की। महानिदेशक ने सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों से मुलाकात कर जैसलमेर की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा की सामरिक सुरक्षा व्यवस्थाओं के बारे में चर्चा की।



### ▶▶ हथियारों की प्रदर्शनी देखी

देश के प्रमुख थिंक टैंक मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान के डीजी सुजान आर चिनॉय ने सीमा सुरक्षा बल के तोपखाना रेजिमेंट द्वारा इस्तेमाल होने वाले हथियारों के प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। महानिदेशक चिनॉय ने अपने जैसलमेर दौरे के दौरान सीमा पर विषम परिस्थितियों में निरंतर अपने कर्तव्य का पालन कर रहे सीमा सुरक्षा बल के जवानों की सराहना एवं हौसला अफजाई की। गौरतलब है कि रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान, जो अब मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान के नाम से जाना जाता है, भारत का एक प्रमुख थिंक टैंक है जो रक्षा, सामरिक और सुरक्षा मामलों पर अनुसंधान करता है।

31 साल बाद बढ़ी जोधपुर नगर निगम की सीमा

# जोधपुर उत्तर व दक्षिण निगम के कुल 160 वार्ड खत्म

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर में नगर निगम बनने के 31 साल बाद आखिरकार इसका सीमा क्षेत्र भी बढ़ ही गया। जोधपुर नगर निगम उत्तर व दक्षिण और इनके 80-80 वार्ड खत्म कर एक बार फिर एकीकृत नगर निगम में 100 वार्ड बनाए जा चुके हैं। जोधपुर नगर निगम में दो राजस्व ग्राम नांदड़ी व श्रीयादे गांव को सरदारपुरा विधानसभा क्षेत्र में जोड़ा गया है। नए जोड़े गए राजस्व ग्राम श्रीयादे नगर व नांदड़ी की आबादी को मिलाकर दो नए वार्ड बनाए गए हैं। ऐसे में नए राजस्व गांव से दो वार्ड और शहर, सरदारपुरा व सूरसागर विधानसभा से नगर निगम के नए परिसीमन को अंतिम रूप देने के लिए काफी लंबी मशक्कत चली। इसके नए प्रारूप को मंगलवार को अंतिम रूप देते हुए नए परिसीमन के प्रकाशन के लिए कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने आदेश जारी कर दिए। नगर निगम आयुक्त सिद्धार्थ पलानीचामी के अनुसार परिसीमन का ड्राफ्ट और नक्शा निगम की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाएगा। निगम के 100 वार्डों की सीमा तय करने के बाद प्रशासन ने बुधवार से आपत्तियां मांगनी शुरू कर दी है। यह क्रम 20 दिन तक चलेगा। प्रत्येक वार्ड की आबादी 7000 से 12000 तक रखी गई है। परिसीमन में जनसंख्या के आधार पर सबसे छोटा वार्ड शहर विधानसभा में वार्ड 62 होगा। इसमें 7064 वोटर होंगे। वार्ड की परिधि में जालोरियों का बास, राम चौक, खानिया, शंभु भवन, मियों की मस्जिद व आस-पास के क्षेत्र शामिल होंगे। सबसे बड़ा वार्ड सरदारपुरा विधानसभा का 100 होगा। इसमें किशोर बाग, नरपत पेट्रोल पंप, मां भगवती कॉलोनी से सुसवाणी माता की गलियों सहित आसपास के क्षेत्र शामिल हैं। नए परिसीमांकन में दोनों निगम के 160 वार्डों को तोड़ने के लिए डेढ़ से दो वार्ड एक में मर्ज किए गए हैं। इसमें वार्डों को मर्ज करने में वार्ड बाउंड्री का ख्याल रखा गया है। सीमा में जोड़े गए दोनों गांव को वार्ड 77 व 78 में शामिल किया गया है। इन दोनों वार्डों के जुड़ने से साल 2011 की जनसंख्या के आधार पर जोधपुर की आबादी में 22 हजार से अधिक की वृद्धि हुई है। अब सूरसागर विधानसभा में सर्वाधिक 40 वार्ड बनाए गए हैं। वहीं, सरदारपुरा विस में 31 और शहर विस में 29 वार्ड बनाए गए हैं।



# हाइटेंशन लाइनों से टकराया दुर्लभ प्रवासी गिद्ध

▶▶ यूरेशियन ग्रिफॉन गिद्ध के पंख पर आई चोट

**जैसलमेर।** जैसलमेर के धोलिया गांव के वन्य जीव वाले इलाके में एक प्रवासी गिद्ध करंट से घायल हो गया। घायल दुर्लभ यूरेशियन ग्रिफॉन नामक गिद्ध को ग्रामीण धर्मा राम विश्नोई ने देखकर वन्य जीव प्रेमी राधेश्याम विश्नोई को बुलाया। मौके पर पहुंचे वन्य जीव प्रेमी राधेश्याम विश्नोई ने घायल गिद्ध को रेस्क्यू किया। गिद्ध के एक पंख में गंभीर चोट की वजह से वो उड़ नहीं पा रहा था। राधेश्याम विश्नोई ने घायल गिद्ध का इलाज किया और उसको संरक्षण में रखा। अब सही होने के बाद उसे जंगल में छोड़ देंगे। वन्य जीव प्रेमियों ने इलाके से गुजर रही हाईटेंशन लाइनों को भूमिगत करने की मांग की है। वन्य जीव प्रेमी राधेश्याम विश्नोई ने बताया- इलाके से गुजर रही हाइटेंशन लाइनें इन वन्य जीवों के लिए हमेशा के लिए खतरा है। कई बार इनसे टकराकर कई दुर्लभ पक्षियों की मौत हो चुकी है, मगर सरकार इसको भूमिगत नहीं करवा रही है। जिले में कई वन्य जीव बाहुल्य इलाकों में प्रवास करने दुर्लभ पक्षी आए हैं। पक्षियों ने कई इलाकों में अपना डेरा डाला है। इलाके में बिजली के तारों से टकराकर दुर्लभ पक्षियों के मरने का सिलसिला जारी है। इन तारों को भूमिगत करने की मांग काफी समय से उठाई जा रही है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही।



### सर्दियों में प्रवास करता यूरेशियन ग्रिफॉन

पर्यावरण प्रेमी सुमेर सिंह ने बताया कि यूरेशियन ग्रिफॉन नामक दुर्लभ गिद्ध प्रवासी पक्षी है और सर्दियों में यहां प्रवास करता है। राजस्थान में यूरेशियन ग्रिफॉन कजाकिस्तान, अफगानिस्तान और बलूचिस्तान से आते हैं। इनका प्रवास का रास्ता मध्य-पूर्व से दक्षिणी एशिया की ओर है। इस मार्ग को यूरेशियन ग्रिफॉन के अलावा अन्य प्रजातियां भी इस्तेमाल करती हैं। वहां ज्यादा ठंड होने पर ये प्रवास करके हजारों किमी का सफर तय करके गर्म जगहों पर आते हैं। जैसलमेर में ये फतेहगढ़, लाठी आदि इलाकों में जहां पशु विचरण का इलाका ज्यादा है वहां ये ज्यादा पाए जाते हैं।

### मुंबई मेटल मार्केट

| मेटल | आज का | पूर्व बंद |
|---|---|---|
| कॉपर वायर बार | 895 | 899 |
| एल्युमिनियम इन्गॉट | 248 | 251 |
| जिंक स्लैब | 274 | 274 |
| लीड इन्गॉट | 182 | 182 |
| टिन स्लैब | 3300 | 3195 |
| निकल | 1405 | 1408 |
| सभी दरें रूपए प्रति किलो में है। | | |
| कॉपर केबल स्क्रेप | 858 | 860 |
| कॉपर हैवी स्क्रेप | 848 | 849 |
| कॉपर आर्मेचर | 837 | 838 |
| कॉपर यूटेंसिल्स | 773 | 775 |
| कॉपर सीट | – | – |
| ब्रास यूटेंसिल्स | 560 | 560 |
| ब्रास सीट कटिंग्स | 598 | 600 |
| एल्युमिनियम | 200 | 200 |

### लंदन मेटल मार्केट
तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)

| धातु | आज का भाव | स्टॉक (टन में) वृद्धि+/कमी– |
|---|---|---|
| कॉपर | 9655 | –1400 |
| टिन | 37931 | +0 |
| लीड | 1946 | –1250 |
| जिंक | 2763 | –100 |
| एल्युमिनियम | 2466 | –75 |
| निकल | 15889 | +0 |

## व्यापार जगत

# सेंसेक्स 592 अंक चढ़कर 76,617 पर बंद

▶▶ निफ्टी भी 166 अंक बढ़ा, 23332 पर पहुंचा

**मुंबई।** शेयर बाजार में दो अप्रैल को बढ़त रही। सेंसेक्स 592 अंक चढ़कर 76,617 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में 166 अंक की बढ़त रही, ये 23,332 के स्तर पर बंद हुआ। सबसे ज्यादा तेजी रियल्टी सेक्टर में रही। निफ्टी रियल्टी इंडेक्स 3.61 चढ़ा। वहीं कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 2.51% की तेजी रही। आईटी, एफएमसीजी, मेटल और फार्मा इंडेक्स में करीब 1% की बढ़त रही।



### बाजार से जुड़े बड़े अपडेट

आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड जल्द ही अपना आईपीओ आएगी। कंपनी ने मंगलवार को मार्केट रेगुलेटर SEBI के पास आईपीओ पेपर्स दोबारा फाइल किए हैं। इस आईपीओ का इश्यू साइज 745 करोड़ रुपए है। पूरी खबर पढ़ें गोल्डमैन सैक्स ने टाटा कंज्यूमर के शेयर की रेटिंग को 'बाय' में अपग्रेड किया है। टारगेट 1,040 से बढ़ाकर 1,200 कर दिया है। इसके बाद बुधवार को शेयर में 8% चढ़कर 1,060 रुपए के पार पहुंच गया है।

### ग्लोबल मार्केट में बढ़त

एशियाई बाजारों में जापान के निक्केई में 0.28% और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.05% की तेजी रही। वहीं हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.019% गिरकर बंद हुआ। अप्रैल को अमेरिका का डाओ जोंस 0.028% गिरकर 41,989 पर बंद हुआ। नैस्डेक कंपोजिट में 0.87% की तेजी रही जबकि S&P 500 इंडेक्स 0.38% चढ़कर बंद हुआ। अप्रैल को विदेशी निवेशकों ने 5,901 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। वहीं, घरेलू निवेशकों ने 4,322 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

# 1200 तक जा सकता टाटा कंज्यूमर का शेयर!

**मुंबई।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स लिमिटेड के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। कंपनी के शेयर बुधवार को बीएसई में सात पर्सेंट से ज्यादा उछलकर 1073.55 रुपए पर पहुंच गए हैं। ग्लोबल ब्रोकरेज हाउस गोल्डमैन सैक्स ने टाटा कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स की रेटिंग अपग्रेड कर दी है और कंपनी के शेयरों का टारगेट प्राइस 15 पर्सेंट से ज्यादा बढ़ा दिया है। टाटा कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 1247.75 रुपए है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 884 रुपए है।

### बाय रेटिंग के साथ 1200 रुपए का टारगेट प्राइस

इंटरनेशनल ब्रोकरेज हाउस गोल्डमैन सैक्स ने टाटा कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स लिमिटेड के शेयरों को खरीदने की सलाह दी है। ब्रोकरेज हाउस ने कंपनी के शेयरों को बाय रेटिंग दी है। गोल्डमैन सैक्स ने पहले कंपनी के शेयरों को न्यूट्रल रेटिंग दी थी। ब्रोकरेज हाउस ने टाटा कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स के शेयरों का टारगेट प्राइस रिवाइज करके 1200 रुपए कर दिया है। गोल्डमैन सैक्स ने पहले कंपनी के शेयरों के लिए 1040 रुपए का टारगेट दिया था। मंगलवार के क्लोजिंग लेवल के मुकाबले टाटा कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स के शेयरों में 21 पर्सेंट का उछाल आ सकता है।



### ▶▶ पांच साल में 300% से ज्यादा चढ़े कंपनी के शेयर

टाटा कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स लिमिटेड के शेयर पिछले पांच साल में 300 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं। टाटा ग्रुप की इस कंपनी के शेयर तीन अप्रैल 2020 को 263.97 रुपए पर थे। कंपनी के शेयर दो अप्रैल को 1073.55 रुपए पर जा पहुंचे हैं। पिछले दो साल में टाटा कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स के शेयरों में 50 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी देखने को मिली है। इस साल अब तक टाटा कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स लिमिटेड के शेयरों में 17 पर्सेंट का उछाल आया है।

# एफडी में रिटर्न पर चल गई कैंची

**नई दिल्ली।** बैंकों ने फिक्स्ड डिपॉजिट पर ब्याज दरें कम करना शुरू कर दिया है। ये ब्याज दरें फरवरी में रिजर्व बैंक की ओर से रेपो रेट में कटौती के बाद कम होनी शुरू हुई हैं। फरवरी में रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में 25 बेसिस पॉइंट की कमी की थी। इसी के बाद माना जा रहा था कि बैंक अब एफडी पर ब्याज दरें कम करना शुरू कर देंगे। ब्याज दरें कम होने से इसमें निवेश करने वालों की संख्या में कमी आ सकती है। वह इसलिए क्योंकि निवेशकों को एफडी पर अब कम रिटर्न मिलेगा। प्राइवेट बैंक एफडी पर सरकारी बैंकों की अपेक्षा ज्यादा रिटर्न के लिए जाने जाते हैं। लेकिन अब प्राइवेट बैंकों ने भी एफडी की ब्याज दरों पर कैंची चलाना शुरू कर दिया है। यस बैंक ने कुछ खास समय के लिए एफडी पर ब्याज दरें 0.25% घटा दी हैं। ब्याज दर में यह कमी दिखाती है कि शायद अब बाकी बैंक भी एफडी पर ब्याज दरें कम कर सकते हैं। वहीं एचडीएफसी बैंक ने अपनी स्पेशल एडिशन एफडी स्कीम बंद कर दी है। इस स्कीम में पहले जमा करने वालों को ज्यादा ब्याज मिलता था। आने वाले दिनों में ब्याज दरों में और कमी हो सकती है। यस बैंक आम लोगों को सात दिन से 10 साल तक की एफडी पर 3.25% से 7.75% तक ब्याज दे रहा है। यह ब्याज तीन करोड़ रुपए से कम की एफडी पर मिलेगा। पहले यह दर 3.25% से 8% तक थी। बैंक सबसे ज्यादा 7.75% ब्याज 12 महीने से 24 महीने से कम की एफडी पर दे रहा है। वहीं सीनियर सिटीजन को यस बैंक 3.75% से 8.25% तक ब्याज दे रहा है। यह ब्याज तीन करोड़ रुपए से कम की एफडी पर मिलेगा। पहले यह दर 3.75% से 8.50% तक थी। सीनियर सिटीजन को सबसे ज्यादा 8.25% ब्याज 12 महीने से 24 महीने से कम की एफडी पर मिल रहा है। अगर आप यस बैंक की 181 दिन या उससे कम समय वाली एफडी को समय से पहले तोड़ते हैं, तो आपको 0.75% सालाना का जुर्माना देना होगा।



# सोने-चांदी के दाम में गिरावट

▶▶ सोना 194 गिरकर 90,921 पर आया

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी के दाम में दो अप्रैल को गिरावट। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 194 रुपए गिरकर 90,921 रुपए पर आ गया है। इससे पहले सोना 91,115 रुपए पर था। ये इसका ऑल टाइम हाई भी है। एक किलो चांदी की कीमत 549 रुपए गिरकर 99,092 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 99,641 रुपए प्रति किलो था। चांदी ने पिछले हफ्ते 27 मार्च को 1,00,934 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 14,759 रुपए यानी 40% बढ़कर 90,921 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 13,075 रुपए यानी 15% बढ़कर 99,092 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।



# अडानी समूह और एलएंडटी से एक साथ मिले दो बड़े ऑर्डर

▶▶ शेयर में तेजी, 67 पर आया भाव

**मुंबई।** एसएमई स्टॉक हर्षदीप हॉर्टिको के शेयर बुधवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर इंट्रा डे में 2% तक चढ़कर 67.80 रुपए के हाई पर आ गए थे। कमजोर मार्केट सेंटिमेंट के बावजूद बीएसई एसएमई स्टॉक में एक महीने से अधिक समय में लगभग 12 प्रतिशत तेजी दर्ज की गई है। पिछले साल फरवरी में लिस्ट होने के बाद से हर्षदीप हॉर्टिको के शेयरों में अब तक 20 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई है। कंपनी ने ऐलान किया है कि उसे आगामी नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फूलों के गमलों की सप्लाई के लिए लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) और नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे प्राइवेट लिमिटेड (अडानी समूह) से दो महत्वपूर्ण ऑर्डर मिले हैं। एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, लगभग 43.50 लाख और 96.45 लाख के ऑर्डर 30 जून तक डिलीवर किए जाने हैं। कंपनी ने एक अप्रैल को एक विज्ञप्ति में कहा, "यह विकास पिछले साल मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे लिमिटेड (64.90 लाख रुपए) और मंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (21.7 लाख रुपए) को अनुकूलित प्लांटर्स की आपूर्ति के लिए 86.6 लाख रुपए के ऑर्डर हासिल करने में कंपनी की पिछली सफलता के बाद हुआ है, दोनों ही अडानी समूह द्वारा संचालित हैं।



## आप का राशिफल 3 अप्रैल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। प्रेमभाव बढ़ेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। शुभांक 3 5 6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। यात्रा का योग बनेगा। शुभांक 5 7 8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-5-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। वाहन चालन में सावधानी बरतें। शुभांक 5 7 9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती है। पठन पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-4-6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। सुख आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मातृपक्ष के लोगों का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): मनोविनोद बढ़ेगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख आराम प्रभावित होगा। शुभांक 6 8 9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-6-7-9

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। शुभांक 7 8 9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-3-5

# चौरा के ग्रामीणों ने शुरू की भूख हड़ताल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता





**चार जने बैठे अनशन पर**

**सांचौर ।** क्षेत्र के चौरा ग्राम पंचायत के ग्रामीणो ने नवीन राजस्व गांव रामेश्वर नगर को निरस्त करने की मांग को लेकर ग्रामीणो ने उपखंड कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा, वहीं प्रशासन द्वारा बार-बार ज्ञापन देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने पर ग्रामीणो ने उपखंड कार्यालय के समक्ष् धरने पर बैठक चार भूख हड़ताल शुरू कर दी, जिसमे चार जने आमरण अनशन पर बैठ गये है, जिसमें तुलसाराम पुरोहित, महेन्द्र सिंह राजपुत, अणदाराम मेघवाल, आसुराम मेघवाल ने आमरण अनशन शुरू कर दिया, वहीं उपखंड अधिकारी को सौपे ज्ञापन में बताया कि चौरा में नवसृजित गांव रामेश्वर नगर जो राजस्व गांव घोषित हुआ है जो गलत है व ग्रामीणो की भावना के खिलाफ है, ज्ञापन में बताया कि पूर्व में हमारे ग्राम वासियों द्वारा ग्राम की आम सभा करके सामूहिक निर्णय किया गया कि जो राजस्व गांव रामेश्वर नगर नव घोषित राज्य सरकार द्वारा किया गया है वह अवैध और गलत कागजों के और जातिवाद के आधार पर किया गया है।

इसे आम ग्राम सभा में सामूहिक निर्णय लिया गया कि इस ग्राम को राज्य सरकार तुरंत निरस्त हेतु निवेदन किया गया यह साथ ही चौरा ढाणी को ग्राम पंचायत करावडी में नही जोडे जाने बाबत निवेदन किया गया था, जो आज दिनांक तक प्रशासन द्वारा किसी तरह की कार्यवाही नही किए जाने के कारण मजबूरन समस्त ग्राम पंचायत चौरा में नव घोषित गांव रामेश्वर नगर व चौरा ढाणी के निवासी सामूहिक रूप से आमरण अनशन पर बैठ रहे है ।

जिसकी मुख्य मांगो में रामेश्वर नगर राजस्व गांव को तुरंत प्रभाव से निरस्त किया जाए, राजस्व गांव चौरा ढाणी को ग्राम पंचायत करावडी में नहीं जोड़ा जाए पूर्व पंचायत को यथा स्थिति 2020 की स्थिति में रखा जाए, हल्का पटवारी गोपीकिशन विश्नोई द्वारा गलत रिपोर्ट प्रेषित कर ग्राम में जातिवाद और अन्य उनके साथ में रतनाराम देवासी तथा वसनाराम चौधरी (एल.डी.सी. तहसील कार्यालय सांचौर) ने जो मिलकर इन्होंने जो यह गलत तरिके से जातिवाद के आधार पर गलत सिमांकन कर गलत बंटवाडा किया है। इस हेतु हल्का पटवारी व तहसील बाबु को तुरंत प्रभाव से हटाया जावें, नया गांव बनाने हेतु ग्राम वासियों की तरफ से झूठा पत्र देकर नया राजस्व गांव की मांग की गई।

# जालोर जिले में चार नए राजस्व ग्राम घोषित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर भीनमाल तहसील के मूल राजस्व ग्राम पूनासा में से बालाजी नगर व चारणियों की ढाणी तथा जालोर तहसील के मूल राजस्व ग्राम जालोर बी में से वीरजी नगर व कांकरी को नवीन राजस्व ग्राम घोषित किया है। जिला कलक्टर प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 (1956 का अधिनियम 15) की धारा 16 में निहित प्रावधानों के अनुसरण में राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नवीन राजस्व ग्राम बालाजी नगर का क्षेत्रफल 1337.6000 हैक्टेयर, चारणियों की ढाणी का क्षेत्रफल 342.9900 हैक्टेयर, वीरजी नगर का क्षेत्रफल 1162.5715 हैक्टेयर एवं कांकरी का क्षेत्रफल 1568.0004 हैक्टेयर रहेगा।

# जालोर : लूटा गया डीजल से भरा टैंकर 24 घंटे में बरामद

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जालोर।** श्यामसिंह जिला पुलिस अधीक्षक जालोर के निर्देशानुसार एवं दशरथ सिंह अति. पुलिस अधीक्षक सांचौर व रतनलाल मेघवाल वृताधिकारी महोदय रानीवाड़ा के सुपरविजन में दिनांक 10.10.2020 को रात्री मे करीबन 11.00 बजे सरहद भापडी से अज्ञात स्कॉर्पियो चालक डीजल से भरे हुये टैंकर को लूट कर अरणाय की तरफ ले गये तथा टैंकर के चालक खमानाराम का अपहरण कर स्कॉर्पियो वाहन मे डालकर करडा से कोडका की तरफ चले गये थे। लूट मे प्रयुक्त वाहन स्कॉर्पियो का अगला टायर फटने से गाडी को रोका तो अपहृत टैंकर चालक ने सामने से गाडी आती दिखाई दी जिसको देखकर जोर जोर से हो हल्ला किया तो लूटेरे गाडी घूमाने लगे तो अपहता खमानाराम गाडी से कुदकर भाग गया व स्कॉर्पियो मे बैठे लूटेरे भी स्कॉर्पियो वाहन को छोडकर खेतो मे भाग गये। टैंकर चालक द्वारा पुलिस थाना करडा मे सूचना देने पर थानाधिकारी मय जाब्ता द्वारा टीम को लेकर तुरन्त मौके पर पहुचे और श्री डुंगाराम हैडकानि. मय जाब्ता अपहृत खमानाराम व स्कॉर्पियो वाहन को लेकर थाना आये तथा थानाधिकारी मय जाब्ता द्वारा अज्ञात मुलजिमानो व लूटे हुये टेकर की तलाश करते हुये तकनिकी सहायता व मुखबीर तन्त्र के आधार पर सरहद बायतू से जोधपुर जाने वाली मुख्य सडक से टैकर नम्बर RJ 04 GB 7021 को बीस हजार लीटर डीजल सहित बरामद कर थाना लेकर उपस्थित आये। लूटे गये टैकर व डीजल की कीमत करीबन 50 लाख है। प्रार्थी द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण सं 101/2020 धारा 365,392,341,323 / 34 भादस मे दर्ज कर अनुसंधान व फरार आरोपीयों की धरपकड जारी है। जिनको शीघ्र की गिरफ्तार किया जायेगा।

# डीसी ने सिंगल क्लिक कर 431 बीमा पॉलिसियों पर की प्रोसेस कार्रवाई

**▶▶ 48 करोड़ 28 लाख 13 हजार 168 के भुगतान का मामला**



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे द्वारा बुधवार को कलेक्टर कक्ष में राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग को प्राप्त लक्ष्यानुसार निर्धारित तिथि 31 मार्च, 2025 तक 143 बीमा परिपक्वता स्वत्व के शत-प्रतिशत दावें प्राप्त कर अधिकार पत्र भुगतान के लिए सिंगल क्लिक कर 48 लाख 20 हजार 13 हजार 168 रूपयों की राशि के भुगतान की ऑटो प्रोसेस कार्यवाही की गई। जिसका भुगतान 1 अप्रेल, 2025 के पश्चात् बीमेदारों के खातों में जमा हो जायेगा। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग जालोर की संयुक्त निदेशक सुनीता यादव एवं सहायक निदेशक रतनपुरी के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षक भंवरलाल व जितेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में रघुनाथाराम, संजय कुमार, खुशवन्त चौहान व राजकुमार द्वारा विशेष प्रयास कर इस अभियान के शत-प्रतिशत लक्ष्य को अर्जित किया गया।

# धर्मसभा को लेकर तैयारियां जोरों पर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** विश्व हिन्दू परिषद्-बजरंग दल भीनमाल द्वारा आगामी 6 अप्रैल को भीनमाल में आयोज्य भव्य शोभायात्रा व धर्मसभा को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। भीनमाल के संघ मैदान में आयोजित धर्म सभा को लेकर गणमान्य नागरिकों द्वारा कार्यक्रम स्थल पर सफाई व समतलीकरण का कार्य जोरो पर है। बुधवार को कार्यकर्ताओं द्वारा तैयारियों का जायजा लिया गया। इस दौरान नगर पालिका अधिशासी अधिकारी



श्री तेजराज जी भंडारी के नेतृत्व में नगरपालिका कर्मियों द्वारा बुल्डोजर की सहायता से सफाई कार्य जोरो पर है। इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद् जोधपुर प्रांत सह कोषाध्यक्ष राव वचन सिंह मणधर, संदीप देसाई ,विक्रम सिंह आर्य ,जैसाराम माली,नारायणलाल जांगिड़ ,जमादार सुमेरभाई व बादल भाई सहित कई मौजूद हैं।

# जालोर : 17 साल पुराना भ्रष्टाचार का मामला

**▶▶ नौ आरोपियों के विरुद्ध एसीबी कोर्ट में चालान पेश**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जालोर।** एसीबी जालोर की टीम द्वारा 17 साल पुराने भ्रष्टाचार के मामले में 9 आरोपियों के विरूद्ध एसीबी कोर्ट में चालान पेश किया गया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरा जालोर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मांगीलाल राठौड़ ने बताया कि सर्व शिक्षा अभियान के समावेशित शिक्षा के अर्न्तगत दृष्टिबाधित छात्र-छात्राओं के लिए चश्मा वितरण कार्यक्रम वर्ष 2007-08 में जालोर जिले में सर्व शिक्षा अभियान जालोर में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा सम्बंधित फर्म चौधरी चश्माघर सांचौर जिला-जालोर के बेनामी फर्म के मालिक गणेशराम चौधरी से आपस में मिलीभगत कर कूटरचित दस्तावेजात तैयार कर विभिन्न विद्यालयों में दृष्टिबाधित बच्चे कम होते हुए भी अधिक बताकर चश्मा वितरण कर वित्तीय अनियमितताएं कर राज्य सरकार को 3,98,053.50 रू. की अनुचित हानि पहुंचाते हुए फर्म मालिक गणेशराम को अनुचित लाभ पहुंचाया जिस पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राज. जयपुर मे प्रकरण दर्ज कर बाद अनुसंधान उक्त् प्रकरण मे आरोपीगण 01. सुश्री श्यामलता थालिया पुत्री पूरणमल थालिया, जाति ब्राह्मण, निवासी म.नं. 5/9, केसीसी नगर, पुलिस थाना सोढ़ाला जयपुर, तत्कालीन सहायक परियोजना समन्वयक (एपीसी) समावेशित शिक्षा कार्यक्रम प्रभारी, सर्वशिक्षा अभियान, जालोर, 02. गणेशराम पुत्र दरगाराम, जाति चौधरी, निवासी विवेकानंद सर्कल सांचौर, पुलिस थाना सांचौर, प्रोपराईटर चौधरी चश्माघर सांचौर, 03. मनजीराम औदिच्य पुत्र किस्तुराराम, निवासी डबाल, तहसील सांचौर, जिला जालोर, तत्कालीन बीईईओ एवं अति. चार्ज बीआरसीएफ, ब्लॉक सांचौर (सेवानिवृत्त), 04. आसुराम पुत्र ठाकराराम बिश्नोई, निवासी वीयों का गोलिया पूनासा, तह. भीनमाल, जिला जालोर तत्कालीन संदर्भ केन्द्र सहयोगी जसवंतपुरा, जालोर, 05. कानाराम पंवार पुत्र धनाराम बागरी, निवासी डकातरा तह. जालोर जिला-जालोर, हाल नि. वार्ड सं. 5, करड़ा रोड़ भीनमाल, जिला-जालोर, तत्कालीन बीआरसीएफ, कार्यालय सर्व शिक्षा अभियान एवं अति. चार्ज ब्लॉक सायला, जिला जालौर, 06. झूमरलाल उर्फ झूमरमल पालीवाल पुत्र श्री हेमराज पालीवाल निवासी मु./पो. काकेलाव, जिला जोधपुर, तत्कालीन बीआरसीएफ, सर्व शिक्षा अभियान, आहोर, जिला जालौर, 07. तेजाराम बिश्नोई पुत्र सांवलाराम बिश्नोई, निवासी नैनोल, तह. सांचौर, जिला जालोर, हाल निवासी बडगांव रोड़ रानीवाड़ा, तत्कालीन बीआरसीएफ सर्व शिक्षा अभियान, ब्लॉक रानीवाड़ा, आरोपीगण 1 से 09 तक के माननीय विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम पाली के न्यायालय में चालान पेश किया गया।

# राजस्थान स्टेट अंडर-14 प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**▶▶ तीन खिलाड़ी चैलेंजर प्रतियोगिता को चयनित**



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जालोर राजस्थान राज्य के अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 खिलाड़ियों का चयन हुआ। इन खिलाड़ियों को राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (RCA) द्वारा BCCI के नियमानुसार मेडिकल टेस्ट करवाया गया। मेडिकल टेस्ट के परिणामों के आधार पर जालोर के अभिषेक, सचिन विश्नोई, और भीनमाल के भावेश सेन को चैलेंजर प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है। ये तीनों खिलाड़ी जयपुर में RCA ऑफिस में अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे। उनकी मेहनत और उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन ने न केवल उनके जिले बल्कि पूरे राजस्थान का नाम रोशन किया है। स्थानीय क्रिकेट समुदाय में खुशी की लहर दौड़ रही है और इन खिलाड़ियों को शुभकामनाएं व आशीर्वाद मिल रहे हैं। सचिन, अभिषेक और भावेश को आगामी प्रतियोगिताओं में उनकी बेहतरीन सफलता के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी जा रही हैं। इस सफलता के लिए RCA सचिव सतीश व्यास ने भी खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जालोर में 38 डिग्री तक पहुंचा तापमान

**▶▶ 5 दिन में 41 तक पहुंचने की संभावना**

**▶▶ धूप में तेजी आने से गर्मी ने दिखाए तेवर**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता




**जालोर।** जालोर में पिछले कुछ दिनों में मौसम में बड़ा उतार चढ़ाव का दौर चल रहा है। मंगलवार को दिन के तापमान में 0.9 डिग्री बढ़ोतरी के साथ 38 डिग्री दर्ज किया गया है। जिससे दिन में आमजन को गर्मी से परेशान होना पड़ा है। बता दे जिले में 24 मार्च को दिन का तापमान 40.3 डिग्री दर्ज होने के साथ गर्मी का प्रकोप बढ़ गया था। दोपहर में धूप सताने लगी थी। लेकिन उत्तरी-पश्चिमी व उत्तरी राजस्थान में 20 से 30 किमी की गति से चली हवाओं व बादलों की आवाजाही के चलते मौसम में बदलाव होने के साथ दिन के तापमान में गिरावट आई। 28 मार्च दिन का तापमान 32.8 व रात का तापमान 15.6 डिग्री किया गया। जिससे आमजन को गर्मी से राहत मिली। लेकिन मंगलवार को फिर मौसम में बदलाव देखने को मिला है। पिछले 24 घंटों में दिन के तापमान में 0.9 डिग्री बढ़ोतरी होने के साथ 38 डिग्री दर्ज किया गया है। वही दिनभर तेज धूप से आमजन दिन भर पेड़ों की छाया में बैठे नजर आए तथा दुपहिया वाहन चालकों को गर्मी से बचने के लिए कपड़े से मुंह को बाद कर चलना पड़ा है। हालांकि रात के तापमान में मंगलवार को 2 डिग्री गिरावट होकर 13 डिग्री दर्ज किया है। जिससे सर्दी का एहसास जारी है।

**अगले पांच दिनों में तापमान बढ़ने की संभावना**

■ मौसम विशेषज्ञ आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि जालोर में मौसम शुष्क रहने के साथ ही मंगलवार को दिन के तापमान में बढ़ोतरी हुई है। आगामी 5 दिन में दिन के तापमान में बढ़ोतरी होकर 40 से 41 डिग्री तक दर्ज होने के साथ 10-15 किमी की गति से हवा चलने की संभावना बनी हुई है।

# सीएम ने दी राज्य सरकार की किसानों को बड़ी राहत

**▶▶ अल्पकालीन फसली ऋण भुगतान तिथि बढ़ाई**

**▶▶ 2.19 लाख से अधिक किसानों को मिलेगा लाभ**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जालोर।** राज्य सरकार ने किसानों को बड़ी राहत देते हुए खरीफ-2024 में वितरित अल्पकालीन ब्याजमुक्त फसली ऋणों की अदायगी तिथि आगे बढ़ाने की स्वीकृति दे दी है। राज्य सरकार के इस निर्णय से 2.19 लाख से अधिक किसान लाभान्वित होंगे। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम कुमार दक ने बताया कि इस संबंध में वित्त विभाग से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। केन्द्रीय सहकारी बैंकों द्वारा पैक्स/लैम्प्स के माध्यम से खरीफ-2024 में ऋण प्राप्त करने वाले किसान अब 30 जून, 2025 अथवा ऋण लेने की दिनांक से 12 माह, जो भी पहले हो, ऋण राशि चुका सकेंगे। पूर्व में ऋण चुकाने की अवधि 31 मार्च, 2025 निर्धारित थी, जिसे आगे बढ़ाने की मांग की जा रही थी। राज्य सरकार ने इस मांग को स्वीकार करते हुए किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। श्री दक ने बताया कि तिथि आगे नहीं बढ़ाये जाने पर लगभग 2.19 लाख किसानों पर बकाया लगभग 778 करोड़ रुपये का ऋण अवधिपार हो जाता। ऐसी स्थिति में इन किसानों को शून्य ब्याज दर पर फसली ऋण सुविधा का लाभ नहीं मिल पाता। साथ ही, ऋण अवधिपार होने की स्थिति में उन्हें 2 प्रतिशत पेनल्टी का भुगतान भी करना पड़ता।

# बालिका शिक्षा को बढ़ावा और कुरीतियों को मिटाने मेघवाल समाज की पहल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ाः** कस्बे के सेवाडिया मेला परिसर स्थित नव निर्माणाधीन मेघवाल समाज बालिका छात्रावास में बारह गांव सुणतर पट्टी की एक विशेष बैठक आयोजित हुई। इस बैठक का नेतृत्व समाज के पंच पटेलों द्वारा किया गया, जिसमें समाज के अनेक प्रतिष्ठित वक्ताओं ने भाग लिया। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने, बालिका शिक्षा को प्राथमिकता देने और युवाओं को नशे से बचाने के महत्व पर विचार व्यक्त किए। बैठक में वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि बेटा और बेटी के बीच भेदभाव समाप्त कर उन्हें समान शिक्षा प्रदान करना चाहिए। उन्होंने बताया कि बालिकाओं को शिक्षित करना न केवल उनके व्यक्तिगत विकास बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह संदेश दिया गया कि बालिकाओं को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने और समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने के लिए शिक्षित करना आवश्यक है। इसके लिए समाज को बालिका शिक्षा के प्रति जागरूक और संवेदनशील होना चाहिए। समाज ने महिलाओं के सामाजिक स्तर को ऊपर उठाने के लिए ठोस कदम उठाए। बैठक में 12 गांवों, जिनमें आदरवाड़ा, सिगावास, दहीपुर, मैत्रीवाडा, मंडारड़ी, हर्षवाड़ा, कूड़ा, पाल, हीरपुरा, गांग, चिमनगढ़, और जालेरा कलां, ने बालिका छात्रावास निर्माण के लिए 2 लाख 51 हजार रुपये की राशि एकत्र की। यह धनराशि समाज के सहयोग और एकता का प्रतीक है, जो बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य और शिक्षित समाज की नींव रखने की दिशा में अग्रसर है। बैठक के दौरान समाज के युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने और सरकारी नौकरियों में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि नशे से बचकर और आत्म-संयम अपनाकर युवा अपनी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग कर सकते हैं। समाज के सुधार और विकास के लिए ऐसे कदम बेहद आवश्यक हैं। बैठक में आस-पास के कई गांवों के समाजबंधुओं की उपस्थिति रही, जिन्होंने इस पहल को अपना समर्थन दिया।

इस महत्वपूर्ण बैठक ने समाज सुधार, बालिका शिक्षा और युवाओं की जागरूकता को एक नए आयाम पर ले जाने की प्रेरणा दी। समाज की यह पहल न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी एक उदाहरण बन सकती है। बता देते है की समाज सुधार और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में मेघवाल समाज की यह बैठक एक प्रेरणादायक प्रयास है। यह पहल समाज के विकास, महिलाओं की सशक्तता और युवाओं के भविष्य को संवारने के प्रति गंभीरता को दर्शाती है।

**मध्य रेल**

**सिग्नलिंग, इंजीनियरिंग एवं विभिन्न अन्य कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (एस एंड टी), प्रथम तल, पार्सल कार्यालय, भारत के राष्ट्रपति और मध्य रेल, छत्रपती शिवाजी टर्मिनस, मुंबई - 400 001 की ओर से प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली निविदाओं के लिए आमंत्रित किया गया है। **1) निविदा सूचना नं. सीआर/बीबी/सं.एवं दु.सं./दक्षिण/2025/17. कार्य का नाम** : छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस - कल्याण के इंजीनियरिंग कार्य के संबंध में सिग्नलिंग कार्य:- मुंबई मंडल में कुर्ला-एलटीटी क्षेत्र में बाढ़ टैंक का निर्माण। **लगभग मूल्य**: ₹ 1.16 करोड। **खुलने की तारीख**: 28/04/2025. **ईएमडी** : ₹ 208300/-. **वैधता** : 60 दिन। **समापन अवधी** : 12 महिने। यह निविदा **15/06/2017** दिनांकित सार्वजनिक खरीद नीति (भारत में बनाओ) आदेश 2017 का अनुपालन करती है। निविदाओं का पूरा ब्यौरा मध्य रेलवे के आधिकारिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। पूरी निविदा दस्तावेजों को वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदाओं का पूरा विवरण मंडल रेल प्रबंधक (एस एंड टी) के कार्यालय, छत्रपती शिवाजी टर्मिनस मुंबई - 400 001 के "**नोटिस बोर्ड**" में भी उपलब्ध है। Sai/001

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

# एनएच 68 पर दो माह बंद रहा आवागमन, फिर भी नहीं बनी सर्विस रोड



**▶▶ धूल व जाम से जनता बेहाल, सिंगल लाइन पर जाम**

**▶▶ बड़सम पुलिया से माखुपरा मार्ग पर हो रही परेशानी**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर ।** राष्ट्रीय राजमार्ग-68 पर बन रहे एलिवेटेड पुल के निर्माण के दौरान कन्स्ट्रक्शन कंपनी की लापरवाही व विभाग की उदासीनता का मामला सामने आया है, जिससे इस रास्ते से गुजरने वाले वाहनो को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है, ऐलिवेटेड पुल निर्माण परिधी के तीन किमी में पिछले आठ महिनो में संबधित कंपनी द्वारा केवल डेढ किमी सड़क बनाकर औपचारिकता पूरी कर ली, जबकि डेढ किमी बनी सड़क भी दो माह के भीतर ही गढो में तब्दिल हो गई है, ऐसे में सर्विस रोड़ से गुजरने वाले वाहनो से जाम की स्थिति बन जाती है, वहीं धूल उड़ने से परेशानी का सामना करना पड़ता है, इतना हीं बड़सम पुलिये से माखुपुरा की साईड वाले क्षेत्र में आधी अधूरी सर्विस रोड़ बनाकर छोड़ दी गई है, जिसमें एक तरफ तो सर्विस लाईन का रास्ता इस कदर खराब बना हुआ है कि जहां कंकरीट व गढे बने हुए है, जहां से वाहनो का गुजरना भी मुश्किल हो गया है, ऐसे में यहां पर सिंगल सर्विस रोड़ पर दोनो तरफ का ट्रेफिक संचालित करने से जाम की स्थिति बन रही है, जिससे आपातकालीन सेवाओ के लिये जाने वाले वाहनो के लिये रास्ता खुला नहीं मिल रहा है, जिससे भारी परेशानी हो रही है ।

### सड़क बनाने वाली कंपनी की लापरवाही का नतीजा

ऐलिवेटैड सड़क बनाने वाली कंपनी की लापरवाही का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हाईवे पर लंबी दूरी के वाहनो के साथ- साथ स्थानीय ट्रेफिक की समस्या के समाधान के लिये दो जनवरी दिसम्बर से फरवरी तक हाईवे के एलआईसी चैराहे से चार रास्ता तक एक तरफा ट्रेफिक रखा गया था, इस अवधि के दौरान भी आधी अध्अधूरी सर्विस लाईन की सड़क बनाई गई, जो अब भी परेशानी का सबब बनी हुई है।

### संकरे रास्ते से गुजरना पड़ रहा वाहनों को

सर्विस रोड अधूरी होने के कारण अब वाहनों को एक ही संकरे रास्ते से गुजरना पड़ रहा है, जिससे भारी ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। खासकर सुबह और शाम के समय जाम की गंभीर समस्या देखने को मिल रही है। वहीं, अधूरी सड़क के कारण उड़ती धूल ने स्थानीय नागरिकों की मुश्किलें और बढा दी हैं। धूल के कारण राहगीरों और दुकानदारों को श्वसन संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### जनता ने की प्रशासन से समाधान की मांग

स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों का कहना है कि निर्माण कार्य के चलते वे पहले ही कई महीनों से परेशानी झेल रहे हैं, लेकिन अब अधूरी सर्विस रोड और बेतरतीब यातायात व्यवस्था ने उनकी दिक्कतें और बढा दी हैं। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द सर्विस रोड को पूरा करने और सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। इस हाइवे निर्माण कार्य में शामिल एजेंसी की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब दो महीने तक यातायात बंद रहा, तो इस दौरान पूरी सर्विस रोड को क्यों नहीं बनाया गया? अधूरी सर्विस रोड और निर्माण सामग्री के बिखरे रहने से दुर्घटनाओं की संभावना भी बनी हुई है।

# मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने रेल मंत्री को लिखा पत्र

**▶▶ तीन समर स्पेशल का नियमित संचालन करने का अनुरोध**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णण को पत्र लिखकर दक्षिण भारत से पश्चिमी राजस्थान के लिए प्रारंभ की गई तीन नवीन समर स्पेशलों का संचालन किये जाने पर उनका बहुत-बहुत आभार जताया है। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने पत्र के माध्यम से जालोर एवं पश्चिमी राजस्थान के निवासियों की



लम्बे समय से चली आ रही दक्षिण भारत से पश्चिमी राजस्थान के लिए ट्रेने प्रारंभ करने की मांग के मद्देनजर चैन्नई से जोधपुर वाया जालोर, कोयंबटूर से भगत की कोठी वाया जालोर, इरोड (तमिलनाडु) से बाड़मेर वाया जालोर प्रारंभ की गई तीनों समर स्पेशन ट्रेनों के लिए स्वयं व राजस्थान के निवासियों की ओर रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव का बहुत-बहुत धन्यवाद व आभार जताया साथ ही अनुरोध किया कि इन तीनों समर स्पेशन ट्रेनों का नियमित रूप से संचालन करें जिससे यात्रियों को आवागमन में सुविधा होगी।

**पश्चिम रेलवे**

**ओएचई कार्य**

वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सब), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. डब्ल्यूआर-एमएमसीटीओईएसयूबी (ईएसओटी)/13/2025** आमंत्रित है। **कार्य का नामः** यूपीएल तथा यूपीटीएच लाइन पर टीआरआर (पी)-17.219 टीकेएम तथा टीएसआर (पी)-63.968 टीकेएम, डीएनएल, डीएनटीएच तथा एसटीएच लाइन पर टीआरआर (पी)-7.429 टीकेएम तथा टीएसआर (पी)-65.094 टीकेएम के संबंध में ओएचई कार्य। **कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 2,54,76,967/-, **बोली प्रतिभूतिः** रु. 2,77,400/-, **जमा करने की दिनांक तथा समयः** निर्धारित प्रारूप में 0.04.2025 को 15.00 बजे तक। **खुलने की दिनांक तथा समयः** 30.04.2025 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट विवरणः** निविदा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखी एवं जमा की जा सकती है। **1257**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**शुध्दिपत्र क्रमांक 1**

**निविदा संख्या 71255009 - विभाग/रेलवे।** स्टोर / मध्य रेल **समापनः** 07/04/2025 **निविदा शीर्षकः** 50 टन क्षमता की इलेक्ट्रिक ओवरहेड ट्रैवलिंग (ईओटी) क्रेन का डिजाइन, निर्माण और आपूर्ति।

| विवरण | मौजूदा मान | संशोधित मान |
| --- | --- | --- |
| मात्रा | 06 नग | 02 नग |

विस्तृत सूचना एवं निविदा शर्तें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से देखी एवं डाउनलोड की जा सकती हैं।

**प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/सीएसएमटी के लिए**

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

Sai/005

## सुविचार

सपनों के पीछे भागना सीखे हार के डर से पीछे ना भागो।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## ट्रंप का टैरिफ

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का जवाबी टैरिफ लागू होने जा रहा है, जिसे लेकर कुछ कंपनी व सेक्टर की चिंताएं बढ़ गई हैं। क्योंकि इससे उन्हें आर्थिक नुकसान होने की संभावना है। भारतीय उत्पादों पर अमेरिका के जवाबी शुल्क लगाने से कृषि, बेशकीमती स्टोन, केमिकल, दवाइयां, मेडिकल इक्यूप्मेंट, इलेक्ट्रिकल व मशीनरी समेत अन्य सेक्टर के सामान प्रभावित हो सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इन क्षेत्रों में उच्च शुल्क अंतर के कारण अमेरिकी प्रशासन से अतिरिक्त सीमा शुल्क का सामना करना पड़ सकता है। 'उच्च शुल्क अंतर' किसी उत्पाद पर अमेरिका और भारत द्वारा लगाए गए आयात शुल्कों के बीच का अंतर है। व्यापक क्षेत्र स्तर पर भारत और अमेरिका के बीच संभावित शुल्क अंतर विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग है। रसायनों तथा औषधि पर यह अंतर 8.6 प्रतिशत; प्लास्टिक पर 5.6 प्रतिशत; वस्त्र व परिधान पर 1.4 प्रतिशत, हीरे-सोने तथा आभूषणों पर 13.3 प्रतिशत, लोहा, इस्पात व आधार धातुओं पर 2.5 प्रतिशत, मशीनरी व कंप्यूटर पर 5.3 प्रतिशत, इलेक्ट्रॉनिक पर 7.2 प्रतिशत और वाहन तथा उसके घटकों पर 23.1 प्रतिशत है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के विश्लेषण के अनुसार कृषि में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र मछली, मांस व प्रसंस्कृत समुद्री भोजन होगा। इसका 2024 में निर्यात 2.58 अरब अमेरिकी डॉलर था और इसे 27.83 प्रतिशत शुल्क अंतर का सामना करना पड़ेगा। झींगा जो अमेरिका का एक प्रमुख निर्यात है, अमेरिकी शुल्क लागू होने के कारण काफी कम प्रतिस्पर्धी हो जाएगा। भारत के प्रसंस्कृत खाद्य, चीनी तथा कोको निर्यात पर भी असर पड़ सकता है क्योंकि शुल्क अंतर 24.99 प्रतिशत है। पिछले साल इसका निर्यात 1.03 अरब अमेरिकी डॉलर था। इसी प्रकार अनाज, सब्जियां, फल तथा मसालों (1.91 अरब अमेरिकी डॉलर निर्यात) के बीच शुल्क अंतर 5.72 प्रतिशत है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि 18.149 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के दुग्ध उत्पादों के निर्यात पर 38.23 प्रतिशत के अंतर का 'गंभीर' असर पड़ सकता है, जिससे घी, मक्खन और दूध पाउडर महंगे हो जाएंगे और अमेरिका में उनकी बाजार हिस्सेदारी कम हो जाएगी। औद्योगिक वस्तुओं के क्षेत्र में अमेरिकी शुल्कों से औषधि, आभूषण और इलेक्ट्रॉनिक सहित कई क्षेत्र प्रभावित हो सकते हैं। भारत का सबसे बड़ा औद्योगिक निर्यातक औषधि क्षेत्र जो 2024 में 12.72 अरब अमेरिकी डॉलर का था, उसे 10.90 प्रतिशत शुल्क अंतर का सामना करना पड़ेगा। इससे जेनेरिक दवाओं और विशेष दवाओं की लागत बढ़ेगी। 11.88 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात वाले हीरे, सोने व चांदी पर शुल्क वृद्धि से आभूषणों की कीमतें बढ़ेंगी व प्रतिस्पर्धा कम होगी।

### चीन को खुश करने

# भारत से पंगा लेता बांग्लादेश..!!



लोकमित्र गौतम

हाल में अपनी चीन यात्रा के दौरान बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस ने जिस तरह से भारत के सात पूर्वोत्तर राज्यों को लैंड लॉक्ड (भूमि से घिरे हुए) और खुद को उनका एकमात्र समुद्री संरक्षक (गार्डियन) बताते हुए,चीन को आमंत्रित किया कि वह इस पूरे इलाके के आर्थिक दोहन के लिए आगे आए, वह आधुनिक कूटनीति का सबसे दयनीय चुटकुला है। जातक कथाओं के दौर में भले ऐसे चुटकुले किसी किस्म का रणनीतिक चातुरी समझे जाते रहे हों, आज के दौर में तो ऐसी हरकतों के लिए एक ही शब्द है 'आत्मघात'। मोहम्मद यूनुस सचमुच बांग्लादेश के लिए दुहस्वप्न बनते जा रहे हैं। सच कहा जाता है कि राजनीति में गैर राजनीतिक व्यक्ति अकसर बिग सिफर साबित होते हैं, कम से कम मोहम्मद यूनुस की हरकतों को देखकर तो ऐसा ही लगता है।

इमेज

वरना आज के दौर में भला कौन सा ऐसा देश है, जिसका मुखिया किसी देश को प्रस्ताव देगा कि वह उसकी अर्थव्यवस्था को अपना विस्तार बनाकर उसके समुद्री भूगोल का इस्तेमाल कर ले। गौरतलब है कि मोहम्मद यूनुस हाल ही में चीन की चार दिन की आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे थे। यहां उन्होंने चीन को बांग्लादेश में ज्यादा से ज्यादा निवेश हेतु राजी करने और कई तरह की ब्याज संबंधी छूट पाने के लिए, उसके सामने लगभग बिछ-बिछ जाते हुए उसे सुझाव दिया कि भारत के नॉर्थ-ईस्ट राज्य जिन्हें सेवन सिस्टर्स कहा जाता है, 'लैंड लॉक्ड' हैं, साथ ही नेपाल और भूटान में कई तरह के संसाधनों, विशेषकर हाइड्रो पावर की भरमार है, अतः वह यानी चीन बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था को अपना विस्तार बनाकर इस स्थिति का भरपूर दोहन करे। मोहम्मद यूनुस ने जिस तरह चीन को यह सुझाव दिया वह कोई जुबान फिसलने का नतीजा नहीं था बल्कि इसके लिए बांग्लादेश ने खुद को भी चीन के समक्ष किसी बलि के बकरे की तरह पेश करते हुए खुद को चीनी अर्थव्यवस्था का विस्तार मानने की बात कही और स्पष्ट शब्दों में ढाका को भारत के पूर्वोत्तर राज्यों, नेपाल और भूटान तक समुद्री मार्ग के रूप में चीन के चौकीदार के रूप में पेश किया। इसके पीछे बांग्लादेश की कोई बहुत महत्वाकांक्षी रणनीति भी नहीं है बल्कि कर्ज के बोझ से महज तात्कालिक राहत पाने के लिए की गई चापलूसी ही है। मालूम हो कि बांग्लादेश पर वर्तमान में लगभग 104 अरब अमेरिकी डॉलर का विदेशी कर्ज है। जनवरी 2025 तक, सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र का कर्ज 84.45 अरब डॉलर और निजी क्षेत्र का कर्ज 19.91 अरब डॉलर था। बांग्लादेश की विदेशी मुद्रा भंडार की स्थिति इतनी कमजोर हो गई है कि पाकिस्तान भी उसे देखकर खुद के मजबूत होने का एहसास कर सकता है। जो बांग्लादेश अभी कुछ सालों पहले भारतीय उपमहाद्वीप की सबसे तेज रफ़्तार आगे बढ़ रही अर्थव्यवस्था बनकर उभरा था, आज उसी बांग्लादेश के पास अपने कर्ज दायित्वों को पूरा करने के लिए ब्याज की किश्त भी समय पर चुका पाने की क्षमता



नहीं है। सितंबर 2024 में, बांग्लादेश की सरकार के पास भारतीय बिजली कंपनियों को 1 अरब डॉलर से अधिक का भुगतान करने में क्षमता नहीं थी। उसके पास पूरे विदेशी मुद्रा भंडार में 6 अरब डॉलर भी नहीं बचे थे जबकि इन आर्थिक चुनौतियों के समाधान के लिए, बांग्लादेश ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) सहित विभिन्न विकास भागीदारों से 8 अरब डॉलर की बजट सहायता की मांग की है। यह सहायता विदेशी कर्ज चुकाने और विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने के लिए आवश्यक है। लेकिन अभी तक उसे इन ब्रेटनवुड संस्थाओं से इतने बड़े कर्ज की प्राप्ति नहीं हुई इसलिए यूनुस किसी भी स्तर पर जाकर शी जिनपिंग के सामने गिडगिडा रहे हैं। हालांकि इस हद तक की चापलूसी के बावजूद चीन ने अभी तक कर्ज देने का कोई स्पष्ट आश्वासन नहीं दिया। कर्ज की विकट परिस्थितियों को देखते हुए, बांग्लादेश की सरकार विभिन्न देशों और वित्तीय संस्थानों से कर्ज की शर्तों में राहत और पुनर्गठन के प्रयास कर रही है, ताकि देश की आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित की जा सके। हां, इस दुस्साहस का बांग्लादेश को यह तात्कालिक फायदा जरूर हुआ है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से यूनुस की मुलाकात हो गई है। मुलाक़ात के दौरान जिनपिंग ने यह भी कहा है कि आपसी भरोसे के आधार पर चीन बांग्लादेश का अच्छा पड़ोसी, अच्छा दोस्त और अच्छा पार्टनर बना रहेगा। दोनों नेताओं ने नौ समझौते पर साइन भी किए हैं। इनमें आर्थिक और तकनीकी सहयोग पर एक समझौता और आठ समझौता ज्ञापन पर हुए हैं। लेकिन ये समझौते आर्थिक या कारोबारी समझौते न होकर प्राचीन ग्रंथों के अनुवाद, प्रकाशन, सांस्कृतिक विरासत, समाचार आदान-प्रदान, मीडिया, खेल और स्वास्थ्य क्षेत्रों में सहयोग से जुड़े हैं। जाहिर है ये भरतू के समझोते हैं। चीनी राष्ट्रपति ने जुबानी जमाखर्च में भले कहा है कि हम अच्छे पड़ोसी, दोस्त और पार्टनर बने रहेंगे, साथ ही जिनपिंग ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को अपना समर्थन देने का भरोसा भी दिलाया है। लेकिन हुए 9 समझौतों में एक भी वह नहीं है जिसके लिए बांग्लादेश चीन से गिड़गिड़ाया है। यूनुस ने चीन से अपील की थी कि चीन लोन पर इंटरेस्ट रेट 3% से कम करके 1-2% कर दे साथ ही चीन की तरफ से फंड किए जा रहे प्रोजेक्ट्स से कमिटमेंट फीस को हटाए। लेकिन चीन ने इन दोनों मांगों को लेकर अभी तक साफ़ साफ़ कुछ नहीं कहा। वास्तव में चीन बांग्लादेश का चौथा सबसे बड़ा कर्जदाता है। जापान, वर्ल्ड बैंक और तीसरे नंबर पर एशियन डेवलपमेंट बैंक के बाद बांग्लादेश 1975 से अब तक चीन से 7.5 अरब डॉलर के कर्ज लिया है। लेकिन मुहम्मद यूनुस और शी जिनपिंग के बीच बीजिंग के ग्रेट हॉल में बैठक के दौरान एक बार भी चीन की तरफ से नहीं कहा गया कि कर्ज देंगे बस जिनपिंग बांग्लादेश को बिना टैक्स दिए चीनी मार्केट में अगले कुछ सालों तक (2028तक) सामान में बेचने छूट दी है। यह अलग बात है कि बांग्लादेश ने इसे भी अपनी एक बहुत बड़ी उपलब्धि के बतौर पेश किया है। संभव है बांग्लादेश के आम और कटहल भी इस साल चीन खरीदे। जाहिर है चीन से यह आर्थिक मदद पाने के लिए यूनुस और उनकी सरकार जिस तरह से पूर्वोत्तर को मोहरा बना रही है, वह न केवल आश्चर्यजनक है बल्कि कूटनीतिक अशिष्टता की हद है। ऐसी बातें न केवल मूर्खतापूर्ण हैं और कुछ पाने के लालच में बहुत कुछ गंवाने वाली हैं। भारत अपनी एकता और अखंडता पर कभी कोई समझौता नहीं करेगा मोहम्मद यूनुस को इतनी समझ होनी ही चाहिए। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मोहम्मद यूनुस के बयान को निंदनीय बताते हुए कहा है कि यूनुस ने जिस तरह पूर्वोत्तर भारत के सात राज्यों को जमीन से घिरा हुआ और बांग्लादेश को उनके महासागर तक पहुंच के संरक्षक के रूप में पेश किया है।

## पंचांग

गुरुवार, 3 अप्रैल 2025

| | |
|---|---|
| विक्रम संवत् | - 2081 |
| शक संवत् | - 1946 |
| ऋतु | - वसंत |
| माह | - चैत्र |
| पक्ष | - शुक्ल |
| तिथि | - षष्ठी 21.42 तक |
| वार | - गुरुवार |
| नक्षत्र | - रोहिणी 07.03 तक |
| योग | - सौभाग्य 24.02 तक |
| करण | - कौलव 10.42 तक |
| सूर्योदय | - 06.32 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - 06.51 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - 06.31 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - 06.57 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - वृषभ 18.23 तक |
| अभिजित् मुहूर्त | - 12.17 से 13.06 |
| राहु काल | - 14.14 से 15.47 |
| व्रत, त्यौहार | - स्कंद षष्ठी, सूर्य षष्ठी, रवियोग 07.03 से 29.52, |
| दिशा शूल | - दक्षिण |

● शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल




## नवरात्रि के कन्या पूजन में एक लांगुरा बिठाने की वजह

नवरात्रि का पर्व साल में चार बार मनाया जाता है। दो बार गुप्त नवरात्रि के रूप में और दो बार चैत्र नवरात्रि और शरदीय नवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। नवरात्रि में कन्या पूजन का विशेष विधान है। 8-9 दिन व्रत रहने के बाद लोग कन्या पूजन करते हैं। कन्या पूजन के समय कन्याओं के साथ एक बालक को भी लांगुरा के रूप में बिठाया जाता है। हर घर में इस लांगुरा को बिठाया जाता है पर किसी को इसके पीछे का राज पता नहीं होता।

**कन्या के साथ बिठाते हैं लांगुरा :**

मान्यता है कि नवरात्रि के 9 दिन माता के अलग-अलग स्वरूप की पूजा और व्रत करते हैं। उन पर माता की विशेष कृपा बनी रहती है। मां अपने सभी भक्तों के सब दुख दूर कर देती हैं। कन्या पूजन के बिना नवरात्रि का व्रत और अनुष्ठान संपूर्ण नहीं माना जाता है। अष्टमी अथवा नवमी के दिन लोग अपने घर कन्याओं को बुलाकर पूजन करते हैं। इस पूजन के दौरान कन्याओं के साथ एक बालक को बिठाया जाता है, जिसे लांगुरा कहते हैं।

**मां दुर्गा के पहरेदार हैं भैरव :**

नौ कन्याओं को माता के नौ स्वरूप माना जाता है और उस लंगूर को भैरव बाबा का स्वरूप माना जाता है। नवरात्रि में कन्याओं के साथ लांगुर को बिठाने की एकमात्र वजह है कि भैरव बाबा को मां दुर्गा का पहरेदार माना जाता है। मान्यता है बिना पहरेदार के मां दुर्गा कहीं भी नहीं जाती है।

**लांगुरा के बिना नवरात्रि व्रत पूर्ण नहीं :**

एक कथा के अनुसार आपद नाम का राक्षस लोगों को काफी परेशान करता था। तभी शिवजी ने एक उपाय निकाला, शिवजी ने कहा सभी देवी देवता अपनी अपनी शक्तियों से एक बालक की उत्पत्ति करें। जिससे आपद राक्षस का वध हो सके। सभी देवी देवताओं ने मिलकर यही किया और बालक का नाम बटुक भैरव रखा गया। कन्या पूजन के वक्त जिस लंगूर को बिठाकर पूजन किया जाता है। यह वही बटुक भैरव का रूप माने जाते हैं। देवी स्वरूप कन्याओं के साथ इनका भी पूजन किया जाता है। बिना बटुक भैरव के पूजन के कन्या पूजन और नवरात्रि का पर्व संपन्न नहीं होता है।

## तारीख विशेष

### निर्मल वर्मा

3 अप्रैल, 1929 को जन्मे निर्मल वर्मा हिंदी के आधुनिक साहित्यकारों में से एक थे। हिंदी साहित्य में नई कहानी आंदोलन के प्रमुख ध्वजवाहक निर्मल वर्मा का कहानी में आधुनिकता का बोध लाने वाले कहानीकारों में अग्रणी स्थान है। 'रात का रिपोर्टर', 'एक चिथड़ा सुख', 'लाल टीन की छत' और 'वे दिन' निर्मल वर्मा के चर्चित उपन्यास है। उनका अंतिम उपन्यास 'अंतिम अरण्य' 1990 में प्रकाशित हुआ था। उनकी सौ से अधिक कहानियां कई कहानी संग्रहों में प्रकाशित हुई। निर्मल वर्मा का जन्म तीन अप्रैल 1929 को शिमला में हुआ था। ब्रिटिश भारत सरकार के रक्षा विभाग में एक उच्च पदाधिकारी श्री नंद कुमार वर्मा के घर जन्म लेने वाले आठ भाई बहनों में से पांचवें निर्मल वर्मा की संवेदनात्मक बुनावट पर हिमांचल की पहाड़ी छायाएं दूर तक पहचानी जा सकती हैं। उन्होंने कम लिखा है परंतु जितना लिखा है उतने से ही वे बहुत ख्याति पाने में सफल हुए हैं। उन्होंने कहानी की प्रचलित कला में तो संशोधन किया ही, प्रत्यक्ष यथार्थ को भेदकर उसके भीतर पहुंचने का भी प्रयत्न किया है। हिंदी के महान् साहित्यकारों में से अज्ञेय और निर्मल वर्मा जैसे कुछ ही साहित्यकार ऐसे रहे हैं जिन्होंने अपने प्रत्यक्ष अनुभवों के आधार पर भारतीय और पश्चिम की संस्कृतियों के अंतर्द्वंद्व पर गहनता एवं व्यापकता से विचार किया। दिल्ली के सेंट स्टीफेंस कॉलेज से इतिहास में एम.ए. करने के बाद उन्होंने कुछ दिन तक अध्यापन किया। 1959 से 1972 के बीच उन्हें यूरोप प्रवास का अवसर मिला। वह प्राग विश्वविद्यालय के प्राच्य विद्या संस्थान में सात साल तक रहे। उनकी कहानी 'माया दर्पण' पर 1973 में फ़िल्म बनी जिसे सर्वश्रेष्ठ हिंदी फ़िल्म का पुरस्कार मिला। वे इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ़ एडवांस स्टडीज़ (शिमला) के फेलो (1973), निराला सृजनपीठ भोपाल (1981-83) और यशपाल सृजनपीठ (शिमला) के अध्यक्ष रहे। 1988 में इंग्लैंड के प्रकाशक रीडर्स इंटरनेशनल द्वारा उनकी कहानियों का संग्रह 'द वर्ल्ड एल्सव्हेयर' प्रकाशित हुआ। इसी समय बीबीसी द्वार उन पर एक डाक्यूमेंट्री फ़िल्म भी प्रसारित हुई। 'रात का रिपोर्टर', 'एक चिथड़ा सुख', 'लाल टीन की छत' और 'वे दिन' निर्मल वर्मा के चर्चित उपन्यास है।

### चैत्र नवरात्र पर विशेष

# जीवन को संपूर्णता देता उपवास का अध्यात्मिक विज्ञान

नरेंद्र शर्मा

उपवास करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जो हमे कई तरह की बीमारियों से बचाती है। उपवास के दौरान सेरोटोनिन और डोपामाइन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर्स की मात्रा संतुलित होती है, जिससे मन शांत रहता है और ध्यान की शक्ति बढ़ती है। मानसिक तनाव और चिंता कम होती है, जिससे आध्यात्मिक ऊर्जा बढ़ती है। उपवास से शरीर के ऊर्जा केंद्र या ऊर्जा चक्र सक्रिय होते हैं, जिससे आत्मविश्वास और इच्छाशक्ति बढ़ती है। जब शरीर में भोजन सीमित होता है, तो शरीर ऊर्जा को पाचन में खर्च करने के बजाय मानसिक और आध्यात्मिक कार्यों की ओर मोड़ता है, जिससे आत्मिक ऊर्जा बढ़ती है। चैत्र नवरात्रि के समय मौसम में परिवर्तन होता है, जिससे शरीर का जैविक चक्र प्रभावित होता है। उपवास इस चक्र को संतुलित करता है और शरीर को नए मौसम के लिए तैयार करता है। इससे भी इम्यून सिस्टम मजबूत होता है, जिससे मेटाबॉलिज्म नियंत्रित रहता है। उपवास के दौरान मन अधिक शांत और केंद्रित होता है। यह व्यक्ति को भावनात्मक संतुलन में रखता है, जिससे जीवन के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होता है। हमारा आध्यात्मिक और नैतिक विकास होता है। उपवास से व्यक्ति अपनी आवश्यकताओं और इच्छाओं में अंतर समझने लगता है, जिससे मोह और भौतिक आसक्तियों से मुक्ति मिलती है।

उपवास सिर्फ आहार तक सीमित गतिविधि या प्रक्रिया नहीं है बल्कि यह एक गहरी आध्यात्मिक और वैज्ञानिक प्रणाली है, जो आत्मशुद्धि, मानसिक स्थिरता और आत्मसंयम को बढ़ावा देती है। विभिन्न धर्मों और योग परंपराओं में उपवास को आत्म-उन्नति का साधन माना गया है। हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र नवरात्र से नया वर्ष प्रारंभ होता है, साथ ही ऋतु चक्र भी बदलता है, जिससे जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का अवसर मिलता है। क्योंकि इस समय प्रकृति, शरीर और चेतना में एक विशेष समानुपातिक रिश्ता होता है। इसलिए इस समय किया गया उपवास न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि आध्यात्मिक और वैज्ञानिक रूप से भी लाभकारी होता है। क्योंकि यह आत्मिक ऊर्जा को बढ़ाने और शरीर-मन को संतुलित करने का एक प्रभावी माध्यम है। शरीर, मन और आत्मा की शुद्धि की प्रक्रिया उपवास से होकर गुजरती है। इसीलिए उपवास को आत्मशुद्धि की प्रक्रिया कहा जाता है। क्योंकि इसका संबंध केवल शरीर से नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक स्तर पर से भी होता है। जब व्यक्ति उपवास करता है, तो वह इंद्रियों के नियंत्रण और मानसिक शुद्धि की दिशा में बढ़ता है। उपवास हमें अपनी इच्छाओं और वासनाओं पर नियंत्रण रखने की शिक्षा देता है। यह ध्यान और साधना में गहराई लाने में मददगार है, जिससे चेतना का स्तर ऊंचा उठता है। चैत्र के नवरात्र में हम सात्विक भोजन (फल, दूध, साबूदाना, सिंघाड़ा, कुट्टू आटा आदि) करते हैं, जिससे शरीर की ऊर्जा शुद्ध रहती, नकारात्मकता दूर होती है। इससे ध्यान और भक्ति में गहराई आती है, जो आत्मिक ऊर्जा बढाने में मददगार होती है। चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना की जाती है। नियमित उपवास और जप-तप से व्यक्ति अपनी चेतना को दिव्य ऊर्जा से जोड़ता है, जिससे आंतरिक शक्ति और आत्मविश्वास बढ़ता है। इससे ध्यान और प्राण ऊर्जा में वृद्धि होती है। उपवास के दौरान शरीर अधिक ऊर्जा को आंतरिक रूप से आत्मिक विकास में लगाता है। यह ऊर्जा ध्यान, जप, और प्राणायाम में सहायक होती है, जिससे आध्यात्मिक अनुभूति गहरी होती है। शास्त्रों के विधान से किया गया उपवास व्यक्ति को ईश्वर के निकट लाने में सहायक होता है। यह एक साधना की तरह कार्य करता है, जिससे व्यक्ति अपनी आध्यात्मिक यात्रा में प्रगति करता है। चैत्र नवरात्र के वासंतिक मौसम में उपवास से शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है।क्योंकि उपवास से पाचन तंत्र को विश्राम मिलता है, इससे शरीर विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालता है और चयापचय यानी मेटाबोलिज्म को संतुलित करता है, इससे शरीर में ऊर्जा का स्तर बढ़ता है। उपवास करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जो हमे कई तरह की बीमारियों से बचाती है। उपवास के दौरान सेरोटोनिन और डोपामाइन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर्स की मात्रा संतुलित होती है, जिससे मन शांत रहता है और ध्यान की शक्ति बढ़ती है। मानसिक तनाव और चिंता कम होती है, जिससे आध्यात्मिक ऊर्जा बढ़ती है। उपवास से शरीर के ऊर्जा केंद्र या ऊर्जा चक्र सक्रिय होते हैं, जिससे आत्मविश्वास और इच्छाशक्ति बढ़ती है। जब शरीर में भोजन सीमित होता है, तो शरीर ऊर्जा को पाचन में खर्च करने के बजाय मानसिक और आध्यात्मिक कार्यों की ओर मोड़ता है, जिससे आत्मिक ऊर्जा बढ़ती है। चैत्र नवरात्रि के समय मौसम में परिवर्तन होता है, जिससे शरीर का जैविक चक्र प्रभावित होता है। उपवास इस चक्र को संतुलित करता है और शरीर को नए मौसम के लिए तैयार करता है। इससे भी इम्यून सिस्टम मजबूत होता है, जिससे मेटाबॉलिज्म नियंत्रित रहता है। उपवास के दौरान मन अधिक शांत और केंद्रित होता है। यह व्यक्ति को भावनात्मक संतुलन में रखता है, जिससे जीवन के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होता है। हमारा आध्यात्मिक और नैतिक विकास होता है। उपवास से व्यक्ति अपनी आवश्यकताओं और इच्छाओं में अंतर समझने लगता है, जिससे मोह और भौतिक आसक्तियों से मुक्ति मिलती है। यह करुणा, दया और सेवा की भावना को प्रबल करता है, जिससे सामाजिक जीवन भी समृद्ध होता है। वैज्ञानिक रूप से, उपवास से कोशिकाओं की मरम्मत की प्रक्रिया तेज होती है, जिससे शरीर अधिक ऊर्जा प्राप्त करता है। आयुर्वेद में कहा गया है कि समय-समय पर उपवास करने से शरीर का ओज) बढ़ता है, जिससे व्यक्ति अधिक ऊर्जावान और उत्साही महसूस करता है। उपवास के दौरान ध्यान और साधना से मन अधिक केंद्रित और शांत होता है। आत्मसंयम और साधना से आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ती है। शरीर और मन के शुद्धिकरण से आध्यात्मिक शक्ति बढ़ती है, जिससे जीवन में सकारात्मकता आती है। इस तरह चैत्र नवरात्रि के उपवास केवल धार्मिक अनुष्ठानभर नहीं हैं, बल्कि आत्मिक ऊर्जा बढ़ाने, शरीर को शुद्ध करने और मानसिक शांति प्राप्त करने का वैज्ञानिक और आध्यात्मिक साधन हैं।



## गीता सार

**स्पर्शान्कृत्वा बहिर्बाह्यांश् चक्षुश्चैवान्तरे भ्रुवोः।**
**प्राणापानौ समौ कृत्वा नासाभ्यन्तरचारिणौ॥**
**यतेंद्रियमनोबुद्धि मुंनिर्मोक्षपरायणः।**
**विगतेच्छाभयक्रोधो यः सदा मुक्त एव सः॥**

**हिंदी अर्थ**

बाहर के विषयों को न अनुभव करते, नेत्रों की दृष्टि को दोनों भोहों के बीच में स्थिर कर और नासिका में विचरने वाले प्राण और अपान वायु को सम करके, जीते हुए मन, बुद्धि और इंद्रियों वाला मोक्षपरायण मुनि, जो इच्छा, भय और क्रोध से रहित हो गया है, वह सदा मुक्त ही है।

## बोले तो...



वक्फ विधेयक किसी भी धार्मिक व्यवस्था, किसी भी धार्मिक संस्था या किसी भी धार्मिक प्रथा में किसी भी तरह से हस्तक्षेप नहीं कर रहा है।अगर कोई इस बुनियादी अंतर को समझने में विफल रहता है या जानबूझकर नहीं समझना चाहता है, तो मेरे पास इसका कोई समाधान नहीं है।

- किरेन रिजिजू



चाहे विपक्ष हो या ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड जो रमजान में नमाज के दौरान मस्जिदों में काली पट्टी बांधने की अपील कर रहा है, वे इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहे हैं। बिल में संशोधन पारित होना हाशिये पर पड़े मुसलमानों के लिए सबसे बड़ी 'ईदी' होगी।

- जगदंबिका पाल



मणिपुर में जारी हिंसा का मुख्य कारण अवैध प्रवासन, नशे की समस्या और जंगलों का विनाश है। यह संकट पूरी तरह राजनीतिक नहीं है। यह नशे की लत, अवैध प्रवासन, जंगलों के विनाश और कुछ गुटों की तरफ से सत्ता हासिल करने की साजिश का नतीजा है।

- एन. बीरेन सिंह

## कुछ अलग | अजब गजब

# लाखों की कार पर महिला ने लीप दिया गाय का गोबर, आप भी कहेंगे 'वाह-वाह'

आपने मिट्टी के घरों की दीवारों और फर्श पर गोबर की लेप तो देखी होगी, लेकिन क्या कभी सोचा है कि कोई अपनी लाखों की कार पर भी गोबर पोत सकता है? जी हां, अहमदाबाद की एक हाउस वाइफ, सेजल शाह ने यह कारनामा किया है। दरअसल, उनकी टोयोटा आल्टिस कार इन दिनों इंटरनेट पर खूब चर्चा में है, क्योंकि इस पर मोटी परत में गाय का गोबर लगाया गया है। इस अनोखे कारनामे के पीछे की वजह जानकर आप भी दंग रह जाएंगे। सेजल शाह का कहना है कि जब गांवों में लोग घर की दीवारों और फर्श पर गाय के गोबर का लेप लगाते हैं, जिससे घर गर्मी में ठंडा और सर्दी में गर्म रहता है। बस फिर उन्होंने सोचा कि जब यह घर को ठंडा रख सकता है, तो कार को क्यों नहीं। उन्हें यह आइडिया अपने घर से मिला।

गर्मी के मौसम में कार का तापमान बहुत बढ़ जाता है और लोग एसी का अधिक इस्तेमाल करते हैं, जिससे ईंधन की खपत बढ़ती है और पर्यावरण पर बुरा असर पड़ता है। सेजल शाह का मानना है कि गोबर की परत उनकी कार को नेचुरल तरीके से ठंडा रखती है, जिससे उन्हें एसी चलाने की जरूरत नहीं पड़ती। वह कहती हैं, 'इससे न केवल कार का तापमान कंट्रोल रहता है, बल्कि पर्यावरण को भी नुकसान नहीं पहुंचता। कार के एसी से निकलने वाली हानिकारक गैसें ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ाती हैं, इसलिए मैंने इसे रोकने का एक देसी तरीका अपनाया।'



सेजल शाह की कार की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। भारत के ग्रामीण इलाकों में गाय के गोबर का इस्तेमाल सदियों से होता आ रहा है। यह न केवल प्राकृतिक इन्सुलेटर का काम करता है, बल्कि कई वैज्ञानिक स्टडी में भी साबित हुआ है कि यह पर्यावरण के लिए फायदेमंद है। भारतीय घरों में गोबर का लेप फर्श और दीवारों पर लगाया जाता है, जिससे वे गर्मी में ठंडे और सर्दी में गर्म रहते हैं। इसके अलावा, गोबर से बदबू और कीटाणु भी दूर रहते हैं। वायरल फोटो में साफ दिखाई दे रहा है कि कार मालकिन ने अपनी टोयोटा कार को गोबर से रंग दिया है। इस पोस्ट पर लोग सवाल पूछ रहे हैं कि गोबर की दुर्गंध से बचने के लिए कार के अंदर बैठे लोग कैसे बचते हैं। एक अन्य यूजर ने पूछा कि गोबर की कितनी लेयर का इस्तेमाल कार को ठंडा रखने के लिए रंगने में किया गया है।

## पाठक पाती

### नियमों को ताक पर रख लोगों की जान से खिलवाड़

गुजरात में एक पटाखे के गोदाम में लगी आग ने एक बार फिर अग्नि शमन प्रबंधों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आग से 17 लोगों की जान गई जो सोचनीय है। ऐसे गोदाम जहां ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण किया गया है, वहां आग से निपटने के पुख्ता इंतजाम किए जाने चाहिए। यह सरकार की लापरवाही है जो कारखानों और गोदामों में अग्नि शमन यंत्रों की चैकिंग नहीं करती और मालिक अपने पैसे बचाने के लिए लोगों की जान से खिलवाड़ करते हैं। आग लगने पर साइरन बजना, अग्नि शमन यंत्रों की व्यवस्था, स्टाफ को इन्हें चलाने की ट्रेनिंग, आपातकालीन में निकासी द्वार, इन सब का उचित इंतजाम होने चाहिए। कड़े नियम बनाना सरकार की जिम्मेदारी है और इनका पालन करना जनता की।

अभिलाषा गुप्ता, मोहाली

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

**नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि.** के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# राजलदेसर में पंचायत समिति बनाने को लेकर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** कस्बे में लंबे समय से पंचायत समिति बनाने की मांग जन प्रतिनिधियों द्वारा उठाई जा रही है। इसी के तहत बुधवार को राजलदेसर तहसील में आने वाले ग्रामीण क्षेत्र के सरपंचों ने एवं सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारी व सामाजिक संगठनों ने चूरू जिला मुख्यालय पर जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा को ज्ञापन सौंपकर अवगत करवाया कि राजलदेसर कस्बे की सबसे महत्वपूर्ण मांग है एवं पंचायत के अधीन जितनी भी गाइडलाइन आती है उनको फॉलो कर रही है। साथ ही चूरू जिले के अंदर सबसे अच्छी पंचायत समिति अगर नए सिरे से गठन होकर बनेगी तो राजलदेसर एक नंबर की होगी। जिला कलेक्टर ने कहा आपके ज्ञापन पर ध्यान पूर्वक विचार करके आगे भेजा जाएगा । इसी प्रकार भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं परिसीमन अभियान के प्रदेश संयोजक राजेंद्र सिंह राठौड़ को ज्ञापन उनके प्रतिनिधि के तौर पर भाजपा जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा को ज्ञापन देकर अति शीघ्र पंचायत समिति राजलदेसर में बनाने की मांग की जिस पर भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि 7 अप्रैल तक आवेदन लिए जा रहे हैं उसके बाद राजलदेसर को पंचायत मुख्यालय बनाने के लिए पूरी कोशिश की जाएगी एवं जो भी नियम फॉलो करती है तो उस पर प्रमुखता के साथ विचार किया जाएगा। इस अवसर आलसर सरपंच भानीराम मेघवाल ने कहा राजलदेसर कस्बे में पंचायत समिति बनने के बाद ग्रामीण क्षेत्र के सरपंचों को अपने छोटे-मोटे कार्यों के लिए रतनगढ़ नहीं जाना पड़ेगा। भरपालसर सरपंच दातारसिंह ने कहा कि राजलदेसर में पंचायत बनने पर आसपास ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए बहुत बड़ी सौगात होगी। सरकार को ग्रामीण क्षेत्र की महत्वपूर्ण मांग को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द राजलदेसर में पंचायत समिति बनाने का प्रस्ताव जारी करना चाहिए। वहीं लाछड़सर सरपंच प्रतिनिधि जगदीश सहू ने कहा ये बहुत महत्वपूर्ण मांग है। इस पर सरकार को विचार करना चाहिए एवं अति शीघ्र राजलदेसर में पंचायत समिति की घोषणा होनी चाहिए। वहीं युवा नेता सांवरमल ढाका ने कहा राजलदेसर तहसील में जो नियम आते हैं सभी तरह के नियम पंचायत समिति बनाने में फॉलो करती है एवं ग्रामीण क्षेत्र की मांग एवं कस्बे की मांग को देखते हुए पंचायत समिति कार्यालय अति शीघ्र खोलना चाहिए। इसी प्रकार समाजसेवी पुरुषोत्तम पारीक ने कहा राजलदेसर में आसपास के अनेकों ग्रामीण क्षेत्र हैं उन लोगों की लंबे समय से मांग चल रही है एवं जो परिसीमन हो रहा है उसके तहत राजलदेसर में हर हालत में पंचायत समिति बननी चाहिए। किसान नेता भादर भांमू ने कहा किसानों को छोटे-मोटे कार्य के लिए रतनगढ़ जाना पड़ता है। साथ ही समय के साथ-साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। यह राजलदेसर कस्बा सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों की महत्वपूर्ण मांग है। इस पर सरकार को निर्णय लेना चाहिए। भाजपा नेता शंकरलाल खडोलिया ने कहा कि राजलदेसर में पंचायत समिति हर हालत में बनी चाहिए। पंचायत समिति बनने के बाद राजलदेसर कस्बा और अधिक प्रगति करेगा। राजलदेसर युवा विकास समिति के मंत्री मदन दाधीच ने कहा कि पंचायत समिति बनने के बाद अनेकों अधिकारी गण यहां पर पद स्थापित होंगे जिससे छोटे-मोटे कार्य यहीं पर शुरू हो जाएंगे एवं कस्बे में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

# 'महिलाओं का तकनीकी रूप से समृद्ध होना विकसित समाज की आधारशिला'

## विधायक हरलाल सहारण ने महिलाओं के लिए निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण बैच का किया उद्घाटन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** चूरू विधायक हरलाल सहारण ने बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित एक्सीलैंट कंप्यूटर सेंटर में महिला अधिकारिता विभाग द्वारा चयनित महिलाओं के लिए निःशुल्क कंप्यूटर कोर्स के नए बैच का उद्घाटन किया। एक्सीलैंट कंप्यूटर सेंटर की संचालिका मंजू प्रजापत व मुकेश जांगिड़ ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि महिलाओं का तकनीकी रूप से समृद्ध होना विकसित समाज की आधारशिला है। महिलाएं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगी तो निस्संदेह भावी पीढ़ी अधिक कौशल, मानसिक व तार्किक रूप से समृद्ध होगी। उन्होंने कहा कि सरकार महिला उत्थान के लिए समग्र प्रयास कर रही है। महिलाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देना सराहनीय पहल है। एक्सीलैंट कंप्यूटर सेंटर द्वारा चूरू में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य प्रशंसनीय हैं। उन्होंने बालिकाओं व महिलाओं को प्रोत्साहित किया। उपस्थित सभी ने इस पहल की सराहना की और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताया। निदेशक मंजू प्रजापत ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार के जनकल्याणकारी प्रयासों के अंतर्गत महिला अधिकारिता विभाग द्वारा चयनित 99 महिलाएं वर्तमान में 90 दिनों का कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। इस दौरान आरिफ भालेरी, पवन गुर्जर, आरकेसीएल से डीपीओ कैलाश, जिला समन्वयक पंकज पारीक, सुरेश कुमार सहित महिलाएं मौजूद रहीं।

# ढिगारलावाले मित्तल परिवार के सौजन्य से नैत्रहीन गौवंश के आवास हेतु शेड निर्माण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** श्री मोक्ष भूमि गौशाला, राजगढ़ मे सेठ स्व. गजानन्द मित्तल ढिगारलावाला शंकरलाल मित्तल व प्रेम कुमार मित्तल पुत्रगण सेठ स्व.मंगतुराम मित्तल ढिगारलावाले श्रवण कुमार अग्रवाल, सुभाष चन्द्र अग्रवाल सीए, डॉ. रमेश अग्रवाल, हरिश चन्द्र अग्रवाल सीए घनश्याम अग्रवाल पुत्रगण सेठ स्व. सत्यनारायण मित्तल ढिगारलावाले सरपंच डॉ. जेके मित्तल पुत्र सेठ स्वगीय भगवानदास मित्तल ढिगारलावाले (सरेश कुमार व नरेश कुमार मित्तल पुत्रगण) की स्मृति में उनके सुपुत्रों द्वारा नैत्रहीन गौवंशों के आवास हेतु चारा, पानी खैल व सिंलिंग फेन सहित शेड का निर्माण अनुमानित कीमत 5,00,000/- करवाकर ढिगारलावाले मित्तल परिवार के सानिध्य में पाखी मित्तल व ईशिटा मित्तल द्वारा फीटा काटकर भेंट किया। गौशाला परिवार द्वारा ढिगारलावाले मित्तल परिवार का दुपट्टे व गाय माता का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया । सम्मान कार्यक्रम में प्रेम कुमार मित्तल व डॉ जे.के.मित्तल की ओर से 2-2 लाख आजीवन ट्रस्टी की राशि श्री मोक्ष भूमि व गौ सेवा समिति चेरिटेबल ट्रस्ट, राजगढ़ को प्रदान की गई।

# सिद्धमुख तहसील कार्यालय का घेराव किया, कलेक्टर के नाम दिया ज्ञापन



**सादुलपुर।** सिधमुख तहसील कार्यालय का किसानों द्वारा धेराव किया गया। तहसील कमेटी सदस्य हनुमान शर्मा की अध्यक्षता में तहसीलदार के नाम कलेक्टर चूरू के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसान रेंडम प्रणाली से क्रॉप कटिंग करवाने की मांग को लेकर तहसील क्षेत्र के किसानों द्वारा सिद्धमुख तहसील कार्यालय का घेराव किया। तहसील क्षेत्र में रबी फसल की स्मार्ट क्रॉप कटिंग पर किसानों ने एतराज जताया था किसानों का कहना है कि स्मार्ट क्रोप कटींग में नियमों की अनदेखी हो रही है जिससे असंतुष्ट किसानों द्वारा को स्मार्ट सैम्पलिंग प्रणाली को हटाकर रेंडम प्रणाली से क्रॉप कटिंग करवाने की मांग को लेकर सिधमुख तहसीलदार कार्यालय का घेराव किया। रण सिंह मूड, दलवीर ज्याणी, शक्ति सिंह चैनपुरा बड़ा, नरेंद्र सिंह ढाका, मोहनलाल शर्मा, राम अवतार रेजड़ी, गौरी शंकर प्रजापत, नूर मोहम्मद, विकास लेगा, विनोद छापोला, सुभाष जांगिड़, अकबर खान, निहालसिंह छापोला,महेंद्र बिरमी छोटी, हनुमान शर्मा चैनपुरा छोटा, कृष्ण कड़वासरा, सुरताराम भीमसाना, रामनिवास लाम्बा, सोनू जलेवा, चिमनाराम सहित कई गांव के किसान मौजूद रहे।

# न्यूज ब्रीफ

## जिले में 14 मई तक चलेगा मलेरिया क्रैश कार्यक्रम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले में 14 मई तक मलेरिया क्रैश कार्यक्रम का प्रथम चरण चलाया जाएगा। कार्यक्रम की सफल क्रियान्वित को लेकर सभी खंड मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को निर्देश जारी किए गए है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.धर्मसिंह मीणा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मलेरिया सहित अन्य मच्छर जनित मौसमी बीमारियों से बचाव, रोकथाम की प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया आदि मौसमी बीमारियों से बचाव, रोकथाम व जागरूकता सबंधी गतिविधियां की जाएगी। इस संबंध में उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीणा ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम चरण के दौरान बायोलॉजिकल कंट्रोल के तहत हैचरी क्रियाशील करने व स्थाई जल स्त्रोतों में लार्वा भक्षी गम्बूशिया मछली डालने के भी निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम में घर-घर जाकर बुखार के मरीजों का सर्वे कर रक्त पट्टिका ली जाएगी। त्वरित जांच कर पॉजिटिव पाए जाने पर उपचार किया जाएगा। पॉजिटिव मरीजों के घरों के आसपास मच्छरों के प्रजनन स्थलों की पहचान कर लार्वा रोधी गतिविधियां की जाएगी। सभी चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को प्रत्येक शनिवार अपने अधीन समस्त एएनएम की टीम गठित कर स्वास्थ्य केंद्र मुख्यालय पर से एन्टीलार्वल, सोर्स रिडक्शन तथा आमजन में जागरूकता पैदा करने के साथ ही क्षेत्र के प्रत्येक सरकारी, निजी विद्यालयों में भ्रमण कर विद्यार्थियों को मलेरिया, डेंगू चिकनगुनिया से बचाव हेतु शिक्षा प्रदान करने के निर्देश दिए। प्रत्येक चिकित्सा संस्थान पर मलेरिया, डेंगू आईईसी कॉर्नर स्थापना करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## परिवहन विभाग की मेहनत लाई रंग

### परिवहन विभाग ने गत वर्ष से 115 प्रतिशत अधिक राजस्व किया अर्जित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** परिवहन विभाग ने इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में गत वित्तीय वर्ष 2023-2024 के राजस्व लक्ष्य के विरुद्ध समस्त फील्ड स्टाफ एवं कार्यालय स्टाफ की कड़ी मेहनत की वजह से एवं सख्त प्रवर्तन कार्यवाही कर 149 करोड़ राजस्व का अर्जन किया है, जो कि गत वर्ष की तुलना में 115 प्रतिशत है। साथ ही सख्त प्रवर्तन कार्यवाही कर इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में गत वित्तीय वर्ष 2023-2024 की तुलना में 14 करोड़ प्रशमन राशि के विरुद्ध 20 करोड़ प्रशमन राशि अर्जित की जो कि गत वर्ष से 138 प्रतिशत है। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि मार्च 2025 में बिना कर चुकाए वाहनों के विरूद्ध कडी कार्यवाही की वजह से जिले में अब तक का सबसे अधिक कर 16 हजार 800 वाहनों से 50 करोड़ प्राप्त किया, जो कि गत वर्ष 14 हजार 800 वाहनों से 37 करोड़ था, जो कि गत वर्ष का 135 प्रतिशत है। साथ ही मार्च 2025 में कुल 59 करोड राजस्व अर्जित किया गया जो कि गत वर्ष का 126 प्रतिशत है। विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु जिले के नागरिकों में जागरूकता पैदा करने हेतु वर्ष पर्यंत विभिन्न आयोजनों के माध्यम से निरंतर रूप से प्रसास किये गये, जो कि आगे भी जारी रहेंगे।

## ओपीडी सेवाओं में किया विस्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** पंखा रोड स्थित जीवन रेखा हॉस्पिटल में अब 1अप्रैल से जीवन रेखा हॉस्पिटल चूरू में ओपीडी सेवाएं शाम में भी होगी उपलब्ध समय 9:00 बजे से 2:00 बजे तक शाम 5:00 बजे से 7:00 बजे तक जिला मुख्यालय के पंखा रोड स्थित जीवन रेखा हॉस्पिटल में सभी मरीजों के लिए अब सुबह ओर शाम दोनों समय ओपीडी की सुविधाएं उपलब्ध होंगी जिसमें हृदय रोग-जनरल फिजिशियन-श्वास एवं दमा रोग-जनरल सर्जरी-हड्डी एवं जोड़ रोग-2डी ईको फिजियोथेरेपी और विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 24 घंटे इमरजेंसी एवं ट्रॉमा सेवाएं भी मिलेगी। निदेशक महेश गोयनका ने बताया कि मल्टीस्पेशलिटी सुविधा युक्त जीवन रेखा हॉस्पिटल में आयुष्मान योजना में हार्ट स्टेंटिंग, किडनी से संबंधित यूरोलॉजी के ऑपरेशन, हड्डियों के ऑपरेशन, डायलिसिस, सामान्य एवं दूरबीन द्वारा ऑपरेशन निशुल्क हो रहे है।

## सैन जयंती महोत्सव को लेकर बैठक आयोजित, समिति अध्यक्ष राजेश रक्षक ने सौंपी जिम्मेदारियां



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** सैन जयंती महोत्सव को लेकर सैन मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सैन जयंती पर तीन दिन होने वाले कार्यक्रमों को लेकर बैठक में चर्चा की। सैन सेवा समिति अध्यक्ष राजेश रक्षक ने बताया कि 25 अप्रेल को जिले में सैन जयंती महोत्सव मनाया जाएगा। जिसको लेकर चूरू सैन सेवा समिति की ओर से भी विभिन्न आयोजन करवाये जायेंगे। उन्हानें बताया कि जयंती महोत्सव पर 21, 22 व 23 अप्रेल क्रिकेट प्रतियोगिता होगी। जिनमें समाज के युवा अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। 24 अप्रेल को सैन मंदिर में चित्रकला व पेंटींग प्रतियोगिता होगी। इसी दिन दोपहर में महिलाएं भजन-कीर्तन करेगी। 25 अप्रेल की सुबह नौ बजे सैन मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। जिसमें समाज के महिला पुरूष शामिल होंगे। वहीं शाम को समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया जायेगा। समिति अध्यक्ष राजेश रक्षक ने बताया कि पहली बार कर्पूरी ठाकुर की जीवनी पर लेख प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जा रहा हैं। जिसमें 700 शब्दों की लिमिट रखी गयी है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी 21 अप्रेल को अपना लेख मंदिर में जमा करवाये। बैठक में ओमप्रकाश, कामेश सविता, राजेंद्र रक्षक, गोपाल, नरेंद्र भाटी, श्याम सुंदर भाटी, अशोक तंवर, लक्ष्मी नारायण, बसंत रक्षक, कपिल रक्षक, सूर्यप्रकाश, अर्जुन बशीर, कमल रक्षक, दीपक रक्षक, सुशील भाटी, रमेश, विद्याधर, जयप्रकाश व ओम जाड़ीवाल आदि मौजूद थे।

## चिड़ावा के राजकीय उप जिला अस्पताल में सोनोग्राफी की सुविधा शुरू

**चिड़ावा।** राजकीय उप जिला अस्पताल में अब मरीजों को सोनोग्राफी जांच की निःशुल्क सुविधा मिलने लगेगी। इससे पहले मरीजों को बाहर निजी लेब से महंगी दर पर सोनोग्राफी करवानी होती थी। भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया के प्रयास से राज्य सरकार द्वारा अस्पताल को 22 लाख रुपये की लागत से नई सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध करवाई है, जिसका उद्घाटन राजेश दहिया ने फीता काटकर किया। समारोह को संबोधित करते हुवे मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया ने कहा कि अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन की काफी समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी। जिसके फलस्वरूप मरीजों को सोनोग्राफी बाहर करवानी होती थी। सरकार द्वारा अस्पताल में अब मशीन उपलब्ध करवाई जाने से क्षेत्रवासियों को आर्थिक बचत के साथ अस्पताल के अंदर ही सोनोग्राफी की सुविधा आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। जिससे समय ओर अर्थ दोनो की बचत होगी।

# ऑन द फास्ट ट्रैक : रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास को पुनर्परिभाषित करता गुजरात



- प्रवीण परमार, आईआरटीएस (सेवानिवृत्त)
- पूर्व प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, पश्चिम रेलवे

औद्योगिक विस्तार और इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में उल्लेखनीय उपलब्धियों के कारण गुजरात को लंबे समय से भारत के विकास इंजन के रूप में जाना जाता है। उद्यमशीलता और विनिर्माण को बढ़ावा देकर राज्य ने एक लचीले परिवहन नेटवर्क द्वारा मजबूत और संपन्न अर्थव्यवस्था का निर्माण किया है। इस वर्ष का रेल बजट रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर के आधुनिकीकरण के प्रति गुजरात की प्रतिबद्धता को पुष्ट करता है। इस महत्वपूर्ण निवेश का उद्देश्य संरक्षा में वृद्धि, यात्री अनुभव में सुधार और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। रेल बजट की घोषणा को व्यापक सराहना मिली। बजट में विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से भारतीय रेल पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए 40% व्यय आवंटित किया गया। माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार राज्यों में चल रही विभिन्न रेल परियोजनाओं में 17,155 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड-तोड़ आवंटन किया जाएगा। रेल संरक्षा गुजरात के आधुनिकीकरण प्रयासों का मुख्य आधार बनी हुई है। सबसे महत्वपूर्ण उपायों में से एक है रेलवे लेवल क्रॉसिंग को खत्म करना, उनकी जगह रोड ओवर ब्रिज (ROB) और रोड अंडर ब्रिज (RUB) बनाना। इस पहल से दुर्घटनाएं कम होती हैं, वाहनों की निर्बाध आवाजाही को बढ़ावा मिलता है और रेल दक्षता बढ़ती है। पिछले एक दशक में, लगभग 1050 लेवल क्रॉसिंग को आरओबी/आरयूबी से बदला गया है। इसके अलावा, गुजरात में ब्रॉड गेज नेटवर्क पर सभी मानव रहित लेवल क्रॉसिंग को 2018 में समाप्त कर दिया गया है। गुजरात सरकार रेलवे के साथ मिलकर गुजरात को पूरी तरह से लेवल-क्रॉसिंग मुक्त (फाटक-मुक्त गुजरात) बनाने की दिशा में काम कर रही है। राज्य सरकार ने 83 लेवल क्रॉसिंग को खत्म करके उनकी जगह आरओबी/आरयूबी बनाने के लिए 1372.91 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं, जिनमें से 11 लेवल क्रॉसिंग को पहले ही आरओबी/आरयूबी से बदला जा चुका है और बाकी पर काम चल रहा है। इससे न केवल सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा में सुधार होगा, बल्कि लेवल क्रॉसिंग पर प्रतीक्षा समय भी खत्म होगा, जिससे समय और ईंधन दोनों की बचत होगी। राज्य ने रेल मंत्रालय यानी गुजरात रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (G-RIDE) के साथ एक संयुक्त उद्यम भी बनाया है, जिसने बेदी बंदरगाह तक कनेक्टिविटी विकसित की, कटोसन-बेचराजी-रणुंज लाइन का गेज परिवर्तन किया और मारुति सुजुकी कार प्लांट में निर्मित कारों को देश के विभिन्न हिस्सों और बंदरगाहों तक ले जाने के लिए मारुति सुजुकी कार प्लांट तक रेलवे साइडिंग विकसित की। इसके अलावा, स्वदेशी रूप से विकसित कवच प्रौद्योगिकी की तैनाती 1800 रूट किलोमीटर (RKM) पर तेजी से की जा रही है।

ऐसी पहल रेलवे सुरक्षा के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण को दर्शाती है। संरक्षा से परे गुजरात में रेलवे का इंफ्रास्ट्रक्चर बड़े पैमाने पर, इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश के साथ बदलाव के दौर से गुजर रहा है, जिसका उद्देश्य यात्री और माल ढुलाई दोनों संपर्क को मजबूत करना है। वर्तमान में, गुजरात के 87 स्टेशनों का नवीनीकरण किया जा रहा है ताकि स्टेशन सुविधाओं का आधुनिकीकरण किया जा सके और सुविधाओं और उनकी पहुंच में सुधार किया जा सके। कांडला, मुन्द्रा, दहेज, हजीरा, सिक्का, बेदी आदि जैसे सभी प्रमुख बंदरगाह पहले से ही रेलवे से जुड़े हुए हैं और जखाऊ बंदरगाह को जोड़ने की योजना भी प्रक्रियाधीन है। माल ढुलाई को बढ़ावा देने के लिए राज्य में 8 निजी माल टर्मिनल (PFT) और 10 गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल (GST) पहले ही स्थापित किए जा चुके हैं और कुछ और विकसित होने की उम्मीद है। हाल ही में, ऊंझा में एक विशेष रेलवे कंटेनर टर्मिनल खोला गया है, जो देश के विभिन्न हिस्सों में कृषि उत्पादों की निर्बाध आवाजाही की सुविधा प्रदान करता है और निर्यात को बढ़ावा देता है। मिशन रफ़्तार और वेस्टर्न डेडिकेटेड कॉरिडोर (WDFC) दो उल्लेखनीय परियोजनाएँ हैं जो यात्रियों और माल परिवहन दोनों के लिए गति और दक्षता के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं। मिशन रफ़्तार का उद्देश्य मुंबई-सूरत-वडोदरा-दिल्ली और मुंबई-वडोदरा-अहमदाबाद मार्गों जैसे अधिक आवागमन वाले कॉरिडोर पर ट्रेन की गति बढ़ाना है। वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (WDFC) एक महत्वाकांक्षी परियोजना है जिसका उद्देश्य यात्री मार्गों पर भीड़भाड़ को कम करने के लिए माल के तेज़ और कुशल परिवहन के लिए समर्पित ट्रैक की सुविधा प्रदान करना है। WDFC का 565 किलोमीटर का हिस्सा (कुल लंबाई का 38%) गुजरात से होकर गुजरता है और अब पूरी तरह से चालू हो चुका है।

आधुनिक रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर के इस दृष्टिकोण का अभिन्न अंग है मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना, जिसका नेतृत्व नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (NHSRCL) कर रहा है। बुलेट ट्रेन भारत में तेज गति से यात्रा को फिर से परिभाषित करने, यात्रा के समय को बेहद कम करने और क्षेत्रीय परिवहन परिदृश्य को बदलने का वादा करती है। जैसे-जैसे इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम तेजी से आगे बढ़ रहा है, गुजरात अत्याधुनिक रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर के केंद्र के रूप में अपनी प्रतिष्ठा को मजबूत कर रहा है। अंततः, इन प्रगति की सफलता यात्रियों पर उनके प्रभाव में निहित है। शहरीकरण की तीव्र गति से यात्रा की गतिशीलता में बदलाव के साथ रेलवे को केवल पटरियों और स्टेशनों के विस्तार से आगे बढ़ना चाहिए - इसे कुशल एकीकृत परिवहन समाधानों को प्राथमिकता देनी चाहिए। राज्य का मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट हब (MMTH) एक ऐसी पहल है जिसका उद्देश्य परिवहन के विभिन्न साधनों के बीच निर्बाध संपर्क सुनिश्चित करना है।

दो प्रमुख परियोजनाएँ, साबरमती MMTH और सूरत MMTH, एक ही सुविधा के भीतर रेल, मेट्रो, बुलेट ट्रेन और बस सेवाओं को एकीकृत करके यात्री सुविधाओं में क्रांति लाने के लिए तैयार हैं। डिजिटल टिकटिंग, आधुनिक वेटिंग लाउंज और रिटेल स्पेस जैसी सुविधाएँ यात्रियों के अनुभव को काफी बेहतर बनाएँगी। इन पहलों के साथ, गुजरात भारत में सार्वजनिक परिवहन में उत्कृष्टता का बेंचमार्क बनने की राह पर है। राज्य में चार वंदे भारत ट्रेनों की मौजूदगी, जिनमें से दो उच्च मांग वाले मुंबई-गांधीनगर और मुंबई-अहमदाबाद सेक्टरों में सेवा प्रदान करती हैं, उच्च गति वाली प्रीमियम यात्रा प्रदान करने के प्रयासों को उजागर करती हैं, ताकि यात्रियों की बढ़ती मांगों को पूरा किया जा सके।

अहमदाबाद और भुज के बीच नमो भारत रैपिड रेल की शुरूआत कच्छ के रण जैसे गंतव्यों के लिए तेज़ और आरामदायक यात्रा प्रदान करके पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक कदम है। स्वदेशी रूप से निर्मित इस ट्रेन में केवल अनारक्षित कोच हैं और यह पूरी तरह से वातानुकूलित है और साथ ही इसमें आधुनिक यात्री सुविधाओं की भरमार है। यात्रियों की सुविधा के अलावा, रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर के आधुनिकीकरण में निवेश से रोजगार के अवसर पैदा होते हैं, औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलता है और व्यापार संचालन को सुगम बनाया जाता है। बेहतर रेलवे कनेक्टिविटी से माल की आवाजाही की दक्षता में काफी वृद्धि होती है - जिससे लागत कम होती है और व्यवसायों और निवेशकों के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में गुजरात की मान्यता और भी बढ़ जाती है।

इसके अतिरिक्त, निर्बाध एकीकृत परिवहन इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ ही पर्यटन के भी फलने-फूलने की उम्मीद बढ़ाता है। आधुनिक रेलवे स्टेशन, हाई-स्पीड कनेक्टिविटी और सुव्यवस्थित यात्रा के विकल्प गुजरात को व्यवसाय और अवकाश यात्रा दोनों के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बनाने के लिए तैयार हैं, जो घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय लोगों और संस्थाओं को समान रूप से आकर्षित करते हैं। गुजरात में रेलवे का ट्रांसफार्मेशन निर्बाध एकीकृत परिवहन के भविष्य की दिशा में एक दूरदर्शी छलांग है। तीन प्रमुख क्षेत्रों - सुरक्षा, अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और यात्री अनुभव पर ध्यान केंद्रित करके, राज्य भारत में रेलवे आधुनिकीकरण के लिए एक बेंचमार्क स्थापित कर रहा है। जैसे-जैसे ये महत्वाकांक्षी परियोजनाएँ आकार ले रही हैं, गुजरात यह साबित कर रहा है कि परिवहन में रणनीतिक निवेश व्यापक आर्थिक समृद्धि की ओर ले जा सकता है, जिससे भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में एक नेता के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हो रही है। यहाँ सिर्फ़ रेलवे के बारे में नहीं है, बल्कि उस विकास के बारे में है जहाँ कनेक्टिविटी अनंत संभावनाओं को उजागर करती है।

# बत्तीसा नाला बांध से अन्य गांवों को भी पेयजल सुलभ करवाने की मांग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरूपगंज।** भाजपा जिला मंत्री भुवनेश पुरोहित ने बुधवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी को ज्ञापन देकर बत्तीसा नाला बांध परियोजना को पेयजल परियोजना मे परिवर्तित करवाने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि सिरोही जिले के 36 गांव एवं 3 शहरों के लिए 270 मिटर घन फीट पानी आरक्षित है। पेयजल के लिए जिन 36 गावों का चयन किया गया है। उन गांवों के मध्य में बहुत से गांव इस परियोजना से वंचित रह गए है। जहां पानी का टीडीएस लगभग 900 से 1200 के मध्य हैं। जो पेयजल के लिए उपयोगी नहीं हैं। परियोजना से वंचित गांवों की ओर से लगातार इस परियोजना से उनके गांवों को पेयजल के लिए जोड़ने के लिए मांग की गई। अतः सिंचाई के लिए आरक्षित जल को यदि पेयजल के लिए उपयोग किया जाता हैं तो यह जनहित में होगा। इस दौरान पिंडवाड़ा आबू विधायक समाराम गरासिया, भाजपा जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी, पूर्व सांसद देवजी पटेल, उप प्रधान विनोद दवे, भाजपा जिला महामंत्री नरपतसिंह राणावत, दिनेश कुमार सहित क्षेत्र के ग्रामीण मौजूद रहे।



## भालू के हमले से महिला घायल



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** मोरडू में बुधवार सवेरे घर की चारदीवार में प्रवेश कर भालू ने एक महिला पर हमला कर उसे घायल कर दिया। शोरगुल सुनकर भालू जंगल की तरफ भाग गया। घायल महिला को उपचार के लिए उपजिला चिकित्सालय ले जाया गया। जानकारी के अनुसार तलहटी क्षेत्र के मोरडू पेट कोलरफली में निवासी बबली पत्नी भीखा सवेरे उसके घर की चारदीवारी पर खड़ी थी। इसी दौरान अचालक भालू ने उन पर हमला बोल दिया। जिससे महिला गंभीर रुप से घायल हो गई। महिला की चीख सुनकर लोग मौके पर पहुंचे। लोगों को आते देख व शोरगुल सुनकर भालू जंगल में भाग गया। घायल महिला को उपचार के लिए आकराभटटा उप जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां उसका उपचार किया गया।

## विद्युतकर्मियों ने किया निजीकरण का विरोध



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले अतिरिक्त ऊर्जा सचिव राजस्थान सरकार जयपुर को सहायक अभियंता के मार्फत एवं मुख्यमंत्री को उपखंड अधिकारी के मार्फत ज्ञापन देकर निजीकरण का विरोध किया। ज्ञापन में स्पष्ट लिखा है समय रहती सरकार इस नियमों में संशोधन नहीं करती है तो उपखंड के शत प्रतिशत कर्मचारी आंदोलन करेंगे। जिला मंत्री पुखराज एवं जोधपुर विद्युत वितरण श्रमिक संघ के जिला महामंत्री वीराराम दहिया, कर्मचारी दिनेश पालीवाल, निरंजन गुर्जर, दिनेश पुरोहित, प्रवीण, रमेश, पूनमाराम, प्रकाश कुमार, यशपालसिंह, धीरज भाटी, सदाराम एवं प्रदीप कुमार आदि मौजूद थे।

## एवीएम में अभिभावक सम्मेलन का आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक नांदिया में मंगलवार को अभिभावक सम्मेलन अमराराम देवासी, चौथाराम देवासी, प्रबंध समिति अध्यक्ष रमेश प्रजापत, व्यवस्थापक अमृतलाल, कोषाध्यक्ष बदाराम, संरक्षक डासूराम, वनाराम, सांकलाराम, सोमवाराम एवं प्रधानाचार्य रमेश कुमार भाटी की उपस्थिति में आयोजित किया गया मुख्य वक्ता सोमाराम ने विद्यार्थियों के विकास में अभिभावकों की भूमिका, शिक्षा और संस्कारों का महत्व, आचरण की जानकारी दी। लक्ष्मण सेन, प्रवीण गर्ग, हितेश कुमार, नारायण माली, रामाराम, अशोक कुमार, दरजाराम, अशोक प्रजापत, दलजीत, मनीषा, कृष्णा कुंवर, रणजीत गर्ग, मदनलाल, तेजाराम और सेविका गुड़िया देवी उपस्थित रहे।

## माधव विवि में प्रवेश प्रक्रिया शुरु



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** माधव विश्वविद्यालय ने अकादमी सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। विवि के विभिन्न रसायन विज्ञान होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, फिजियोप्लास्टिक, पेरा मेडिकल, नेचुरपैथिक योगा, इंजीनियरिंग, विधि, अर्थशास्त्र और उद्यम, फायर एंड बिजनेस, शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, विशेष शिक्षा, विज्ञान और कला सहित विभिन्न संकायों में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। विवि के लेबल डॉ. भावेश कुमावत ने बताया कि माधव विवि हमेशा के छात्रों को सर्वांगीण विकास और उनके उज्ज्वल भविष्य को देशभक्ति देता है। संस्थान उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और नवीनतम शिक्षण प्रशिक्षण कोकर अपने छात्रों को व्यावहारिक और आधुनिक ज्ञान से लैस करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि विवि में अनुभवी प्रोफेसरों और विशेषज्ञ पेशेवरों की टीम छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें प्रतिस्पर्धी दुनिया के लिए तैयार करती है। विवि में आधुनिक पुस्तकालय, पुस्तकालय और डिजिटल पाठ्यपुस्तक की सुविधा भी उपलब्ध है। जिससे छात्रों को पूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलता है। नए सत्र में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। जहां उन्हें अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी राजनीति को मजबूत बनाने का अवसर मिलता है। विवि की ओर से छात्रों के लिए क्रिश्चियन मार्गदर्शन और शैक्षिक संस्थानों पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ी विस्तृत जानकारी के लिए विद्यार्थी माधव विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रवेश कर सकते हैं या नामांकित से संबंधित सहायता के लिए विश्वविद्यालय के प्रवेश विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

## भारतीय किसान संघ की संभागस्तरीय बैठक आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडार।** भारतीय किसान संघ पाली संभाग कि बैठक जालमपुरा में आयोजित की गई। भारतीय किसान संघ प्रदेश महामंत्री तुलाराम सीयोर के आतिथ्य, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद धारणीया, प्रांत अध्यक्ष माणकराम परिहार, प्रांत महामंत्री विजयसिंह घिटाला के सानिध्य में आयोजित की गई। प्रदेश महामंत्री तुलाराम सियोर ने कहा कि भारतीय किसान संघ संभाग पाली का अभ्यास वर्ग 22 से 23 अप्रैल को जालोर के सुंधामाता में आयोजित होगा। जिसमें अपेक्षित पदाधिकारी व कार्यकर्ता 21 अप्रैल को शाम को ही सुंधा माता पहुंचे। जिसमें संभाग कार्यकारिणी जिला कार्यकारिणी व संभाग में निवास करने वाले प्रांत व प्रदेश के पदाधिकारी भाग लेंगे। प्रान्त उपाध्यक्ष सोमाराम चौधरी, प्रांत बिज प्रमुख नाथूराम लुहार, संभाग अध्यक्ष मोडाराम पटेल, संभाग मंत्री सुजानसिंह वडवज, प्रांत कार्यालय प्रमुख गोवर्धनराम सिहाग, प्रांत युवा प्रमुख खिमसिंह जालोर, कैलाश, संभाग उपाध्यक्ष परबतसिह राजपुरोहित, नरपतसिंह ओवलोज, गणेशाराम चोधरी, प्रांत कोषाध्यक्ष गणपतलाल, संभाग सदस्य राणसिंह देवल, हरजीराम चौधरी, सांचोर जिला मंत्री सवाराम पुरोहित, जिवाराम चौधरी, हरीराम जालोर, जिला अध्यक्ष रतनसिंह कोलीवाड़ा, पाली जिलाध्यक्ष जोधाराम पटेल, सांचौर जिलाध्यक्ष छोगाराम पटेल, सिरोही जिला उपाध्यक्ष गणपतसिंह देवड़ा, डागराली जिला मंत्री उत्तमसिह राठौड़ आदि मौजूद थे।

## एवीएम में मनाया वार्षिकोत्सव

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** नवीन आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। संस्था प्रधान मदनलाल रावल ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य वक्ता अभयदास, मुख्य अतिथि अल्ट्राटेक प्लांट यूनिट हेड सीपीएस चौहान, कार्यक्रम अध्यक्ष विधायक समाराम गरासिया, विद्या भारती जिला सचिव लकाराम चौधरी, जिला सह व्यवस्थापक रमेश पटेल, अध्यक्ष धरमाराम गहलोत, सह व्यवस्थापक ईश्वरसिंह, कोषाध्यक्ष गोपालराम, शैक्षिक प्रमुख मनोहरलाल दहिया, सदस्य दानाराम प्रजापत, सेवा प्रमुख सांकलाराम, संपर्क प्रमुख अचलाराम, प्राथमिक प्राधानाचार्य सोमाराम एवं सहायक प्रधानाचार्य राजेन्द्र घांची का सानिध्य रहा। मुख्य वक्ता अभयदास ने कहा कि देश में शिक्षा के साथ साथ संस्कार व देशप्रेम भी बहुत आवश्यक है। उन्होंने देश विरोधी गतिविधियों से बचने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि चौहान ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के ऐसे केन्द्रों को कम्पनी समय समय पर सहयोग करती रहती है और ऐसे संस्कार युक्त शिक्षा केन्द्रों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। विद्या मन्दिर के विद्यार्थियो ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक व शारीरिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी।



## बालिकाओं ने जानी कलक्ट्रेट एवं परिषद की कार्यप्रणाली



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की बालिकाओं ने बुधवार को नगर परिषद, जिला कलेक्ट्रेट, जिला कोषालय, तहसील कार्यालय, पीएफए का अवलोकन किया। प्रधानाचार्य श्रीमती हीरा खत्री व व्यवस्था सहयोगी गोपाल सिंह राव के अनुसार पीएमश्री योजना के नागरिकता कौशल संवैधानिक मूल्य एवं 21वीं सदी की शिक्षा और सूचना गतिविधि के तहत शहर के शासन और प्रशासन के प्रमुख कार्यालयों को दिखाया गया। नगर परिषद के सभी कार्य की जानकारी हरिश गोस्वामी ने दी। जिला कोषाधिकारी श्रीमती अलका राव ने बालिकाओं को कार्यालय कार्य पालिका से संबंधित प्रश्न पूछे। बालिकाएं जिला कोषाधिकारी श्रीमती अलका राव से मिलकर कर हर्षित हुई तथा ग्रुप फोटो खिंचवाई। पीएफए का अवलोकन सचिव चन्द्रभान मोटवानी के साथ किया। जीव जन्तुओं पेड़ पौधों को देखकर अनेकानेक प्रश्न किए। प्रभारी श्रीमती अनिता चौहान, व्याख्याता तृप्ति डाबी समेत बालिकाएं मौजूद थी।

## गलती से खाते में आए 20 हजार, वापस लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** गलती से खाते में आए 20 हजार रुपए उसके असल मालिक को लौटाकर शहर के व्याख्याता ने ईमानदारी का परिचय दिया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तेलपुर में कार्यरत समाजशास्त्र के व्याख्याता इंदर पुरोहित ने बताया कि उनके खाते में फोनपे के माध्यम गलती से बीस हजार रुपए जमा हो गए। गलती ऐसे हुई कि जो राशि मोबाइल नंबर 9667651096 पर ट्रांसफर करनी थी उसकी। जगह यह राशि इंदर पुरोहित के मोबाइल नम्बर 9667651069 के खाते में जमा हो गई। जब बैंक में जाकर इंदर पुरोहित ने मालूम किया कि तब वास्तव में उनके खाते में गलती से केरल के एक फैक्ट्री के श्रमिक की राशि 20 हजार रुपए जमा हो गए। इस पर पुरोहित ने बुधवार को बैंक मैनेजर से चर्चा कर राशि फिर से उसी श्रमिक के खाते में जमा कराई। पुरोहित ने बताया कि श्रमिक ने कहा कि यह राशि श्रमिक ने फैक्ट्री मालिक से उधार में ली थी।

## बैठक में की भाजपा स्थापना दिवस की चर्चा




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रेवदर।** भाजपा मंडल रेवदर द्वारा आगामी भाजपा स्थापना दिवस को लेकर भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष हरीश लोहार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें मंडल स्तर व मंडल स्तर के हर बुथ पर स्थापना दिवस कार्य म को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान भाजपा मंडल महामंत्री दशरथ सोनी, मंडल उपाध्यक्ष कालूराम पुरोहित, मंडल मंत्री धनराज पुरोहित, विष्णु जोशी, मंडल मीडिया प्रभारी तरूण अग्रवाल, सोशियल मीडिया प्रभारी ईश्वर घांची, शक्ति केन्द्र संयोजक अशोक माली, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष भरत चौधरी, भाजपा कार्यकर्ता रमेश कोली रानाडी, कानाराम चौधरी, महेंद्र पुरोहित, देवाराम प्रजापत राजगढ़ मौजूद रहे।

## खेत में लगी आग, बड़ा हादसा टला

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** जोयला मार्ग स्थित माताजीवाला कृषि कुएं पर अज्ञात कारणों से आग लग गई। मौके पर पहुंचे लोगों के सहयोग से आग पर जल्द काबू पा लिया। जिससे कोई नुकसान नहीं हुआ। महेन्द्रसिंह पुत्र रीडमलसिंह देवड़ा ने बताया कि गेहूं की खड़ी फसल में आग लगने की सूचना पर शिवगंज से आए दमकल एवं अन्य वाहनों से पानी डाला गया। जितेंद्र बोराणा, महेंद्र देवासी, राजवीरसिंह, विक्रमसिंह, जय किशन, राजरतन ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाया।



## बाबा रामदेव मंदिर का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** आजाद मैदान स्थित बाबा रामदेव मंदिर का वार्षिकोत्सव बुधवार को आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 54 वर्ष पूर्व बाबा रामसापीर धाम रूणीसा से निकला बाबा का कपड़े का घोड़ा चैत्र शुक्ल पंचमी को यहां आया था। उस दिन से आज तक उत्सव मनाया जाता है। यहां मंदिर का निर्माण करवाया गया है। मेले में कस्बे सहित क्षेत्र के लोग ने मंदिर में पूजा अर्चना कर धोक लगाकर खुशहाली की कामना की। शाम को गेर नृत्य का आयोजन हुआ।



# न्यूज ब्रीफ

## परिहार प्रवासी संघ के प्रदेश महासचिव नियुक्त



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिला प्रवासी महासंघ सूरत के प्रदेश उपाध्यक्ष भारत रावल ने महेंद्रसिंह परिहार को प्रवासी संघ के प्रदेश महासचिव पद पर नियुक्त किया है। उन्होंने पत्र में लिखा कि प्रवासी भाइयों के लिए हमेशा कार्य करने के लिए तत्पर रहेंगे और उनके हमेशा कार्य में भागीदार बनेंगे।

## स्वच्छता अभियान का सीइओ अग्रवाल ने किया निरीक्षण




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचन्द्र अग्रवाल ने बुधवार को पिंडवाड़ा पंचायत समिति के अधीन ग्राम पंचायतों का दौरान किया। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। सीईओ अग्रवाल ने सबसे पहले नया सानवाड़ा ग्राम पंचायत का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने स्वच्छता अभियान को लेकर गांव के गली-मोहल्लों के साथ भूराराम कॉलोनी का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। सीईओ ने नया सानवाड़ा स्कूल में ग्राम पंचायत की ओर से बनाए गए पिंक टॉयलेट को देखा। सीईओ ने तकनीकी रूप से सही नहीं बनाने को लेकर निकासी वाले भाग को तोड़कर फिर से नए सिरे से बनाने के निर्देश सीईओ के साथ विकास अधिकारी नवलाराम चौधरी, अतिरिक्त विकास अधिकारी खगाराम देवासी, ग्राम विकास अधिकारी नैनाराम लोहार, सरपंच अलका रावल, उप सरपंच कालुराम देवासी, वार्डपंच लीला मेघवाल एवं मनोहरसिंह राणावत आदि मौजूद थे।

## महादेव युवा मंडल ने शुरु किया परिंड़ा अभियान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**दांतराई।** कस्बे के जागेश्वर कोठार मन्दिर परिसर में माया महादेव युवा मंडल दांतराई ग्रुप की ओर से पंक्षियों के लिए महंत ऋषिगिरी के सानिध्य में परिंड़े लगाने का अभियान शुरु किया गया। इस दौरान मंदिर में परिंडें लगाकर उसमें नियमित पानी भरने का संकल्प लिया गया। महंत ने कहा कि पक्षियों के लिए भीषण गर्मी में पेयजल कि व्यवस्था करना पुण्य परोपकार और परमार्थ का कार्य है। जीवदया प्रेमी जितेश, उनाराम प्रजापत, परबतसिंह राजपूत, सोहनलाल लुहार, पिटा त्रिगर, गणेश देवासी आदि मौजूद थे।

## झोंगरेश्वर खवीजी मेले में उमड़ा जनसैलाब, की खरीदारी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**गोयली।** झोंगरा राठौड़ कृषि फार्म पर स्थित झोंगरेश्वर खवीजी बावसी मंदिर में बुधवार को मेले का आयोजन किया गया। गोयली, जावाल, सिरोही समेत आस-पास के ग्रामीणों ने भाग लिया। बच्चों ने मेले में खरीदारी की। बच्चों के खेलने एवं मनोरंजन के लिए झूला चरखी भी लगाए। श्रद्धालु अपने परिजनों के साथ मेले में झोंगरेश्वर खवीजी बावसी मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। भक्तों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। प्रवीण माली ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। धर्म प्रेमियों ने गौ रक्षा और गायों की सेवा का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने मेला कमेटी की तरफ से झोंगरेश्वर खवीजीं बावसी मेला का आयोजन किया गया था। जिसमें विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए मेला कमेटी एवं पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

## लोकसभा और विधानसभा में 33 फीसदी आरक्षण की मांग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राजस्थान महिला कांग्रेस की ओर से बुधवार को राष्ट्रपति के नाम जिला कलक्टर के मार्फत ज्ञापन सौंपकर लोकसभा और विधानसभा में 33 फीसदी आरक्षण की मांग की। ज्ञापन में बताया कि संसद की ओर से पारित नारी शक्तिवंदन अधिनियम शीघ्र लागू किया जाए। इसके अलावा महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 फीसदी आरक्षण शीघ्र दिया जाए। इस दौरान महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष हेमलता शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मीरा देवी रावल, जिला महासचिव रेणुलता व्यास, नगर अध्यक्ष पिंकी रावल, ब्लॉक अध्यक्ष सुन्दर माली मौजूद थी।

### राजस्थान में शिक्षा विभाग का नवाचार 'एक प्रदेश एक परीक्षा'

# पहली बार 'बोर्ड' की तर्ज पर 9वीं व 11वीं की परीक्षाएं, पूरे राजस्थान में होगा एक जैसा पेपर, एक जैसा टाइम टेबल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** देश में वन नेशन वन इलेक्शन की बात हो रही है। तो प्रदेश में वन स्टेट वन इलेक्शन की चर्चा है। इन चर्चाओं के बीच शिक्षा विभाग ने भी एक प्रदेश एक परीक्षा की तर्ज पर पहली बार कक्षा नौंवीं और 11वीं की परीक्षाएं एक साथ और एक जैसे पेपर से ही कराने का फैसला लिया है। अब तक जिला समान परीक्षा के तहत नौंवीं और 11वीं के पेपर के लिए जिला स्तर पर पेपर तैयार होते थे। जिला स्तर पर ही टाइम टेबल तैयार होता था। लेकिन शिक्षा विभाग ने इस शैक्षणिक सत्र में पहली बार अर्धवार्षिक परीक्षा के लिए ना केवल राज्य स्तर पर पेपर तैयार करवाया। बल्कि टाइम टेबल जारी किया। यह कदम सराहा भी गया और सफल भी रहा। जिसके बाद अब नौंवी और 11वीं की परीक्षा बोर्ड परीक्षाओं की तर्ज पर होगी। एडीईओ उम्मेद महला ने बताया कि राजस्थान माध्यमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा नौंवी और 11वीं का टाइम टेबल जारी किया गया है। वहीं पेपर भी तैयार होकर निदेशालय की तरफ से भेजे जाएंगे। पहले सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों को पेपर बांटने का कार्य नोडल स्कूल को दिया जाता था। लेकिन अब इस परीक्षा में पीईईओ स्कूल से परीक्षा से आधे घंटे पहले पेपर सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों को दिए जाएंगे। इससे पहले सभी स्कूलों के पेपर एक साथ थानों में रखे जाएंगे। जिन्हें परीक्षा के दिन परीक्षा शुरू होने से पहले पीईईओ स्कूल तक उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी संबंधित पीईईओ की होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा के समय में भी परिवर्तन किया गया है। पहले जब वार्षिक परीक्षा के लिए टाइम टेबल जारी किया गया था। तो पहली पारी का पेपर सुबह 9.30 से 12.45 बजे का समय निर्धारित किया था। वहीं दूसरी पारी का समय 1.15 से 4.30 का निर्धारित किया गया था। लेकिन गर्मी को देखते हुए अब समय परिवर्तित किया गया है। पहली पारी की परीक्षा अब 7.45 बजे से 11 बजे तक तथा दूसरी पारी की परीक्षा 11.30 से 2.45 बजे तक होगी। आपको बता दें कि झुंझुनूं में नौंवी और 11वीं की परीक्षा कुल 561 सरकारी स्कूलों में तथा 635 गैर सरकारी स्कूलों में होनी है। दोनों परीक्षाओं में कुल 61 हजार 216 परीक्षार्थी पंजीकृत किए गए है। इनमें कक्षा नौ के 30 हजार 818 तथा कक्षा 11 के 30398 परीक्षार्थी शामिल है।

**पहले होती थी एक फ्लाईंग, अबकी बार 14 होगी :** नौंवी और 11वीं परीक्षा को चैक करने के लिए पहले डीईओ के नेतृत्व में सिर्फ एक फ्लाईंग होती थी। लेकिन अबकी बार परीक्षा पूरी सतर्कता के साथ होगी। परीक्षा के सह संयोजक रामावतार खटकड़ ने बताया कि निदेशालय से मिले निर्देशों के अनुसार डीईओ सैकंडरी और डीईओ एलीमेंट्री की दो फ्लाईंग बनाई जाएगी। इसके अलावा सीडीईओ और जिले के सभी 11 सीबीईओ को भी परीक्षा के दौरान मॉनेटरिंग करने के निर्देश दिए गए है। जिसके चलते लगभग 14 टीमें परीक्षाओं को चैक करेगी।

**संशोधन में 30 अप्रेल अक्षय तृतीया का अवकाश, इसलिए टाइम टेबल आंशिक परिवर्तित :** शिक्षा निदेशालय ने पहले जो टाइम टेबल जारी किया था। उसमें 30 अप्रेल के भी दोनों पारियों में नौंवी और 11वीं की परीक्षाएं थी। लेकिन जब परीक्षा समय में बदलाव किया तो 30 अप्रेल को अक्षय तृतीया होने के कारण परीक्षाएं नहीं होगी। इसके कारण परीक्षाओं के टाइम टेबल में भी आंशिक परिवर्तन हुआ है। जिसके अनुसार 30 अप्रेल को होने वाली परीक्षाएं अब एक मई को, एक मई को होने वाली दो मई को, दो मई को होने वाली परीक्षाएं तीन मई को, तीन मई को होने वाले पेपर अब पांच मई को, पांच मई को होने वाले पेपर अब छह मई को पूर्व निर्धारित पारियों में ही होंगे। वहीं छह मई को सुबह की पारी में होने कक्षा 11 का समाजशास्त्र का पेपर अब सात मई को सुबह की पारी में होगा। वहीं सात मई को सुबह की पारी में कक्षा 11 का होने वाला कंप्यूटर विज्ञान का पेपर अब सात मई को दूसरी पारी में होगा। आठ मई के कक्षा 11 के अंग्रेजी साहित्य के पेपर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस बदलाव के कारण पहले कक्षा नौ की परीक्षा पांच मई को समाप्त होने वाली थी। लेकिन अब वो छह मई को समाप्त होगी। वहीं कक्षा 11 की परीक्षा पूर्व की तरह आठ मई को ही समाप्त होगी। दोनों ही कक्षाओं की परीक्षाएं 24 अप्रेल से शुरू होगी।

**कुछ पेपर बनाने होंगे स्कूल स्तर पर :** कुछ ऐसे विषय भी है। जो टाइम टेबल में शामिल नहीं किए गए है। जिन्हें लेकर निदेशालय की तरफ से निर्देश मिले है कि जो विषय टाइम टेबल में नहीं है। उनके पेपर स्कूल स्तर पर ही बनाए जाएंगे। इनमें एक जीवन कौशल विषय है। जिसका टाइम टेबल में उल्लेख नहीं किया। जीवन कौशल को लेकर निर्देश दिए गए है कि 30 अंक का सतत मूल्यांकन, 30 अंक का प्रोजेक्ट और 40 अंक की लिखित परीक्षा होगी। लेकिन टाइम टेबल में जीवन कौशल का उल्लेख नहीं है। ऐसे में तय है कि 40 अंकों का पेपर स्कूल को ही बनाना होगा। इसके लिए जिले की एक—दो स्कूलों में संगीत विषय भी 11वीं चलता है। जिसको भी टाइम टेबल में शामिल नहीं किया है।

## स्कॉलरशिप परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज

**झुंझुनूं।** जिला मुख्यालय स्थित एसीआई ग्रुप ऑफ एजुकेशन के तहत संचालित एसीआई उमावि एवं फाउंडेशन क्लासेज द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली स्कॉलरशिप परीक्षा 6 अप्रेल को आयोजित होगी। स्कॉलरशिप परीक्षा संयोजक व फाउंडेशन हैड विजय कुमार सैनी ने बताया कि अभी तक प्राप्त आवेदनों से पता लग रहा है कि इस स्कॉलरशिप परीक्षा को लेकर अभिभावकों एवं विद्यार्थियों में जबरदस्त उत्साह है। स्कॉलर परीक्षा कक्षा 8, 9, 10 व 11 और 12 विज्ञान वर्ग में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए आयोजित हो रही है। जिसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि तीन अप्रेल निर्धारित है। आवेदन संस्थान में व्यक्तिगत उपस्थित होकर या संस्थान की वेवसाइट www.acijjn.com के माध्यम से ऑनलाइन कर सकते है। परीक्षा समय सुबह 10 से अपराह्न 11.30 बजे तक रहेगा। इस परीक्षा के माध्यम से लगभग है एक करोड़ रुपए की स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। अब तक इस स्कॉलरशिप के माध्यम से 250 से अधिक मेधावी एवं जरूरतमंद विद्यार्थी लाभान्वित हो चुके है।

## ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर बौद्धिक दिव्यांग व मूक बधिर बच्चों के साथ कई गतिविधियां आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** विकासात्मक दिव्यांगता ऑटिज़्म जागरूकता दिवस पर स्वयंसेवी संस्था आशा का झरना द्वारा बौद्धिक दिव्यांग व मूक बधिर बच्चों के साथ कई गतिविधियां आयोजित की गई। सूचना केन्द्र झुंझुनू में ऑटिज़्म जागरूकता रैली को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्यधारा में शामिल करने का आह्वान किया। साथ ही उनकी प्रतिभाओं को समान अवसर एवं उचित मंच प्रदान करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। आशा का झरना नवलगढ़ स्थित समावेशी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में सेमीनार के माध्यम से समन्वयक गायत्री शर्मा व लेक्चरर अवनीश यादव ने ऑटिज़्म की पहचान, निदान व सुधार की विकासात्मक गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। प्रशिक्षु विशेष शिक्षकों व दिव्यांग बच्चों ने चित्रकला के माध्यम से समुदाय को ऑटिस्टिक बच्चों के प्रति अधिक संवेदनशील होने का संदेश दिया। संस्था निदेशक डॉ. सुदीप गोयल ने बताया कि वर्तमान में ऑटिज़्म एक चुनौती बनकर उभर रहा है। भारत में लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार 70 बच्चों में एक को ये डिसऑर्डर होने की संभावना है। जिसमें बच्चे सामाजिक परिवेश से कटे कटे रहते हैं। स्पर्श और ध्वनि के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। उनकी भाषा का विकास भी नहीं होता। किसी वस्तु या खिलौने के प्रति अत्यधिक लगाव तथा बार बार एक बात को दोहराना भी इसके लक्षण है। निरंतर प्रशिक्षण के माध्यम से इन बच्चों के व्यवहार और वाणी में सुधार लाया जा सकता है। हर साल 2 अप्रैल को विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस मनाया जाता है। अगर आप ऑटिज्म शब्द को लेकर उलझन में हैं, तो यहां आपको बता दें कि ये एक तरह की बीमारी होती है। इसमें बच्चे के दिमाग का ठीक तरह से विकास नहीं हो पाता। ऐसे में हर साल 2 अप्रैल के दिन ऐसे बच्चों का जीवन बेहतर करने के लिए और उनमें सुधार लाने के लिए कई कदम उठाए जाते हैं। इसलिए हर साल इस दिन विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस मनाया जाता है।

## विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस मनाया



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** पी एम श्री जवाहर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुचामन सिटी में बुधवार को दिव्यांग जागरूकता के लिए और तरह तरह की भ्रांतियों की जागरूकता के लिए विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस मनाया गया। पीएम श्री जवाहर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुचामन सिटी में संदर्भ व्यक्ति दयाराम ने ऑटिज्म के बारे में विस्तृत जानकारी दी। दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम 2016 के अंतर्गत निशक्तता के प्रकार में स्वलीनता को विकलांगता का दर्जा दिया गया, जिसमें व्यक्ति किसी कार्य पर ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, आंखे मिलाकर बात नहीं कर पाना, गुमसुम रहना आदि लक्षण पाए जाते है। प्रधानाचार्य मंजू चौधरी ने कहा कि ऑटिज्म ग्रसित बच्चों की समस्या तो होती है जागरूकता नहीं होने की वजह से छोटी सी बात को भी बड़ी बीमारी समझ लेते है। हमें जागरूक रहने और दिव्यांग जन की छड़ी का काम कर सकते है। प्राचार्य भंवरलाल बुरड़क ने ऑटिज्म बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार से रहने की बात कही। सुरज्ञान चौधरी विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों के साथ उपप्राचार्या कमला रुलानिया, उपप्राचार्या सुमन कुमावत, शारीरिक शिक्षक रामस्वरूप चौधरी, व्याख्याता हाकिम अली, प्रशासनिक अधिकारी संदीप जोशी, देवेंद्र सोनी, उमा सारस्वत, सुषमा राजावत, हंसा चौहान, डॉ. ईश्वर बेड़ा, मुकेश स्वामी, राजेश मुहाल आदि उपस्थित रहे।

## रामनवमी पर भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकलेगी

**झुंझुनूं।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 40वां श्रीराम जन्मोत्सव 6 अप्रेल रविवार पर भगवान मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम की विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक पार्षद विजय कुमार सैनी ने बताया कि शोभा यात्रा रामलीला मैदान, चूणा चौक, झुंझुनू से सायं 3.15 बजे से प्रारंभ होकर छावनी बाजार, जोशियों का गट्टा, कपड़ा बाजार, चबूतरा चौक, शहीदान चौक होते हुए गांधी चौक में रात्रि को विसर्जित होगी। उन्होंने सभी सनात्तनी धर्मप्रेमियों से निवेदन किया है कि अपने-अपने घरों में दीप प्रज्जवलित करें एवं घर की छतों पर भगवा ध्वज भी लहराएं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में शहर की अनेक संस्थाओं व समाजों की सुंदर झांकिया, बंजारा नृत्य, कच्छी घोड़ी व अखाड़ा व्यायाम शाला, रामगढ़ शेखावाटी की चंग पार्टी एवं डीजे द्वारा अनेक सुंदर कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस बैठक में कार्यक्रम संयोजक पार्षद विजय कुमार सैनी, समिति के समिति के अध्यक्ष मोहनलाल पुरोहित, भंवरलाल चौधरी, वासुदेव बसावतिया, राधाकिशन माथुर, राधेश्याम सैनी, गोपीराम पुरोहित, दयाराम सोनी, सुनिल मोरवाल, विनय मोरवाल, जयराज जांगिड़, एडवोकेट नीरज शर्मा, एडवोकेट अविनाश शर्मा, सुनिल पुरोहित, देवेंद्र छक्कड़, पवन हलकारा, अमित पांडे, भंवरलाल योगी, मुकेश दाधीच, पूनम पुरोहित, पार्षद विनोद जांगिड़, अविनाश पुरोहित एवं विशाल पुरोहित आदि समिति के सदस्य मौजूद थे। शोभा यात्रा निकालने की समस्त तैयारियां पूर्ण की जा रही है।

## जिला कलेक्टर ने पौधरोपण कर मिनी सचिवालय को एनर्जी एफिसिएंट बिल्डिंग बनाने के नवाचार का किया शुभारम्भ



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** जिला कलक्टर के निर्देशन में जिला प्रशासन के मिनी सचिवालय को ग्रीन बिल्डिंग अवधारणा के तहत एनर्जी एफिसिएंट बिल्डिंग बनाने के अभिनव नवाचार के तहत आज सीएसआर के सहयोग से मियावाकी पद्धति से भवन में पौधे लगाने के कार्य का शुभारंभ जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अगुवाई में हुआ।

जिला कलक्टर ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा आज अर्णिमा सोशल वेलफेयर सोसायटी के सहयोग एवं चैम्बर ऑफ कॉमर्स अलवर के सीएसआर सहयोग के तहत आज 400 पौधे लगाकर मिनी सचिवालय के भवन को एनर्जी एफिसिएंट बिल्डिंग बनाने के नवाचार कार्य का शुभारंभ हुआ। उन्होंने बताया कि इस नवाचार के तहत वन विभाग के तकनीकी सहयोग से मिनी सचिवालय परिसर में खाली पेचेज में सीएसआर के माध्यम से मियावाकी पद्धति से सघन पौधारोपण किया जाएगा, जिससे मिनी सचिवालय का स्वरूप ग्रीन इमारत के रूप में उभरेगा। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सीएसआर एवं कर्मचारियों के सहयोग से मिनी सचिवालय भवन में गैलरी आदि स्थानों पर गमलो में पौधे लगाए गए है। इस अवसर पर एडीएम शहर बीना महावर, उप वन संरक्षक अलवर राजेंद्र हुड्डा, अलवर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, यशवंत मीणा, सुधीर माथुर, क्षितिज माथुर, सतीश मोदी , नवीन सेन, अशोक पाठक, पं. नाथूराम शास्त्री, रोहित सिंह, आशीष गुप्ता, नवीन कुमार, आशीष रावत, मचरण शर्मा, राजेंद्र सिंह भाटी, भीम सिंह, नेतराम, राकेश वर्मा, अशीमा माथुर, माया गुप्ता, राजदीप शर्मा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थिति रहे।

## बंधे के बालाजी में हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियां परवान पर, बड़ी संख्या में पहुंचेंगे प्रवासी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** चूरू बाईपास स्थित श्री बंधे का बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियों जोरों पर चल रही है। कार्यक्रम में ना केवल देश, बल्कि विदेशों से भी हनुमान भक्त प्रवासियों के आने की जानकारी मिल रही है। मंदिर ट्रस्ट के प्रवासी ट्रस्टी विनोद कुमार लाठ ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर बाबा के दरबार में धोक लगाने तथा मंदिर में चल रहे निर्माण का अवलोकन करने प्रवासियों में बड़ा उत्साह बना हुआ है। इस बार अमेरिका, आस्ट्रेलिया, दुबई, नेपाल समेत देशभर के बड़े शहरों प्रवास कर रहे बाबा के भक्त जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि विशेष रूप से काठमांडू प्रवासी राजकुमार गाडिया, हेमंत गाडिया, अमेरिका से संजय पुरिया, मुंबई प्रवासी सुशील रामस्वरूप गाडिया, विनोद कुमार गाडिया, अशोक गाडिया, विश्वंभर गाडिया, कमल मंडावावाले, सुरेश सिंगड़ोदिया, पवन केडिया, लक्ष्मीकांत लाठ, अशोक तुलस्यान, दीनबंधु जालान, अवस्थी फैमिली, सुरेका फैमिली, दिनेश टेलर, रवि गाडिया, बिंदू लाठ, किरण अग्रवाल, अजय गाडिया, दीपक गाडिया, आलोक गाडिया, सुरेश सौंथलिया, रविंद्र पाडिया, अंजनी गाडिया, नंदकिशोर अग्रवाल, सुरेंद्र गाडिया, देवेंद्र जालान, सूरत प्रवासी महेंद्र गाडिया, मधु केडिया, राजेंद्र गाडिया, मुरली बरोलिया, राजकुमार सर्राफ, आशीष गाडिया, प्रदीप अग्रवाल सांगानेरिया, प्रेमप्रकाश माखरिया, प्रदीप गाडिया, संतोष सर्राफ, रामाकांत गाडिया, संजय गाडिया, कोलकाता प्रवासी संजय गाडिया, लक्ष्मीनारायण चितलांगिया, दिल्ली प्रवासी सुरेश डालमिया, प्रदीप डालमिया, मनोज अग्रवाल, अश्विनी बंका, जगमोहन गुप्ता, मुरारीलाल गाडिया, रांची प्रवासी महेश अग्रवाल, पूना से बनवारीलाल बजाज, सामली से देवेंद्र, धनबाद से विनोद, फरीदाबाद से रविंद्र, बुरहानपुर से रतन गाडिया, जयपुर से सुधीर गाडिया, राजकुमार गाडिया, रमेश जगनानी आदि भक्तजन झुंझुनूं पहुंचेंगे।

## ज्योतिबा फुले व डॉ. अम्बेडकर जयंती पर रैली को लेकर हुई चर्चा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** जिले के मंडावा के समीप ग्राम टोडरवास में महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें 14 अप्रेल को भारत रत्न डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर साहेब की जयंती व महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती पर नगरपालिका चौक मंडावा से लेकर अंबेडकर भवन तक डीजे द्वारा विशाल रैली निकाली जाने को लेकर चर्चा हुई। साथ ही अम्बेडकर भवन में जयंती मनाने पर भी विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर सभी लोगों को निमंत्रण दिया गया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग रैली में पधारे एवं रैली को सफल बनाएं। सरपंच मुकेश झाझड़िया ने सभी का माल्यार्पण पहनाकर स्वागत किया। सभी गणमान्य लोगों ने निर्णय लिया कि 14 अप्रैल से पहले हर गांव में मीटिंग करके लोगों को जागरूक करेंगे। जिसमें पधारे बहादुरवास सरपंच बृजेश सेवदा, हनुमानपुरा सरपंच प्रतिनिधि विकास सेवदा, तेतरा सरपंच प्रतिनिधि मनोज घोटड़, सज्जन चूड़ी, जगदीश महरिया, अजय नूआं, परमेश्वरलाल, हरदयाल काला, राजेंद्र प्रसाद आर्य, अशोक किरोड़िया, रामकरण सिंह, ओमप्रकाश, रामचंद्र, अमरचंद, कमलेश, नरेंद्र कड़हायला, नथमल चोपड़ा, सीताराम, भागूराम, श्रवण, कालूराम, रोहित, सचिन, हरिराम नलवा, विजय, अजय, अनिल, पिंकेश, राकेश, बाबूलाल, रामप्रसाद, विजेंद्र नागर, रामकरणसिंह, नेमीचंद, सुनिल, नरोत्तम किलानिया, हरिओम, डूंगरमल मौजूद थे।

# न्यूज ब्रीफ

## उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजना में 30 अप्रैल तक करे आवेदन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 में राजस्थान राज्य के मूल निवासियों के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनाओं एसटी, एससी, एमबीसी, ओबीसी, एबीसी, डीटीएंटी, मिरासी एवं मिश्ती में ऑनलाइन आवेदन करने कि अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है 7 ऑनलाईन आवेदन बेव पोर्टल www.sjmsnew.rajasthan.gov.in/scholarship अथवा एसएसओ पोर्टल पर स्कॉलरशिप एसजेई एप अथवा मोबाईल ऐप एसजेईडी एप्लीकेशन के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये जाएंगे।

## मुख्यमंत्री अनुप्रति कॉचिंग योजना में 12 अप्रैल तक करें आवेदन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** मुख्यमंत्री अनुप्रति कॉचिंग योजनान्तर्गत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षाओं एवं सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उत्कृष्ट ढंग से कराने एवं समान अवसर प्रदान करने के लिए विभागों द्वारा ऑनलाईन पोर्टल पर सूचीबद्ध कोचिंग संस्थानों में नि:शुल्क कोचिंग करने हेतु इच्छुअभ्यर्थियों से वर्ष 2024-25 के लिए ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है। सभी पात्र व्यक्ती व अभ्यर्थी मुख्यमंत्री अनुप्रति कॉचिंग योजनान्तर्गत आवेदन करने के लिए एसएसओ पोर्टल पर CM Anupriti coaching icon पर क्लिक कर 12 अप्रैल तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

## दुर्घटना दावाधिकरण के तीन प्रकरणों में 49 लाख 41 हजार 93 रूपये का अवार्ड पारित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** न्यायालय मोटरयान दावाधिकरण क्रम संख्या दो राजगढ़ की पीठासीन अधिकारी विद्वान न्यायाधीश लतिका दीपक पाराशर ने याचिका संख्या 35/20 में प्राथिगण के पक्ष में 15 लाख 58 हजार 1 सौ 58 रूपये का क्लेम पारित किया। राजगढ़ शहर के युवा विद्वान अधिवक्ता मनोज पचार ने बताया कि प्रकरण के अनुसार 7 नवंबर 2019 को संजय कुमार निवासी मीठड़ी पटा ददरेवा के उपर से पिकअप का टायर निकलने से मृत्यु हो गई थी जिसकी रिपोर्ट हत्या मानकर करवाई गई थी लेकिन बाद में अनुसंधान पुलिस ने मामला दुर्घटना का मानकर न्यायालय मे चलान पेश किया जिस पर मृतक की पत्नी, पुत्र गण व माता पिता ने क्लेम याचिका पेश की। याचिका संख्या 42/20 मे प्राथी गण क़े पक्ष में 16 लाख 33 हजार रूपये का अवार्ड पारित किया। तथा याचिका संख्या 43/20 मे प्रार्थी गण के पक्ष में 17 लाख उनचास हजार नो सौ 35 रूपये का अवार्ड पारित किया। दोनों प्रकरणों के अनुसार मृतक दीपक कुमार व अनुज कुमार अपने साथी विकास निवासीगण के साथ मोटर साइकल पर हिसार जा रहे थे 1 मार्च 2019 को रात्रि के 8 बजे लसेड़ी टोल नाका से पहले एनएच पर एक ट्रक सडक पर बिना पार्किंग की जगह पर खड़ा था जिसमें बाइक पीछे से टकरा गई जिसमें दीपक पर अनुज की मृत्यु हो गई जिन जिनके अविवाहित होने पर माता-पिता ने क्लेम याचिका पेश की। प्रार्थी गण की पैरवी तीनों प्रकरणों में युवा सेवाभावी विद्वान अधिवक्ता मनोज पचार ने की।

## कार्मिक बीमा व जीपीएफ पासबुक अपलोड करें

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** जिले के ऐसे राज्य कार्मिक जो 31 मार्च 2027 तक सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। उनके जीपीएफ एवं बीमा के खातों को अपडेट किया जाना हैं। सहायक निदेशक राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्यरत ऐसे सभी कार्मिकों की जीपीएफ एवं बीमा की पासबुक तीन दिवस में आवश्यक रूप से एसआईपीएफ पोर्टल पर अपलोड कराएं। ताकि कार्मिकों के जीपीएफ एवं बीमा के खाते अपडेट किया जाकर समय पर पूर्ण भुगतान की कार्रवाई की जा सके।

## जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जिले में होगा जलग्रहण यात्रा का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** जल संरक्षण एवं जल संचय के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग द्वारा जलग्रहण यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत भारत सरकार द्वारा सुसज्जित विशेष रथ के द्वारा चार अप्रेल को पंचायत समिति मंडावा के ग्राम शेशू, पांच अप्रेल को पंचायत समिति चिड़ावा के ग्राम धतरवाला एवं छह अप्रेल को पंचायत समिति बुहाना के ग्राम बुहाना में जलग्रहण यात्रा का आयोजन किया जाएगा। वाटरशैड सेल के परियोजना प्रबंधक एसई महेंद्रसिंह सूरा ने बताया कि यह यात्रा लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के साथ ही उन्हें इस मुहिम से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगी। इस दौरान ग्रामवासियों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं राजीविका के स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से श्रमदान, जल एवं भू संरक्षण शपथ, प्रभात फेरी, पौधारोपण, कलश यात्रा, जलग्रहण पंचायत, भूमि पूजन, लोकार्पण, निबंध प्रतियोगिता एवं कृषि विभाग द्वारा प्रदर्शनी व स्टॉल जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही जल संरक्षण व जल संचय पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई जाएगी।

## छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए आवेदन आमंत्रित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजना यथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, आर्थिक पिछड़ा वर्ग, विमुक्त, घुमंतु एवं अर्धघुमंतु समुदाय-मिरासी एवं भिश्ती समुदाय तथा मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना में जिले की राजकीय निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं एवं राज्य के बाहर संचालित राष्ट्रीय राजकीय स्तर की शिक्षण संस्थाओं के पाठयक्रमों में प्रवेशित-अध्ययनरत कक्षा 11 व 12 के अतिरिक्त शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों द्वारा वेब पोर्टल अथवा एसएसओ पोर्टल पर स्कॉलरशिप एसजेई एप अथवा मोबाइल एप एसजेईडी एप्लीकेशन के माध्यम से शैक्षणिक सत्रा 2024-25 के लिए आनलाइन पेपरलेस छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भरने के लिए विभाग द्वारा तिथियां निर्धारित की गई है। विभाग के उप निदेशक डॉ. पवन पूनियां ने बताया कि शिक्षण संस्थाओं के छात्रवृत्ति पोर्टल पर पंजीयन-नवीनीकरण, कोर्स मैपिंग, मान्यता एवं पाठ्यक्रमवार फीस स्ट्रक्चर आदि अद्यतन करने के लिए अंतिम तिथि 21 अप्रेल तथा उतर मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए विद्यार्थियों के द्वारा पेपरलेस आनलाइन ओवदन पत्र पंजीकरण कर आनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए अंतिम तिथि-पोर्टल बंद करने की तिथि 30 अप्रेल निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में विभाग द्वारा आक्षेप पूर्ति का एक ही अवसर दिया गया है। इसलिए आवेदन करने से पूर्व छात्र-छात्रा अपने परिवार के जनआधार कार्ड में अपना समस्त विवरण यथा जनआधार में परिवार की कुल वार्षिक आय, विद्यार्थी का स्वयं का बैंक खाता संख्या एवं आईएफएससी कोड, विद्यार्थी के स्वयं के मूल निवास एवं जाति प्रमाण पत्र का जनआधार में अपडेशन करवाया जाना सुनिश्चित करें एवं आवेदन के साथ समस्त दस्तावेज आरिजिनल एवं क्लियर स्कैन कर अपलोड करने के पश्चात ही आवेदन सबमिट करें। यदि आनलाइन आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार की कमी पाई जाती है तो आवेदन पत्र रिजेक्ट होने के कारण छात्र-छात्रा छात्रवृत्ति के लाभ से वंचित रह जाएंगे।

# देसूरी वन्यजीव अभ्यारण्य में पहाड़ी पर आग बुझी



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** देसूरी वन्यजीव अभ्यारण्य की पहाड़ियों में पिछले तीन दिनों से भीषण आग लगी हुई थी जिसे बुझा दिया गया। आग के बुझने पर वनविभाग समेत आमजन ने राहत की सांस ली मगर मंगलवार रात फिर से देसूरी वन्यजीव अभ्यारण में आग का तांडव शुरू हुआ। यह आग चार सौ हेक्टेयर में तांडव मचा रही है जिससे जंगल में रहने वाले कई वन्यजीवों की जान पर खतरा मंडरा रहा है। यह आग कस्बे के नाल घाट से जुड़े अधिकतम ऊंचाई वाले पहाड़ों पर लगी है, जिसे दूर से ही ग्रामीण स्पष्ट रूप से देख सकते हैं। हालांकि, वन विभाग के अधिकारी

**■ फिर दूसरी पहाड़ी पर आग का तांडव, वन्यजीवों पर मंडराया खतरा**

और कर्मचारी आग बुझाने में जुटे हुए हैं, लेकिन पहाड़ी के दुर्गम इलाकों में आग तक पहुंच पाना बेहद मुश्किल हो रहा है। इस कारण वन विभाग के सामने यह आग बुझाना एक बड़ी चुनौती बन गया है। आग को काबू में करने के लिए वन विभाग लगातार प्रयासरत है। टीम का मुख्य लक्ष्य आग के फैलाव को रोकना है क्योंकि जिस स्थान पर आग लगी हुई है, वहां तक इंसानों का पहुंचना लगभग असंभव है। ऐसे में टीम आग के नजदीकी क्षेत्रों में फैलाव को रोकने की रणनीति पर काम कर रही है। वन विभाग और स्थानीय प्रशासन आग बुझाने के अन्य विकल्पों पर भी विचार कर रहे हैं, ताकि जंगल और उसमें रहने वाले जीव-जंतुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## पार्किंग में खड़ी गाड़ी जलकर खाक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** आशापुरा माता के दर्शन करने गए बिकानेर जिला नोह गढ़ जेतपुर गांव के यात्री दर्शन करने माताजी मंदिर को, दूर से आने के कारण पार्किंग में गाड़ी खड़ी कर ड्राइवर जब्बार खान अंदर सोया हुआ था। अचानक आग लग गई, पास खड़े वाहन चालक दौड़ कर ड्राइवर को बाहर निकाला एवं जलती गाड़ी से जरूरती सामान, कागजात बचाने के चक्कर में ड्राइवर के हाथ का हिस्सा जल गया। सूचना मिलते ही आशापुरा माता के ट्रस्टगण पहुंच कर आग को बुझाते-बुझाते पूरी गाड़ी जल गई, फिर पुलिस नाडोल चौकी प्रभारी जाकिर अली सैयद, बीट आफिसर भेरूसिंह को सूचना दी। घायल को चिकित्सालय पहुंचाया जहां ड्राइवर का प्राथमिक उपचार किया गया। मौके पर आशापुरा माताजी ट्रस्ट व्यवस्थापक लालसिंह शक्तावत, एम्बुलेंस चालक नरसिंह राव, योगेन्द्र सिंह, रमेश सेन सहित लोगों ने आग पर काबू पाने कि कोशिश की परंतु गाड़ी को नहीं बचा पाए। ईश्वर सबके साथ है यात्रियों के मंदिर में जाने के बाद लगी गाड़ी में आग, नहीं तो यात्री नहीं बचते, ये है माताजी का चमत्कार है।



# सांड के टकराने से मेहंदी कारोबारी की मौत

## कोर्ट ने सोजत नगर पालिका को माना जिम्मेदार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली के सेशन कोर्ट ने सोजत सिटी में मेहंदी कारोबारी की मौत के मामले में महत्वपूर्ण आदेश दिया है। अपर एवं सेशन न्यायाधीश दिनेश कुमार गढ़वाल ने हादसे के लिए सोजत नगर पालिका ईओ, सभापति और स्वायत्त शासन विभाग को जिम्मेदार ठहराया है। मामले में कोर्ट ने नगर पालिका सोजत पर 44 लाख 10 हजार 480 रुपए का भारी हर्जाना लगाया है। कोर्ट ने आदेश दिया कि मृतक के आश्रितों को क्षतिपूर्ति के रूप में यह हर्जाना राशि दी जाए। मामले में पीड़ित पक्ष की ओर से एडवोकेट गजेंद्र दवे ने पैरवी करते हुए इस घटना के लिए नगर पालिका प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया। अभियोजन के अनुसार, 21 मई, 2015 को सोजत सिटी में मेहंदी के व्यापारी नरेंद्र टांक उर्फ गुड्डा(45) दिन में बाइक लेकर घर की ओर जा रहे थे। सड़क पर दो मवेशी लड़ रहे थे, जिनकी चपेट में बाइक सवार नरेंद्र टांक आ गए। सांड के सींग से सिर में गंभीर चोट लगने से नरेंद्र टांक गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्होंने उपचार के दौरान उसी दिन दम



तोड़ दिया। घटना के बाद पत्नी ज्योति टांक, पुत्र कुणाल व बेटी भूमिका की ओर से पुलिस में नगर पालिका ईओ, अध्यक्ष, स्वायत्त शासन विभाग व राज्य सरकार के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था। जवाब में नगर पालिका ने कहा- शहर में बेसहारा गोवंश नहीं कोर्ट में सुनवाई के दौरान सोजत नगर पालिका के तत्कालीन अध्यक्ष एवं अधिशाषी अभियंता की ओर से जवाब पेश किया गया, जिसमें दावा किया कि सोजत नगर पालिका क्षेत्र में बेसहारा पशु, गाय अथवा सांड है ही नहीं। नरेंद्र की मौत किस तरह से हुई, इसकी जानकारी नहीं है। कोर्ट ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद 29 मार्च को फैसला सुनाते हुए नगर पालिका प्रशासन को इस हादसे में लापरवाही बरतने का दोषी मानते हुए आदेश जारी किया। मवेशी झगड़ते हुए बाइक से टकराए थे पुलिस ने जांच कर 30 जून, 2015 को जांच नतीजा कोर्ट में पेश किया। जांच में पाया कि गाय और सांड सड़क पर भटक रहे थे। दो सांड आपस में लड़ते हुए मृतक नरेन्द्र कुमार की बाइक से टकरा गए, जिससे नरेन्द्र कुमार के सिर पर गंभीर चोटें आई और दोनों लंग्स में गंभीर चोट से मौत हो गई। जांच में सामने आया कि नगर पालिका के उपेक्षापूर्ण कार्य के चलते बेसहारा पशु मुख्य सड़क पर उत्पात मचा रहे थे। इसके कारण ही मेहंदी कारोबारी नरेन्द्र की मौत हो गई थी।

## सेवाड़ी : शिक्षक जल भागीरथ योजना का शुभारंभ

**बाली।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की उपशाखा बाली ने सेवाड़ी में शिक्षक जल भागीरथ योजना की शुरुआत की। योजना के संयोजक सुरेंद्र सिंह राणावत ने इस बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पाली के संयुक्त निदेशक चंद्रेश पाल सिंह ने की। इस मौके पर शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह राठौड़ विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सेवाड़ी के पंचायत शिक्षा अधिकारी गोपाल पारीक और कविता गहलोत भी शामिल हुए। समाजसेवी मोहनलाल और जिला प्रतिनिधि दिलीप सिंह भी मौजूद रहे। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा के अध्यक्ष मूलचंद गर्ग ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उपसभा अध्यक्ष महेंद्र सरेल, विक्रम चौधरी, पुखराज गर्ग और जय रूप चंद्र गर्ग भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का मंच संचालन उप जिला शिक्षा अधिकारी (शारीरिक) बलवीर सिंह राणावत ने किया।




# जवाई जल पाइपलाइन बना खतरा

## उथली खुदाई और घटिया सामग्री से बढ़ा हादसों का खतरा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** कस्बे में जवाई जल परियोजना के तहत डाली जा रही पेयजल पाइपलाइन संवेदक की लापरवाही के चलते ग्रामीणों के लिए जी का जंजाल बन गई है। सड़क पर मात्र दो फीट की खुदाई कर पाइपलाइन बिछाई जा रही है, जिससे पाइपलाइन बाहर नजर आ रही है। इससे न केवल जल आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका है, बल्कि सड़क पर हादसों का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पाइपलाइन को ढकने के लिए घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे सड़क की सतह कमजोर हो गई है। यही नहीं, मीणों के मोहल्ले





में हीराराम कालूराम मीणा के घर के पास तिराहे पर पाइपलाइन पूरी तरह खुली पड़ी हुई है। इससे वहां से गुजरने वाले दुपहिया वाहन चालक आए दिन गिरकर घायल हो रहे हैं। ग्राम पंचायत प्रशासक केसाराम भील को जब इस समस्या की जानकारी मिली तो उन्होंने बाली के संबंधित अधिकारियों को सूचित किया। हालांकि, अधिकारियों ने केवल आश्वासन देकर मामला निपटा दिया, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। गांव की मुख्य सड़क पर पड़ी यह खुली पाइपलाइन किसी बड़े हादसे को न्योता दे रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल इस समस्या का समाधान करने की मांग की है ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके और सुरक्षित जल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

## जीत मिले ना मिले हर खेल में सीख जरूर मिलती : मेवाड़ा

**सुमेरपुर।** एनएच 62 के समीप डिंगाई गांव के श्री देवनारायण क्रिकेट ग्राउंड में मंगलवार से ग्रामीण क्रिकेट एसोसिएशन जीपीएल सीजन-2 पांच दिवसीय ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व प्रधान हरिशंकर मेवाड़ा एवं महादेवा ग्रुप के मुकेश बारोलिया के सानिध्य में किया गया। आयोजकों द्वारा अतिथियों का माला व साफा पहनाकर बहुमान किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधान मेवाड़ा ने कहा कि आज क्रिकेट के प्रति लोगों में काफी अच्छा जुनून देखने को मिल रहा हैं। खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। जीत हार खेल के दो पहलू होते हैं। खेल में कभी जीत तो कभी हार होती रहती है। खेल में हमें हार जीत की चिंता किए बगैर मैदान में उतरना चाहिए। कोई जरूरी नहीं कि हर बार जीत मिले, पर हर मैच में सीख जरूर मिलती है। और यह सीख जीवन के हर दौर में काम आती हैं। उन्होंने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए नियमित खेलते रहें। बारोलिया ने खिलाड़ियों को कहा कि खेल आपसी भाईचारे और सौहार्द को बढ़ावा देते हैं। खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने की प्रेरणा दी। इस मौके पर समाजसेवी वेनाराम परमार, कृपाराम चौधरी, भक्ताराम देवासी, प्रमोद बरोलिया, हरिप्रसाद मीणा बाला, रमेश बंजारा एंदला, भंवर सिंह, विष्णु रावल, शैतान सिंह भाटी, समर सिंह उदावत, दिनेश सिंह राजपुरोहित आदि मौजूद रहे।

## डिस्कॉम, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा को निजीकरण के विरुद्ध सौंपा ज्ञापन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** डिस्कॉम फालना विद्युत निगम एवं राज्य सरकार द्वारा निजीकरण के विरुद्ध में राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा राजस्थान सरकार को सहायक अभियंता फालना राजकुमार मीणा के मार्फत ज्ञापन सौंपा। विद्युत श्रमिक संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष सुख सिंह खंगारोत ने बताया कि विद्युत वितरण के क्षेत्र में तीनों डिस्कॉम में वर्तमान में अधिकतर कार्य आउटसोर्स एफ.आर.टी.ठेके व सी.ऐल.आरसी इत्यादि नाम से निजी भागीदारी द्वारा कराए जा रहे हैं। अब एचईएम मॉडल के तहत 33/11 केवी ग्रिड के फीडर सेग्रीगेशन व सोलराइजेशन के नाम पर आउटसोर्स कर निजी हाथों में दिया जा रहा है। जो कि ग्रिड सेफ्टी कोड का सीधा-सीधा उल्लंघन है। ज्ञापन द्वारा निजीकरण को रोकने की मांग की गई है। इस अवसर पर पूरण सिंह भाटी, सुख सिंह खंगारोत, भूपेंद्र सिंह भाटी, घनश्याम अग्रवाल, महेंद्र सिंह मेफावत, कैलाश चंद्र, हर्षवर्धन सिंह शक्तावत, रवि डांगी, बिना गुर्जर, रेनू, चंद्रावती रूपवती, दिव्या आदि संयुक्त संघर्ष समिति के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पाली के युवक ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**पाली।** पाली जिले के मारवाड़ जंक्शन क्षेत्र के गुड़ा दुर्जन गांव के रहने वाले कानाराम सीरवी को विश्व का सबसे लंबा फार्मेसी का प्रतिक चिन्ह बाउल ऑफ हाइजिया का मॉडल बनाने पर एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र दिया गया। पाली के एक 20 साल के युवा ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर कुछ ऐसा किया की पूरी टीम के नाम एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बन गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में क्लब एक्टिविटी के दौरान उसने मन में आइडिया आया कि कुछ ऐसा करें कि हमारे नाम भी कोई रेकार्ड बन सके। फिर उन्होंने अपने दोस्तों का आइडिया दिया कि क्यों न फार्मेसी का प्रतिक चिन्ह बनाए। इसको फिर टीचर से भी एडवाइज ली और उनकी देखरेख में वर्ष 2022 से विश्व का सबसे लंबा फार्मेसी का प्रतिक चिन्ह "बाउल ऑफ हाइजिया का मॉडल यूपी से बनवाना शुरू किया। यह प्रतिक चिन्ह उन्होंने तांबे से बनवाया। जिसकी ऊंचाई 6.4 फीट, वजन 237.8 किलो एवं ग्रेड एक ब्रास का इसमें उपयोग किया। उनका दावा था कि यह फार्मेसी का विश्व का सबसे बड़ा प्रतिक चिन्ह है। एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में इसका नाम दर्ज करवाने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया। 14 मई 2024 को एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में इस दर्ज किया गया और 25 मार्च को उन्हें और उनकी टीम को यह विश्व का सबसे लंबा फार्मेसी का प्रतिक चिन्ह बाउल ऑफ हाइजिया का मॉडल बनाने पर एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र दिया गया। उन्होंने बताया कि उन्हें यह अवॉर्ड टी. जॉन कॉलेज ऑफ फार्मेसी बेंगलूर में दिया गया। कानाराम बताते है कि वे अपनी मैनेजमेंट स्किल्स एवं नेतृत्व क्षमता का परिचय देते हुए अपनी कॉलेज में इंटरनेशनल फूड फेस्ट, स्पोर्ट्स इवेंट, नेशनल कॉन्फ्रेंस, आई कैंप, ब्लड डोनेशन कैंप जैसी गतिविधियों में हमेशा अव्वल रहे। वर्तमान में तृतीय वर्ष बी फार्मा की पढ़ाई कर रहे है।



**▶▶ विश्व का सबसे लम्बा फार्मेसी के प्रतीक चिन्ह का मॉडल बनाया**

## श्री भूरिया बाबा का मेला आज व कल

**बाली।** बाली के निकट हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री भुरीया बाबा मंदिर प्रांगण में दो दिवसीय मेला आज और कल आयोजित होगा। जिसमें आज तीन अप्रैल, गुरुवार को एक शाम श्री भुरिया बाबा के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें हितेश रामावत, कविता पंवार एंड पार्टी सहित हास्य कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। मंच संचालन डा. प्रवीण वैष्णव करेंगे। वहीं विभिन्न चढ़ावे की बोलियां बोली जाएगी। कल चार अप्रैल, शुक्रवार को प्रातः आठ बजे विशाल वरघोड़ा महादेव मंदिर रडावा से रोल्डा भाखर मंदिर प्रांगण तक निकाला जाएगा। उसके बाद महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

**■ आज विशाल भजन संध्या, जाने माने कलाकर देंगे प्रस्तुति**

# ग्राम पंचायत कोट सोलंकिया के गांवों को यथावत रखने की मांग



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** पंचायत समिति देसूरी की ग्राम पंचायत कोट सोलंकिया ग्राम पंचायत के गांवों को यथावत रखने की ग्रामीणों की मांग जोर पकड़ रही है। ग्राम पंचायत कोट सोलंकिया के सेकड़ों ग्रामीणों ने उपखण्ड अधिकारी सिद्धार्थ सान्दू को ज्ञापन देकर बताया कि नयागांव को ग्राम पंचायत कोट सोलंकिया में यथावत रखा जाए। ज्ञापन में बताया कि आगामी 25 मार्च को समस्त ग्रामवासियों द्वारा उपखण्ड अधिकारी के समक्ष पेश होकर नयागांव को परिसीमन न करने तथा ग्राम पंचायत कार्यालय कोट सोलंकिया को यथावत रखने की कार्यवाही को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था। ज्ञापन में बताया कि इस मामले को लेकर विधायक ने भी दूरभाष के जरिए उपखण्ड अधिकारी को अवगत कराया था। ग्रामवासियों ने मांग की है कि कार्यवाही को अनुग्रहित कर समस्त ग्रामवासियों को राहत प्रदान करावे। इस अवसर पर समाजसेवी शंकरलाल मेघवाल, मदनलाल मेघवाल, रामलाल, मोहनलाल, राणाराम, अशोकनाथ, शिवनाथ, सुरेश कुमार, सुरजनाथ, रतनलाल मेघवाल, वोराराम, दुदाराम देवासी, राणाराम, भावाराम देवासी, कन्या बाई, वेनाराम देवासी, पुखराज सोनी, कानाराम, विमला कुमारी, केनाराम देवासी, पोनी देवी, तोलाराम देवासी, छोगाराम मीणा, हिम्मतराम, मोहनलाल, पकाराम समेत कई ग्रामवासी मौजूद रहे।

### रवि-पुष्य नक्षत्र में छह अप्रैल को मनेगी राम नवमी

# नगर में निकलेगी शोभायात्रा, राम जन्मोत्सव मनाएंगे

**घांची समाज, कुमावत समाज निकालेंगे श्रीराम की शोभायात्रा, श्रीराम मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान**

**सुमेरपुर।** गत 30 मार्च से शुरू हुए चैत्र नवरात्र को लेकर नगर सहित उपखंड के माता मंदिरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहें हैं। भक्तों द्वारा रोजाना भजन, कीर्तन व आरती के साथ माताजी की सुबह-शाम उपासना की जा रहीं हैं। वहीं चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर छह अप्रैल रामनवमी का पर्व मनाया जाएगा। इस बार राम नवमी का पर्व विशेष रूप से शुभ रहेगा, क्योंकि यह रवि-पुष्य नक्षत्र के संयोग में आ रहा है। रवि-पुष्य नक्षत्र में आने वाले पर्वों का विशेष महत्व माना जाता है। राम नवमी का पर्व केवल धार्मिक उत्सव नहीं है, बल्कि यह आत्मिक शांति, पारिवारिक सुख और सामाजिक समृद्धि का मार्ग भी प्रशस्त करता है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, इस बार की राम नवमी योग, संयोग और नक्षत्र की विशेष स्थिति के कारण भक्तों को मनोवांछित फल देने वाली सिद्ध होगी। 27 नक्षत्रों में पुष्य नक्षत्र को राजा माना जाता है। पुष्य नक्षत्र के स्वामी शनि और उप स्वामी बृहस्पति हैं। इस साल पुष्य नक्षत्र का अनुक्रम 60 घटी (लगभग 24 घंटे) तक रहेगा यानी पुष्य अहोरात्र नक्षत्र पूरे दिन और रात बना रहेगा यानी अहोरात्र रहेगा। राम नवमी के दिन नवरात्रि जप और पाठ की पूर्णाहुति भी होगी। उपासक और साधक इस दिन दोपहर 12 बजे तक नवरात्रि जप और पाठ की पूर्णाहुति संपन्न करेंगे। दिन और नक्षत्र का यह संयोग इस पर्व को और भी विशेष बना रहा है।



**नगर में निकलेगी शोभायात्रा**

नगर में रामनवमी के दिन विभिन्न समाजों की ओर से कार्यक्रम होंगे। इसमें घांची समाज, कुमावत समाज द्वारा रामजी की शोभायात्रा निकाली जाएगी। शाम को प्रसादी भी होगी। पुराना पाली बस स्टेण्ड स्थित श्रीराम मंदिर पर धार्मिक अनुष्ठान होंगे। मंदिर के लोकेश शर्मा ने बताया कि अष्टमी को यज्ञ होगा व नवमी के दिन सवा 12 बजे श्रीराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। आयोजन की तैयारियों में समाजजन जुटे हुए हैं।

**राम स्तुति और रामाष्टकम का पाठ**

रामनवमी पर भक्ति में वृद्धि के लिए राम स्तुति और रामाष्टकम का पाठ लाभकारी है। परिवार में सुख-शांति और समृद्धि के लिए बालकांड और अयोध्या कांड का नित्य पाठ करना शुभ रहेगा। परिवार की सुरक्षा और संतान सुख के लिए बालकांड का पाठ विशेष रूप से फलदायी है।

**राम मंगला शासनम् से बढ़ती नेतृत्व क्षमता**

ज्योतिषाचार्यों ने बताया कि जब कोई पर्व विशेष योग और नक्षत्र के संयोग में आता है, तो उसका लाभ भक्त विशेष अनुष्ठानों के माध्यम से ले सकते हैं। वाल्मीकि रामायण और रामचरितमानस के छंद, दोहे और चौपाइयों के पाठ से संकट, पीड़ा, व्याधि और अपमृत्यु के दोषों का निवारण संभव है। मानसिक तनाव और चिंता से मुक्ति के लिए राम स्तुति और रामाष्टकम का पाठ किया जा सकता है। राम मंगला शासनम् का पाठ करने से नेतृत्व की क्षमता का विकास होता है।

# अप्रैल से सरकारी स्कूल सुबह 7:30 व अस्पताल आठ बजे से खुलें

**सुमेरपुर।** नया वित्त वर्ष शुरू होने के साथ ही एक अप्रैल से कई सरकारी विभागों और संस्थानों में कार्य समय बदला। गर्मी के मौसम के कारण भी यह बदलाव किया गया। मंगलवार से सरकारी स्कूल सुबह 7:30 बजे से खुलें। उप जिला अस्पताल में ओपीडी का समय सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया। उधर, न्यायालय का समय भी बदलेगा, लेकिन यह बदलाव 15 अप्रैल से होगा। यह बदलाव 30 सितंबर तक लागू रहेगा।

**स्कूल दो पारी वाले शाम 6 बजे तक जारी रहेंगे**

1 अप्रैल से राजकीय स्कूल सुबह 7:30 बजे से खुलें और दोपहर 1 बजे छुट्टी हुई। दो पारी में चलने वाले स्कूलों स्कूल का समय सुबह 7 से शाम 6 बजे तक रहेगा। प्रत्येक पारी 5:30 घंटे की होगी। 31 मार्च तक एक पारी के स्कूल सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चल रहे थे।

**उप जिला अस्पताल का समय 8 से 2 बजे तक**

उप जिला अस्पताल का समय सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया। यह बदलाव 30 सितंबर तक लागू रहेगा। रविवार और अन्य राजकीय अवकाश के दिनों में ओपीडी का समय सुबह 9 से 11 बजे तक रहेगा। 31 मार्च तक ओपीडी का समय सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक था।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

सीवरेज ऑपरेशन विभाग

नं. ई.ई. मैक. (सीव.) सिटी-।।/28/एलजीपी दि. 02.04.2025

**ई-निविदा सूचना**

महापालिका आयुक्त, बृहन्मुंबई महानगर पालिका द्वारा नीचे दिए कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित है।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | ईएमडी | निविदा आईडी | नियत दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | क्लीवलैंड बंदर पंपिंग स्टेशन में ग्रेटींग्स तथा उसके सपोर्ट चैनल्स का प्रतिस्थापन। | रु. 25000/- | 2025-एमसीजीएम-1166636-1 | 09.04.02025 |
| 2 | क्लीवलैंड बंदर पंपिंग स्टेशन में नॉन रिटर्न वॉल्व्स का संधारण एवं ओवरहॉलिंग। | रु. 6000/- | 2025-एमसीजीएम-1166636-1 | 09.04.02025 |

आगामी जानकारी हेतु वेबसाइट http://mahatenders.gov.in/nicgep/app पर लॉग ऑन करें।

हस्ता./-
श्री एम.के. बापट
ई.ई. मैक (सीव) सिटी-।।

PRO/19/ADV/2025-26

बुखार? सही एवं संपूर्ण इलाज हेतु तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।


## खेड़ादेवी मंदिर पर भजन कीर्तन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** नगर सहित उपखंड क्षेत्र में चैत्र नवरात्र के उपलक्ष में माताजी के मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहें हैं। नगर के जाखानगर सहित जाखामाजी व मंगल कलश चौराहा स्थित खेड़ादेवी माताजी मंदिर में भजन कीर्तन जारी हैं। मंगलवार रात्रि खेड़ादेवी मंदिर में शाम की आरती के बाद आस-पास क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्रित हुई। ढ़ोलक की थाप पर भजनों के माध्यम से माताजी की महिमाओं का बखान किया। भजन कीर्तन के बाद प्रसादी का वितरण किया गया। मंदिर पुजारी मुकेश कुमार वैष्णव ने बताया कि महिला भजन मंडली द्वारा हर वर्ष नवरात्र पर नौ दिन तक रात्रि में भजन कीर्तन किए जाते हैं।

## नि :शुल्क जोड़-प्रत्यारोपण व हर्निया के ऑपरेशन 13 व 14 को

**सुमेरपुर।** जवाईबांध रोड़ स्थित भगवान महावीर हॉस्पीटल में गरीब मरीजों के लिए निःशुल्क एवं अन्य मरीजों के लिए अत्यंत ही रियायती दरों पर ऑपरेशन करवाने के लिए मरीजों के पंजीयन प्रारंभ हो चुके है। शिविर का आयोजन 12 व 13 अप्रैल शनिवार-रविवार को किया जाएगा। हॉस्पीटल के प्रशासनिक विभाग ने बताया कि भामाशाह कंचन सुकनराज पारेख परिवार घाणेराव, हाल मुंबई के सौजन्य से जोड़-प्रत्यारोपण चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें गरीब मरीजों के लिए निःशुल्क एवं अन्य मरीजों के लिए रियायती दरों पर घुटने, कुल्हे एवं कंधे के जोड़ों का प्रत्यारोपण ऑपरेशन किए जाएंगे। इसके लिए अस्पताल के नियमित ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डा. संजय अग्रवाल द्वारा पंजीयन किया जा रहा है। इसी प्रकार जनरल सर्जरी विभाग द्वारा दुरबीन (लेप्रोस्कोपी) की सहायता से सभी प्रकार के हर्निया के ऑपरेशन निःशुल्क किए जाएंगे, जिसका पंजीयन अस्पताल के नियमित जनरल सर्जन डा. मेहुत पंचाल एवं डा. ऋषि कुमार सिंगोडिया द्वारा किए जा रहे हैं। निःसंतानता से ग्रसित दम्पति के लिए आई.वी.एफ. विभाग द्वारा निःशुल्क परामर्श शिविर का भी आयोजन किया जाएगा।

# जीत के ट्रैक पर लौटना चाहेगी कोलकाता और हैदराबाद

**नई दिल्ली।** तीन में से दो मैच हार चुकी गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और पिछले साल फाइनल खेलने वाली सनराइजर्स हैदराबाद बृहस्पतिवार को आईपीएल मैच में आमने सामने होंगी तो उनका लक्ष्य जीत की राह पर लौटने का होगा। केकेआर के कप्तान रहाणे ने सत्र के पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू से मिली हार के बाद कहा था कि अभी घबराने की कोई जरूरत नहीं है। तीन मैचों में दो हार के बाद अब टीम का मनोबल थोड़ा गिरा होगा। फोकस एक बार फिर ईडन गार्डंस की पिच पर होगा चूंकि आरसीबी से सात विकेट से मिली हार के बाद इसकी काफी आलोचना हुई है। केकेआर के पूर्व सलामी बल्लेबाज साल्ट और कोहली ने 175 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सिर्फ 51 गेंद में 95 रन की साझेदारी करके आरसीबी को जीत दिलाई थी।

### खिलाड़ी कर रहे दमदार प्रदर्शन

- केकेआर ने जिन चार खिलाड़ियों को नीलामी से पहले रिलीज किया था , उन सभी ने आईपीएल के पहले दस दिन में शानदार प्रदर्शन किया है। इनमें पूर्व कप्तान श्रेयस अय्यर (पंजाब किंग्स), उपकप्तान नीतिश राणा (राजस्थान रॉयल्स), फिल साल्ट (आरसीबी) और तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क (दिल्ली कैपिटल्स) शामिल हैं। स्टार्क के जाने से केकेआर की तेज गेंदबाजी काफी कमजोर हुई है। वहीं स्टार्क ने दिल्ली के लिए सनराइजर्स के खिलाफ 35 रन देकर पांच विकेट लिए। स्टार्क की जगह आए स्पेंसर जॉनसन प्रभावित नहीं कर सके हैं जबकि एनरिच नॉर्किया चोट के कारण बाहर हैं।

### हैदराबाद को चुनौतियों का करना होगा हल

वहीं पहले मैच में छह विकेट पर 286 रन बनाने वाली सनराइजर्स पिछले दो मैचों में 200 रन भी नहीं बना पाई। बेहद आक्रामक बल्लेबाजी की रणनीति नाकाम रही है और पिछले दो मैचों में लखनऊ सुपर जाइंट्स और दिल्ली कैपिटल्स ने उसे हराया। पैट कमिंस की टीम को पिछले आईपीएल फाइनल में मिली हार का बदला चुकता करने के लिए अपने प्रदर्शन में काफी सुधार करना होगा।

**दोनों टीमों के स्क्वॉड**

- सनराइजर्स हैदराबाद : पैट कमिंस (कप्तान), ट्रैविस हेड, ईशान किशन, हेनरिक क्लासेन, अभिषेक शर्मा, सचिन बेबी, मोहम्मद शमी, एडम जाम्पा, अनिकेत वर्मा, अभिनव मनोहर, राहुल चाहर, ईशान मलिंगा, हर्षल पटेल, कामिंडु मेंडिस, वियान मुल्डर, नितीश कुमार रेड्डी, अथर्व तायडे, ब्रायडन कार्स, सिमरजीत सिंह, जयदेव उनादकट, जीशान अंसारी।
- कोलकाता नाइट राइडर्स : अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, क्विंटन डिकॉक, रहमानुल्लाह गुरबाज, अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पावेल, मनीष पांडे, लवनिथ सिसोदिया, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, मोईन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, एनरिच नॉर्किया, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडेय, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और वरुण सकारिया।

### स्पिनर्स का रहेगा बोलबाला




बंगाल क्रिकेट संघ पर दबाव है कि स्पिनरों से भरी केकेआर टीम के अनुकूल पिच बनवाई जाए। केकेआर के पास सुनील नारायण, मोईन अली और वरूण चक्रवर्ती जैसे धुरंधर स्पिनर हैं। पिछले

### स्पिन फ्रेंडली हो सकती है पिच

महीने चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करके आए स्पिनर चक्रवर्ती ने आरसीबी के खिलाफ 10.75 प्रति ओवर की दर से रन दिए। रिपोर्ट की मानें तो ईडन गार्डंस के पिच क्यूरेटर सुजन मुखर्जी ने पहले मैच में स्पिनरों की मददगार पिच बनाने का केकेआर का अनुरोध खारिज कर दिया था और यह फैसला टीम पर भारी पड़ गया। चक्रवर्ती ने उस मैच में 45 रन दिये। मुखर्जी ने अपने फैसले को सही ठहराया लेकिन अब कैब अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली खुद क्यूरेटर के साथ पिच का मुआयना कर रहे हैं जिससे आगामी मैचों में पिच में बदलाव देखा जा सकता है।

# आईपीएल के बीच यशस्वी का अहम फैसला



**नई दिल्ली।** युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के लिए आईपीएल 2025 अभी तक अच्छा नहीं रहा है। राजस्थान के इस बल्लेबाज ने तीन मैचों में 11.33 की औसत से सिर्फ 34 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने एक हैरान करने वाला फैसला लिया है। रिपोर्ट्स की मानें तो जायसवाल ने मुंबई क्रिकेट छोड़ने का फैसला लिया है और वो अब गोवा के लिए खेलते नजर आएंगे। रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल ने मंगलवार को मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को एक ईमेल लिखकर अगले सीजन से अपनी क्रिकेट राज्य टीम को मुंबई से गोवा में बदलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की मांगा की है। क्रिकबज की मानें तो, जायसवाल को एनओसी मिल भी गई और वो भी मेल भेजने के सिर्फ एक घंटे में। जिस गति से पूरी प्रक्रिया हुई, उसने मुंबई और आईपीएल क्रिकेट हलकों में कई लोगों को हैरान कर दिया। रिपोर्ट की मानें तो गोवा क्रिकेट एसोसिएशन (जीसीए) ने उन्हें कप्तानी की पेशकश की है। मुंबई में कई स्टार खिलाड़ियों के रहने के चलते, उन्हें कप्तानी नहीं मिलती। मुंबई टीम का नेतृत्व अजिंक्य रहाणे (लाल गेंद) और श्रेयस अय्यर (सफेद गेंद) कर रहे हैं। गोवा एक पश्चिमी राज्य है लेकिन यह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) क्षेत्रीय प्रणाली में दक्षिण क्षेत्र के अंतर्गत आता है। 23 साल की उम्र में, यह जयसवाल के लिए एक बड़ा कदम है।

## लखनऊ की हार बर्दाश्त नहीं कर पा रहे संजीव गोयनका



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के 13वें मैच में पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपरजायंट्स को आठ विकेट से हरा दिया। लखनऊ को टूर्नामेंट में एक और हार नसीब हुई। मैच में लखनऊ की हर के बाद टीम के मालिक संजीव गोयनका एक बार फिर मैदान पर पहुंचे और इस बार उन्होंने बिल्कुल वैसा ही काम किया जैसे उन्होंने पिछले साल केएल राहुल के साथ किया था। मैदान पर पहुंचकर संजीव गोयनका, ऋषभ पंत के साथ गंभीर बातचीत करते हुए नजर आए और साथ ही टीम के मालिक टीम के सबसे महंगे खिलाड़ी की ओर उंगली करके कुछ बात करते हुए भी नजर आए हैं जिसके बाद फैन्स सोशल मीडिया पर इस बात को लेकर रिएक्ट करते नजर आए। बता दें कि आईपीएल मेगा ऑक्शन में लखनऊ सुपरजायंट्स ने पंत को 27 करोड़ में खरीदकर अपनी टीम में शामिल किया था।

## नसीम शाह ने बल्ले से मचाया गदर, वनडे में रचा इतिहास



**नई दिल्ली।** दूसरे वनडे में न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान को 84 रनों से हार का सामना करना पड़ा लेकिन पाकिस्तान के गेंदबाज नसीम शाह ने एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। इस बार नसीम शाह ने गेंदबाजी से नहीं बल्कि बल्लेबाजी करते हुए रिकॉर्ड बनाया है, जो यकीनन एक अनोखी बात है। बता दें कि इस मैच में 293 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 208 रन ही बना सकी। पाकिस्तान 84 रन लक्ष्य से पीछे रह गई। लेकिन पाकिस्तान की पारी के दौरान नसीम ने नंबर 11 पर बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक जमाया और 51 रन बनाकर आउट हुए। ऐसा कर नसीम शाह वनडे क्रिकेट के इतिहास में नंबर 11 पर सबसे बड़ी पारी खेलने वाले दुनिया के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। वनडे में नंबर 11 बल्लेबाजी क्रम पर सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के ही मोहम्मद आमिर के नाम है। मोहम्मद आमिर ने साल 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे मैच में नंबर 11 पर बैटिंग करते हुए 58 रन की पारी खेली थी। सबसे दिलचस्प बात ये है कि वनडे में नंबर 11 पर सबसे बड़ी पारी खेलने वाले टॉप तीन बल्लेबाज पाकिस्तान से ही हैं। इस मामले में तीसरे नंबर पर शोएब अख्तर हैं जिन्होंने 2003 में इंग्लैंड के खिलाफ नंबर 11 पर बल्लेबाजी करते हुए 43 रन बनाए थे। वनडे में नंबर 11 पर बल्लेबाजी करते हुए सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बैटर 58

- मोहम्मद आमिर (पाक) VS इंग्लैंड, 2016
- 51-नसीम शाह (पाक) VS न्यूजीलैंड, 2025
- 43-शोएब अख्तर (पाक) VS इंग्लैंड, 2003
- 42-मखाया नतिनि (साउथ अफ्रीका) VS न्यूजीलैंड, 2004
- 37-जोएल गार्नर (वेस्टइंडीज) VS न्यूजीलैंड, 2004

**ऐसा रिकॉर्ड बनाने वाले दुनिया के केवल दूसरे खिलाड़ी बने**

## श्रेयस अय्यर का बतौर कप्तान आईपीएल में धमाका, धोनी का महारिकॉर्ड तोड़ मचाई खलबली




**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के 13वें मैच में पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपरजायंट्स को आठ विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही कप्तान श्रेयस अय्यर ने एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। अय्यर ने धोनी के एक रिकॉर्ड को कप्तान के तौर पर धराशायी कर दिया है। अय्यर आईपीएल के इतिहास में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा लगातार मैच जीतने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। ऐसा कर उन्होंने धोनी के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। धोनी ने बतौर कप्तान 2013 आईपीएल सीजन में लगातार सात मैच जीते थे। वहीं अय्यर 2024 और 2025 के आईपीएल सीजन में अबतक लगाकर आठ मैच जीत गए हैं। वहीं, आईपीएल में कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा लगातार मैच जीतने का रिकॉर्ड गौतम गंभीर के नाम है। गंभीर ने 2014-15 आईपीएल सीजन में लगातार 10 मैच जीते थे।

- 10 – गौतम गंभीर (2014-15)
- 8 – शेन वॉर्न (2008)
- 8 – श्रेयस अय्यर (2024-25)
- 7 – एमएस धोनी (2013)

मैच की बात करें तो पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को आठ विकेट से हराकर अपनी दूसरी जीत दर्ज की। इस शानदार जीत में कप्तान श्रेयस अय्यर, नेहल वढेरा और ओपनर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह की जोरदार पारियों ने अहम भूमिका निभाई। प्रभसिमरन सिंह ने विस्फोटक अंदाज में 34 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्कों की मदद से 69 रनों की पारी खेली, जिसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

# मनोरंजन




## अप्रैल में ओटीटी पर धूम मचाएंगी ये सात फिल्में और सीरीज

**नेटफ्लिक्स, प्राइम वीडियो, जियोहॉटस्टार और सोनीलिव पर देंगी दस्तक**

अप्रैल में हिंदी सिनेमा और वेब सीरीज के प्रशंसकों के लिए ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर ढेर सारी नई रिलीज आने वाली हैं। नेटफ्लिक्स, अमेजॉन प्राइम वीडियो, जियोहॉटस्टार और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर रहस्य और रोमांच से लेकर कॉमेडी तक का छौंक लगने वाला है। वैसे भी बॉलीवुड सिनेमाघरों में निराश कर रहा है, लेकिन कुछ ऐसी ही फिल्में ओटीटी पर आएंगी जिन्होंने सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। आइए जानते हैं ओटीटी पर अप्रैल में किस तरह की धूम मचने वाली है।

### 1. लवयापा, जियोहॉटस्टार

- जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म भी ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। इस रोमांटिक कॉमेडी को चार अप्रैल को जियोहॉटस्टार पर देखा जा सकेगा। आधिकारिक तौर पर इसका ऐलान किया जाना बाकी है।

### 2. छोरी 2, अमेजॉन प्राइम वीडियो

- नुसरत भरुचा की फिल्म 'छोरी 2' की डरावनी दुनिया एक बार फिर वापस आ गई है। इस फिल्म को 11 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर देखा जा सकेगा।

### 3. छावा, नेटफ्लिक्स

- विक्की कौशल, विनीत कुमार सिंह, आशुतोष राणा और रश्मिका मंदाना की 'छावा' 11 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो सकती है। हालांकि इसका अभी तक ऐलान नहीं किया गया है।

### 4. ज्वेल थीफ, नेटफ्लिक्स

- सैफ अली खान और जयदीप अहलावत की 'ज्वेल थीफ' चोरी और रोमांच से भरी कहानी है, जो 25 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

### 5. अदृश्यम सीजन 2, सोनीलिव

- अंडरकवर ऑफिसर की इस कहानी को चार अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनीलिव पर रिलीज किया जा रहा है।


### 6. यू: द फाइनल सीजन, नेटफ्लिक्स

- नेटफ्लिक्स की लोकप्रिय वेब सीरीज 'यू का फाइनल सीजन' 24 अप्रैल को रिलीज होगा। ये एक साइको किलर की कहानी है और इसे दुनिया भर में खूब पसंद भी किया गया है।

### 7. द लेजेंड ऑफ हनुमान सीजन 6, जियोहॉटस्टार

- 'द लेजेंड ऑफ हनुमान' का ये छठा सीजन है और इसे दर्शकों का खूब प्यार भी मिलता है। एक बार फिर राम और रावण का युद्ध देखने को मिलेगा। ये सीरीज 11 अप्रैल को रिलीज हो रही है।

## 'साउथ ने हमसे सीखा और हमें ही पछाड़ दिया'



सनी देओल ने अपनी आने वाली एक्शन फिल्म जाट के लिए कमर कस ली है, जो कि 10 अप्रैल को सिनेमा घर में रिलीज होने जा रही है। 90 दशक के दमदार सुपरस्टार रहे सनी देओल ने अपने करियर में घायल (1990), सलाखें (1998), डर (1993) और बॉर्डर (1997) जैसी सुपरहिट फिल्में दे चुके हैं। एक लंबे अरसे से फ्लॉप फिल्मों के चलते सनी देओल एक बुरे दौर से गुज़र रहे थे। जिसके बाद 2023 की उनकी ब्लाक्बस्टर फिल्म 'गदर 2' ने इस फ्लॉप फिल्मों की लिस्ट पर फुल स्टॉप लगाया। आपको बता दें, कि इस फिल्म ने 82 करोड़ के बजट पर 620.05 करोड़ की बंपर कमाई की थी। हाल ही में मशहूर फिल्म क्रिटिक कोमल नहाटा को सनी देओल ने एक इंटरव्यू दिया। इंटरव्यू के दौरान सनी ने अपनी आने वाली फिल्मों की रिलीज के बारे में बात की। उन्होंने बॉलीवुड की वर्तमान स्थिति के बारे में भी चर्चा की, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि साउथ फिल्म्स इंडस्ट्री ने हमारी ही फिल्मों से सीखा और अब उन्होंने ही हमें पीछे छोड़ दिया है। सनी ने बॉलीवुड की आलोचना करते हुए आगे कहा, जिस प्रकार का पैशन हमारी फिल्मों में पहले हुआ करता था, वो अब खोता जा रहा है, जिसकी वजह से हम आज उनकी फिल्मों का रीमेक करते जा रहे हैं। सनी देओल ने यह भी कहा कि आज के समय में उन्हें एक्टर्स, डायरेक्टर्स और निर्माताओं में पहले वाला पैशन नहीं दिखता, जिसकी कमी के चलते बॉलीवुड की फिल्मों का स्तर गिरता जा रहा है और हिट फिल्मों की संख्या भी लगातार कम होती जा रही है।

## जब प्रियंका चोपड़ा ने अभिषेक बच्चन के फोन से रानी को किया था मैसेज



अभिषेक बच्चन और रानी मुखर्जी ने 2000 के दशक की शुरुआत कई फिल्मों में साथ काम किया और उस दौर में पसंद की जाने वाली ऑनस्क्रीन कपल में से एक थे। कपल ने बंटी और बबली, लागा चुनरी में दाग, कभी अलविदा ना कहना और युवा जैसी बेहतरीन फ़िल्में दी हैं। अब प्रियंका चोपड़ा का एक पुराना इंटरव्यू फिर से सामने आया है, जिसमें एक्ट्रेस ने अभिषेक बच्चन के साथ शरारत करने की बात कबूल करती हुई सुनाई दे रही हैं। प्रियंका चोपड़ा और अभिषेक बच्चन ने ब्लफ़मास्टर और दोस्ताना जैसी फ़िल्मों में काम किया है। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्होंने अभिषेक के फ़ोन से रानी को एक मैसेज भेजा था, ताकि वे उससे बदला ले सकें क्योंकि अभिषेक ने पहले भी उनके साथ शरारत की थी। 2006 में सिमी ग्रेवाल के साथ बातचीत में प्रियंका ने कहा, मैंने रानी को एक मैसेज लिखा था, 'मुझे तुम्हारी याद आ रही है, तुम कहां थीं? क्या तुम आना चाहती हो?' जब उनसे पूछा गया कि रानी का रिएक्शन क्या था, तो प्रियंका ने बताया कि उस समय उन्हें इसका पता नहीं चला। वह बस घबरा गई, फोन वैनिटी वैन में ही छोड़ दिया और रितेश देशमुख के साथ चली गई, जो ब्लफ़मास्टर में काम कर रहे थे। हालांकि, प्रियंका ने खुलासा किया कि रानी ने मैसेज का जवाब दिया था, जिसमें कहा गया था, हाय एबी, आपको क्या हो गया है? प्रियंका ने बताया कि अभिषेक ने ही पहले उनसे शरारत की थी। उन्होंने प्रियंका का फोन छीन लिया था, उसे बंद कर दिया था और उस पर बैठ गए थे, ताकि वह प्रियंका को ना मिले। काफी देर तक खोजने के बाद वह मिला। अभिषेक ने उनका फोन वापस कर दिया था।
वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिषेक को आखिरी बार 'आई वांट टू टॉक' और 'बी हैप्पी' में देखा गया था। प्रियंका को आखिरी बार 2023 की फिल्म 'लव अगेन' में देखा गया था। वह हेड्स ऑफ स्टेट, द ब्लफ और सिटाडेल के दूसरे सीजन में नजर आएंगी। साथ ही महेश बाबू के साथ एसएस राजामौली की 'SSMB29' में भी नजर आने वाली हैं।

## रानी की तरह जिंदगी जीती सिकंदर की रश्मिका मंदाना




रश्मिका मंदाना अपनी अदाओं से साउथ इंडियन मूवीज में जादू चलाने के बाद अब बॉलीवुड पर भी छा चुकी हैं। 'एनिमल' और उसके बाद 'सिकंदर' के जरिए रश्मिका मंदाना ने हिंदी भाषी दर्शकों को भी अपना दीवाना बना लिया है। करियर के मामले में देखा जाए तो रश्मिका मंदाना अब तक के सबसे बेहतरीन दौर से गुजर रही हैं। जो साउथ के स्टार्स के काम करने के बाद बॉलीवुड के भी बड़े-बड़े सितारों की फेवरेट एक्ट्रेस बन चुकी हैं। अपनी कामयाबी के साथ रश्मिका मंदाना साउथ इंडियन सिनेमा की हाइएस्ट पेड एक्ट्रेस बन चुकी हैं। जो किसी रानी की तरह जिंदगी जीती हैं। चलिए जानते हैं उनकी नेटवर्थ और उनकी लग्जरी लाइफ के बारे में। रश्मिका मंदाना तेलुगू और कन्नड़ फिल्मों में काफी काम करती हैं। जिसकी वजह से वो बेंगलुरू में ज्यादा वक्त बिताती हैं। इस शहर में उनका आलीशान बंगला है। जिसकी कीमत करीब आठ करोड़ रुपए है। इस बंगले में बेहतरीन वुडन फिनिशिंग करवाई गई है। साथ ही बड़ा सा गार्डन भी है। बेंगलुरु की इस बेशकीमती प्रॉपर्टी के अलावा रश्मिका मंदाना की कुर्ग, हैदराबाद में भी प्रॉपर्टी है। साथ ही गोआ में भी उनका एक बंगला बताया जाता है। जब से रश्मिका मंदाना को हिंदी फिल्मों में काम मिलना शुरू हुआ है, तब से वो मुंबई में भी काफी समय रहती हैं। इसलिए मुंबई में भी उन्होंने एक घर खरीद लिया है। रश्मिका कारों की भी काफी शौकीन हैं। उनके कारकेड में कई लग्जरी कार्स शामिल हैं। जिसमें से एक है रेंज रोवर स्पोर्ट्स इस लग्जरी एसयूवी की कीमत इंडिया में एक करोड़ 84 लाख रुपए है। इसके अलावा रश्मिका मंदाना के पास एक ऑडी क्यू 3 भी है। जो करीब 40 लाख रुपए की कीमत की है। पचास लाख रुपए की मर्सिडीज बेंज भी उनके काफिले का हिस्सा हैं। बता दें कि रश्मिका एक फिल्म की फीस चार से आठ करोड़ रुपए के बीच लेती हैं। उनकी नेटवर्थ 66 करोड़ रुपए बताई जाती है।

मुख्यमंत्री ने ली सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक

# कमजोर वर्ग का सशक्तिकरण राज्य सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

▶▶ अन्त्योदय के संकल्प को साकार करने में सहकारिता महत्वपूर्ण

▶▶ बजट घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए निर्देश

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार के अन्त्योदय के संकल्प को साकार करने में सहकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका है। सहकार से समृद्धि की भावना के साथ समाज के कमजोर वर्ग को सशक्त बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हमारे गांवों को समृद्ध और खुशहाल बनाने के लिए राज्य सरकार प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम सेवा सहकारी समितियों की स्थापना कर रही है। मुख्यमंत्री निवास पर सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों को सशक्त एवं समृद्ध बनाए जाने में सहकार आंदोलन की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस हेतु राज्य सरकार राजस्थान सहकारिता अधिनियम 2001 को वर्तमान परिपेक्ष्य में प्रासंगिक बनाने के लिए नवीन कॉपरेटिव कोड लेकर आएगी। इसके लिए गठित एक समिति ने सहकारी आंदोलन में अग्रणी महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश और केरल जैसे राज्यों का दौरा कर वहां के सहकारी कानूनों का व्यवहारिक अध्ययन भी किया है। शर्मा ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने बजट 2024-25 की अनुपालना में 23 हजार करोड़ रुपए से अधिक का ब्याज मुक्त अल्पकालीन फसली ऋण वितरित किया है। इससे राज्य के 35 लाख से अधिक किसान लाभान्वित हुए हैं। बजट 2025-26 में भी 25 हजार करोड़ रुपए के ऋण वितरण की घोषणा की गई है।





## मुख्यमंत्री शर्मा से मिले राहुल नार्वेकर

▪ **जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने मुलाकात की। शर्मा से यह उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष को दुपट्टा ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान दोनों के बीच विधायी प्रक्रियाओं, सुशासन और राज्यों के मध्य आपसी सहयोग सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

### बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन

शर्मा ने सहकारिता विभाग से संबंधित बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को इनका समयबद्ध रूप से प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सहकारी संस्थाओं के भंडारण की क्षमता में वृद्धि करने के लिए 150 ग्राम सेवा सहकारी समितियों में 100 से 500 मेट्रिक टन क्षमता के गोदामों का निर्माण कराया जा रहा है। इन गोदामों में कृषि उत्पादों का योजनाबद्ध ढंग से भंडारण सुनिश्चित हो, ताकि इनका अधिकतम उपयोग लिया जा सके।

### गोपालक क्रेडिट कार्ड

▪ राज्य के 1 लाख गोपालक परिवारों को गोपाल क्रेडिट कार्ड के तहत 1 लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। बजट 2025-26 में इन परिवारों की संख्या बढ़ाकर 2 लाख 50 हजार कर दी गई है। इस बजट में पीएम किसान सम्मान निधि के तहत दी जाने वाली राशि को भी बढ़ाकर आगामी वर्ष से 9 हजार प्रतिवर्ष करने की घोषणा की गई है।

### किसान क्रेडिट कार्ड

▪ मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पर्याप्त प्रचार-प्रसार कर किसानों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जाए। पात्र किसानों को सहकारी बैंकों के द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसानों और ग्रामीणों के अधिक से अधिक बचत खाते सहकारी बैंकों में खुलें।

### सहकार से समृद्धि की परिकल्पना

▪ समीक्षा बैठक में सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती मंजू राजपाल ने विभाग की उपलब्धियों और योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की सहकार से समृद्धि की परिकल्पना को साकार करने में राजस्थान देश के अग्रणी राज्यों में है। इस परिकल्पना के तहत 54 पहलें प्रारंभ की गई हैं।

# अफीम पार्टी करने वाले दो कांस्टेबल सस्पेंड

▶▶ 11 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर, मचा हड़कंप



**जोधपुर।** राजस्थान के जोधपुर रेंज आईजी विकास कुमार की साइक्लोनर टीम जहां अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों की कमर तोड़ने में जुटे हैं, वहीं महकमे के कुछ पुलिसकर्मी उनकी इस मुहिम को पलीता लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं। जबकि सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद से पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में जोधपुर ग्रामीण पुलिस के कापरड़ा थाने में तैनात 3 पुलिसकर्मी दिखाई देते हैं। वीडियो में तीनों पुलिसकर्मी राजस्थान का सबसे बड़ा अवैध मादक पदार्थों का तस्कर और एक लाख इनामी माफिया हनुमान राम विश्नोई के साथ अफीम पार्टी करते हुए दिख रहे हैं। तीनों पुलिसकर्मी ड्रग माफिया से अफीम पानी के लिए गुहार लगाते दिखाई दे रहे हैं। जोधपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राम मूर्ति जोशी ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो की पुष्टि होने के बाद कांस्टेबल पंचराम और संजय सिंह को निलंबित किया गया है। इसके अलावा, ग्रामीण पुलिस थाने बिलाड़ा कापरड़ा के 11 पुलिस कांस्टेबल की भूमिका बजरी माफिया के साथ-साथ गांठ की सामने आई है। इन्हें लाइन हाजिर किया गया है। वीडियो में एक बुजुर्ग अफीम की थैली खोलते हुए भी दिखाई दे रहा है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर लोग पुलिस की माफिया को संरक्षण देने का आरोप लगा रहे हैं। अफसोस की बात यह है कि इन पुलिसकर्मियों की वजह से IG विकास कुमार और ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी का अवैध तस्करों के खिलाफ मुहिम भी फेल हो सकता है। बता दें कि जोधपुर के कापरड़ा थाने का रिकॉर्ड माफिया को संरक्षण देने के मामले में बहुत खराब है। इस पहले भी बजरी माफिया को संरक्षण देने और आम ग्रामीणों को धमकाने को लेकर पहले भी पुलिस अधीक्षक द्वारा तीन पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई भी की गई थी।

## संप्रेषण गृह से 10 बच्चे फरार

सीसीटीवी में घटना कैद

**धौलपुर।** धौलपुर जिले के सदर थाना क्षेत्र स्थित बाल संप्रेषण गृह से 10 बाल अपचारी फरार हो गए। सभी बाल अपचारी छत पर लगी लोहे की जली को तोड़कर फरार हुए। बाल अपचारियों के भागने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना के बाद से ही पुलिस की टीम बाल अपचारियों को डिटेन करने के लिए नाकाबंदी कर रही हैं। मामला के अनुसार सदर थाना क्षेत्र में बड़ी रोड स्थित बाल संप्रेषण गृह में विभिन्न आपराधिक मामलों में डिटेन किए गए। एक दर्जन से अधिक बाल अपचारी मौजूद थे। रात 12-1 बजे के बीच बाल अपचारियों ने छत पर लगे लोहे के जाल को तोड़ दिया।

## देवनानी से मिले महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष



▪ दोनों विधानसभाओं की संसदीय परंपराओं और व्यवस्थाओं पर चर्चा

▪ विधानसभा सदन और राजनीतिक आख्यान संग्रहालय को बताया उत्कृष्ट

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से महाराष्ट्र विधान सभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने बुधवार को विधान सभा में मुलाकात की। देवनानी ने नार्वेकर का पुष्प गुच्छ भेंट कर, दुपट्टा पहना कर अभिनंदन किया। देवनानी ने नार्वेकर को राजस्थान विधानसभा में नवाचारों का एक वर्ष पुस्तक की प्रति भेंट की। देवनानी ने नार्वेकर को हिंदू विजय प्रवर्तक पुस्तक की प्रति और राजस्थान विधानसभा का स्मृति चिह्न भी भेंट किया। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने महाराष्ट्र विधान सभा अध्यक्ष नार्वेकर को विधानसभा का सदन और सदन में की गई ऑनलाइन व्यवस्था के साथ ही राजस्थान विधान सभा स्थित म्यूजियम का अवलोकन कराया।

### राजस्थान विधानसभा सदन का डिजिटलाइजेशन

▪ देवनानी ने बताया कि नेवा प्रोजेक्ट के तहत राजस्थान विधानसभा के सदन को डिजिटल किया गया है साथ ही सदन को नए कलेवर में तैयार कराया गया है। नार्वेकर ने देवनानी का आभार जताते हुए कहा कि सदन को डिजिटल कराया जाना सराहनीय पहल है।

बद्रीनाथ धाम-2025

## पैसे लेकर दर्शन कराने पर होगी एफआईआर दर्ज



▶▶ मजदूरों को बिना सत्यापन धाम भेजने पर रोक

**गोपेश्वर (चमोली)।** चारधाम यात्रा के सफल संचालन को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के साथ ही टैक्सी यूनियन, होटल एसोसिएशन, लोक निर्माण विभाग (पीआईयू) और तीर्थपुरोहित संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि बद्रीनाथ मंदिर के दर्शनों के एवज में यदि श्रद्धालुओं से पैसे लेने का मामला मिला तो संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। डीएम ने बद्रीनाथ धाम में 20 अप्रैल तक सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। जिला सभागार में आयोजित बैठक में बद्रीनाथ होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश मेहता ने कहा कि बद्रीनाथ धाम में प्रतिदिन करीब 35 हजार श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था है, लिहाजा किसी भी पड़ाव पर श्रद्धालुओं को रोका न जाए। पंडा पंचायत संघ के अध्यक्ष प्रवीण ध्यानी ने धाम में व्यवस्थित ट्रैफिक प्लान लागू करने, तीर्थ पुरोहितों के लिए यात्रा शुरू होने से पहले आवास सुविधा देने और बद्रीनाथ में अलकनंदा में भरी गाद को हटाने की मांग उठाई। ब्रह्मकपाल तीर्थसंघ के अध्यक्ष अमित सती ने मास्टर प्लान के तहत ब्रह्मकपाल में सुरक्षा के इंतजाम करने, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष अतुल शाह ने क्षेत्र में लगे ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ने की मांग उठाई। होटल व्यवसायी टीका प्रसाद मैखुरी ने छोटे यात्रा पड़ावों पर साफ-सफाई और शौचालय की व्यवस्था करने, अयोध्या हटवाल ने बद्रीनाथ हाईवे किनारे नाली निर्माण की मांग उठाई। डीएम डॉ. संदीप तिवारी ने लोनिवि पीआईयू के साथ ही अन्य निर्माणदायी संस्थाओं को बिना सत्यापन के किसी भी मजदूर को बद्रीनाथ न भेजने के निर्देश दिए।

## मेवाड़ के 77वें महाराज बने लक्ष्यराज सिंह



▪ उदयपुर में शाही अंदाज में गद्दी तिलक

**उदयपुर।** मेवाड़ पूर्व राज परिवार के सदस्य स्वर्गीय अरविंद सिंह मेवाड़ के निधन के बाद बुधवार को उनके पुत्र डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को पूरे विधि-विधान के साथ कुलगुरुओं ने गद्दी पर बैठाया। सिटी पैलेस में ही मंत्रोच्चार और शंखनाद के बीच यह रस्म सुबह शुरू हुई। इस आयोजन में कुलगुरु समेत कई संत-महात्मा भी पहुंचे। उदयपुर के राजमहल में बुधवार को लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ का गद्दी उत्सव संपन्न हुआ। समारोह में उनके कुलगुरु गोस्वामी वागीश कुमार ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उनका तिलक कर गद्दी पर बिराजमान कराया। समारोह की शुरुआत रॉय आंगन में हुई, जहां हवन-यज्ञ संपन्न किया गया। इससे पहले लक्ष्यराज सिंह के पुत्र हरित राज सिंह ने कुलगुरु को दंडवत प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। जैसे ही लक्ष्यराज सिंह आंगन में आए, उन्होंने भी कुलगुरु से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद विधि-विधान से पूजा अर्चना और यज्ञ हवन के बाद पूर्णाहुति और स्वस्ति वाचन किया गया, जिसमें विद्वान पंडितों ने उन्हें मंगलकामनाएं दीं। गद्दी उत्सव के उपरांत लक्ष्यराज सिंह ने स्वयं अपने हाथों से पंडितों को भोजन परोसा, जो मेवाड़ की परंपरा का अहम हिस्सा है। राजमहल के शंभू निवास में अश्व पूजन के बाद लक्ष्यराज सिंह एकलिंग जी के दर्शन के लिए रवाना हुआ, जहां 4.30 बजे उन्होंने एकलिंग जी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। यह गद्दी उत्सव मेवाड़ राजघराने की परंपराओं का जीवंत उदाहरण रहा, जिसमें श्रद्धा, सम्मान और गौरव की झलक देखने को मिली। मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य स्वर्गीय अरविंद सिंह मेवाड़ के पुत्र लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ का उदयपुर सिटी पैलेस में राज्याभिषेक हुआ। राज्याभिषेक के बाद लक्ष्यराज सिंह आज से मेवाड़ के 77वें महाराज के रूप में जाने जाएंगे।

## श्रीराम मंदिर के शिखर का कलश पूजन

महासचिव सहित ट्रस्ट के पदाधिकारी रहे मौजूद



**अयोध्या।** अयोध्या में बुधवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर का कलश पूजन किया गया। इस मौके पर ट्रस्ट के प्रमुख पदाधिकारी व निर्माण कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर का बुधवार को कलश पूजन किया गया। श्रीरामनवमी मेले की तैयारियों और साज सज्जा के मध्य विधिवत अनुष्ठान के साथ हुए इस कलश पूजन में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र, व्यवस्था प्रभारी गोपाल राव, प्रकल्प प्रमुख जगदीश शंकर आफले सहित एलएंडटी और टाटा कंसल्टेंसी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इसके पहले 24 मार्च को हुई बैठक के बाद मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि जो जिम्मेदारी है, उसे पूर्ण करने के लिए लक्ष्य रखा गया है। लगभग नौ माह शेष रह गया है, जो भी निर्माणाधीन कार्य है वह अंतिम चरण में है। मंदिर का निर्माण (जिसमें शिखर भी सम्मिलित है) पूरी आशा है कि अप्रैल माह में पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सप्त मंदिर के बारे में अनुमान है कि वह भी कार्य पूर्ण हो जाएगा। मूर्ति भी स्थापित हो जाएगी। मिश्र ने कहा कि जिस तरह से कुबेर टीला पर जटायु को स्थापित किया गया है, उसी प्रकार से अंगद टीला पर गिलहरी की एक मूर्ति स्थापित की जाएगी।

ईद पर दरिंदगी

## चार मुस्लिम युवकों ने किया हिंदू महिला से गैंगरेप

▶▶ बहाने से ले गए थे आम के बगीचे में



**मेरठ।** जहां पूरा देश ईद मना रहा था। वहीं, उत्तर प्रदेश के मेरठ में चार मुस्लिम युवकों ने हिंदू महिला से दरिंदगी की। मामला सरधना थाना क्षेत्र के एक गांव का है। पीड़िता का आरोप है कि दो परिचित युवक उसे धोखे से अपने साथ एक आम के बाग में ले गए। वहां उनके दो और साथी मौजूद थे। सभी ने मिलकर वहां उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आगामी कार्रवाई जारी है। पीड़िता के अनुसार, वह आरोपियों में से दो सरताज और सद्दाम को जानती है। सोमवार को ये दोनों उसे किसी बहाने से आम के बाग में ले गए। वहां पहले से ही उनके दो साथी मारूफ और मुशाहिद मौजूद थे। चारों ने मिलकर महिला के साथ जबरदस्ती की। महिला ने खुद को उन दरिंदों के चंगुल से बचाने की कोशिश की। लेकिन चारों ने उससे मारपीट की। हाथ पैर पकड़ उससे दरिंदगी करते रहे। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण वहां पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान सरताज (मेरठ के सरधना निवासी) और सद्दाम, मारूफ व मुशाहिद (तीनों मुजफ्फरनगर निवासी) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, ये सभी युवक ईद के अवसर पर गांव आए थे और इसी दौरान उन्होंने इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया। पीड़िता ने घटना की शिकायत दर्ज कराई।

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषी को 20 साल की सजा

दो लाख रुपए जुर्माना भी लगाया



**अलवर।** अलवर में राजगढ़ थाना क्षेत्र की नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म करने वाले आरोपी युवक को पॉक्सो कोर्ट ने सजा का एलान किया है। कोर्ट ने दोषी को 20 साल का सख्त कारावास और दो लाख रुपए आर्थिक दंड से दंडित किया है। दुष्कर्म का यह मामला 2023 का है और पॉक्सो कोर्ट द्वारा इसका फैसला बुधवार को सुनाया गया है। फैसले में एक लाख रुपए पीड़ित को भी देने का आदेश दिया है। विशिष्ठ लोक अभियोजक पंकज यादव ने बताया कि युवक कमलेश मीणा राजगढ़ से नाबालिग बच्ची को उसके घर से बहला फुसलाकर ले गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म कर डाला। दोषी राजगढ़ का रहने वाला है। राजगढ़ थाना पुलिस ने इस मामले में नाबालिग की मां की रिपोर्ट पर युवक को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने मामला दर्जकर गहन अनुसंधान के बाद प्रकरण न्यायालय चार्ज सहित निस्तारण हेतु पेश कर दी। राजगढ़ थाना पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया था। इस मामले में 16 गवाह कोर्ट में पेश किए गए और 19 दस्तावेजों का सत्यापन कराया गया। उसके बाद कोर्ट ने आरोपी को 20 साल की जेल और दो लाख का आर्थिक दंड से दंडित किया है। यह फैसला पॉक्सो कोर्ट द्वारा सुनाया गया है, जिसमें आरोपी को 20 साल की सख्त सजा का एलान किया गया है।

## डिजिटल म्यूजियम समेत श्याम बाबा के भक्तों को मिलेंगी कई सुविधाएं



**जयपुर।** खाटूश्यामजी के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालु दूर-दूर से आते हैं। उनके सुविधा से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। पर्यटन विभाग, भारत सरकार ने 'स्वदेश दर्शन योजना 2.0' के तहत खाटू नगरी में होने वाले विकास कामों के लिए पहली किस्त दे दी है, जिससे कार्य जल्द से जल्द शुरू किए जा सकें। जिला पर्यटन विभाग की सहायक निदेशक अनु शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार द्वारा स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत सीकर के खाटूश्यामजी मंदिर में होने वाले कामों के लिए 8 करोड़ 78 लाख रुपए की पहली किस्त निकाल दी गई है। इससे खाटू में जल्द ही काम हो जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले चरण में खाटू में इंटरप्रेटेशन सेंटर यानी डिजिटल म्यूजियम, कथा के लिए पंडाल, मेला ग्राउंड का ओएटी साउंड, वेटिंग हॉल, साइट की आंतरिक पथ और बाउंड्री वॉल, 8 जगह पर शेल्टर क्षेत्र, पार्किंग, फूड कोर्ट, कैफेटेरिया, 5 जगह पर टॉयलेट ब्लॉक, 4 पेयजल स्टेशनों का निर्माण, 3 जगहों पर मुख्य प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे. इसके अलावा इलेक्ट्रिकल कार्यों में हाई मास्ट लाइट, स्ट्रीट सोलर लाइट, सीसीटीवी युक्त कंट्रोल रूम व अन्य इलेक्ट्रिकल उपकरण लगाए जाएंगे।

## भारतीय नौसेना का मिशन खबरदार

**नई दिल्ली।** पश्चिमी नौसेना कमान के तहत तैनात भारतीय नौसेना के फ्रंटलाइन फ्रिगेट आईएनएस तरकश ने पश्चिमी हिंद महासागर में एक बड़ी कार्रवाई की है। भारतीय नौसेना ने 2500 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ जब्त किया है। पश्चिमी नौसेना कमान के तहत काम करने वाली भारतीय नौसेना की एक फ्रंटलाइन फ्रिगेट, आईएनएस तरकश ने पश्चिमी हिंद महासागर में 2500 किलोग्राम से अधिक नशीले पदार्थों को जब्त कर लिया है। समुद्री सुरक्षा को देखते हुए पश्चिमी हिंद महासागर में तैनात, आईएनएस तरकश सक्रिय रूप से संयुक्त टास्क फोर्स 150 कमांडो के साथ काम कर रहा है। यह संयुक्त समुद्री बलों का हिस्सा है।

### 2500 किग्रा नशीले पदार्थों समेत तस्करों को दबोचा



### बहुराष्ट्रीय अभियान का भाग

▪ आईएनएस तरकश जनवरी 2025 से पश्चिमी हिंद महासागर में समुद्री सुरक्षा अभियानों के तहत तैनात है। यह जहाज संयुक्त समुद्री बल के तहत संयुक्त कार्य बल 150 का भाग है, जिसका मुख्यालय बहरीन में मौजूद है।

### संदिग्ध जहाज को नियंत्रण में लिया

▪ इसके अलावा 121 किलोग्राम हेरोइन अलग-अलग कार्गो होल्ड्स और डिब्बों में रखा गया था। संदिग्ध DHOW को बाद में INS TARKASH के नियंत्रण में लाकर सघन जांच की जा रही है।

### संदिग्ध जहाजों से पूछताछ मे खुलासा

आसपास के इलाकों में सभी संदिग्ध जहाजों से पूछताछ करने के बाद, आईएनएस तरकश ने इंटरसेप्ट किया। वहां एक संदिग्ध धौ पर सवार हो गया, जो मुंबई में P8I और मैरीटाइम ऑपरेशंस सेंटर के साथ कॉर्डिनेटर के तौर पर काम कर रहा है। विशेषज्ञ बोर्डिंग टीम, मरीन कमांडो के साथ, संदिग्ध पोत पर सवार हुई और खोज की, जिससे अलग-अलग सील पैकेटों की खोज हुई। आगे की खोज और पूछताछ में 2,500 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थों का पता चला है।

'मनी हाइस्ट' और यूट्यूब से सीखी डकैती

## 13 करोड़ का सोना लूटा

▪ छह आरोपी गिरफ्तार

▪ 17 किलो सोना जब्त

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के दावणगेरे न्यामती एसबीआई बैंक शाखा के अधिकारी 28 अक्टूबर 2024 को यह देखकर हैरान रह गए कि उनके एक स्ट्रांग रूम का लॉकर तोड़कर सोना लूट लिया गया है। इतना ही नहीं पुलिस को गुमराह करने के लिए लुटेरों ने सीसीटीवी के डीवीआर को अपने कब्जे में ले लिया और फोरेंसिक जांच में बाधा उत्पन्न करने के लिए क्राइम जगह पर मिर्च पाउडर छिड़क दिया था। कर्नाटक की दावणगेरे पुलिस ने छह माह में इस बैंक केस को सुलझाने में सफलता हासिल की है। साथ ही मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया है और आरोपियों के पास से बैंक से चुराए गए 17.750 किलो सोने के आभूषण जब्त कर लिए गए हैं। जिसकी कीमत करीब 13 करोड़ रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि विजय कुमार और अजय कुमार अपने बहनोई परमानंद के साथ मिलकर कई सालों से न्यामती में मिठाई का कारोबार चला रहे थे, बाकी तीन आरोपी स्थानीय निवासी थे। मास्टरमाइंड विजय कुमार ने छह महीने से अधिक समय तक डकैती की योजना बनाई थी, जिसके लिए उसने 'मनी हाइस्ट' जैसी टीवी सीरीज से प्रेरणा ली थी और यूट्यूब से चोरी की टेक्निक सीखी थी।